

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200
नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित
वर्षः 4 अंकः 10 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 19 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

# ब्रह्मोस मिसाइल भारत की ताकत और आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा प्रमाण : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**समाज जागरण**

धनतेरस के शुभ अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट के कार्यक्रम में देश की रक्षा, तकनीकी आत्मनिर्भरता और उत्तर प्रदेश के विकास पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज का दिन न सिर्फ लखनऊ के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है।

समय के साथ जैसे-जैसे ब्रह्मोस की विश्वसनीयता बढ़ेगी, वैसे-वैसे लखनऊ की पहचान भी और मजबूत होगी

राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा, "मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि उनका आशीर्वाद सभी देशवासियों पर बना रहे।" उन्होंने कहा कि लखनऊ उनके लिए सिर्फ एक संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि



भावनाओं से जुड़ा स्थान है। उन्होंने लखनऊ के तेज विकास पर प्रसन्नता जताई और कहा कि समय के साथ जैसे-जैसे ब्रह्मोस की विश्वसनीयता बढ़ेगी, वैसे-वैसे लखनऊ की पहचान भी और मजबूत होगी।

रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की बढ़ती शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं

रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि देश की बढ़ती शक्ति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, "आज लखनऊ में देश की सबसे आधुनिक मिसाइल का निर्माण हो रहा है। यह कोई साधारण बात नहीं है, यह भारत की सुरक्षा और सामर्थ्य का प्रैक्टिकल प्रूफ है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के सफल प्रयोग ने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को साबित किया, बल्कि देश का आत्मविश्वास भी बढ़ाया

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल के सफल प्रयोग ने न केवल भारत की सैन्य क्षमता को साबित किया, बल्कि देश का आत्मविश्वास भी बढ़ाया। राजनाथ सिंह ने कहा, "ब्रह्मोस ने दिखाया कि जीत अब हमारे लिए आदत बन चुकी है। बड़े शहरों से लेकर छोटे गांव तक, हर कोई अब भारत की इस ताकत को महसूस कर रहा है।"

उत्तर प्रदेश के बदलाव पर रक्षा मंत्री न कहा कि एक समय जब

## *ब्रह्मोस जैसी परियोजनाएं न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत करती हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी गति देती हैं*

राजनाथ सिंह ने कहा कि ब्रह्मोस जैसी परियोजनाएं न केवल देश की सुरक्षा को मजबूत करती हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी गति देती हैं। उन्होंने कहा, "हर मिसाइल सिर्फ हमारी रक्षा नहीं करती, बल्कि रोजगार और विकास के नए अवसर भी पैदा करती है। ब्रह्मोस सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि समाज में नई रोशनी लाने का माध्यम है।"

**ब्रह्मोस जैसी शक्तियां यह विश्वास दिलाती हैं कि 'मेक इन इंडिया' अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि भारत की हकीकत है**

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '2047 तक विकसित भारत' के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र इस विजन को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस जैसी शक्तियां यह विश्वास दिलाती हैं कि 'मेक इन इंडिया' अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि भारत की हकीकत है।

राज्य की पहचान 'गुंडाराज' के रूप में होती थी, निवेशक यहां आने से कतराते थे

उत्तर प्रदेश के बदलाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक समय जब राज्य की पहचान 'गुंडाराज' के रूप में होती थी, निवेशक यहां आने से कतराते थे। लेकिन आज योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चेहरा बदल गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश निवेश, उद्योग और नवाचार का केंद्र बन रहा है।

रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अब भारत को हर स्तर की तकनीक चाहे वह बड़ी हो या छोटी, देश में ही विकसित करनी होगी

रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि अब भारत को हर स्तर की तकनीक चाहे वह बड़ी हो या छोटी, देश में ही विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा, "हमें स्पेयर पार्ट तक के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। बड़ी इंडस्ट्री के साथ छोटी इंडस्ट्री को भी बढ़ाना होगा। यही असली आत्मनिर्भरता है।"

### भारत-मिस्र रिश्तों में बढ़ोतरी, ईवी, रिन्यूएबल एनर्जी और फिनटेक में सहयोग के अवसर खुलेंगे

एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत और मिस्र के बीच रणनीतिक वार्ता इलेक्ट्रिक वाहनों, खाद्य सुरक्षा, रक्षा, टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स में सहयोग की अपार संभावनाओं के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाएगी।

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के वेस्ट एशियन स्टडीज के एसोसिएट प्रोफेसर मुदस्सिर कमर को कोट करते हुए अरब न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दोनों देशों के बीच स्टार्टअप्स, रिन्यूएबल एनर्जी, एआई, फिनटेक, इलेक्ट्रिक वाहन, खाद्य सुरक्षा आदि जैसे उभरते और विशिष्ट क्षेत्रों सहित संबंधों को बेहतर बनाने की अपार संभावनाएं हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेश, ऊर्जा और रक्षा संबंध सहयोग के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेश, ऊर्जा और रक्षा संबंध सहयोग के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।







सूचना

दैनिक समाज जागरण मे दिवाली के शुभ अवसर पर दिवाली विशेषांक प्रकाशित करने जा रहा है। आप सभी से अनरोध है कि समाचार पत्र मे शुभकामना विज्ञापन देकर इस महति प्रयास मे अपना समर्थन दे।







# ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात तय !

## दक्षिण कोरिया बनेगा अमेरिका-चीन ट्रेड वार का नया मंच

दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। इस मौके पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात होने जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि वह अगले कुछ सप्ताह में दक्षिण कोरिया में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की।

**चीन ने सैन्य और वाणिज्यिक उत्पादों में उपयोग होने वाली दुर्लभ मृदा धातुओं पर निर्यात नियंत्रण कड़ा किया है**

चीन ने दुर्लभ मृदा धातुओं (जो विभिन्न सैन्य और वाणिज्यिक उत्पादों के उत्पादन के लिए आवश्यक घटक हैं) पर निर्यात नियंत्रण कड़ा करने का फैसला लिया। इसके बाद से दोनों महाशक्तियों के बीच व्यापार तनाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा, "चीन बातचीत करना चाहता है और हमें चीन से बात करना पसंद है। इसलिए हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं और हम कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं।"

अपनी टैरिफ नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि कोरिया में होने वाली संभावित बैठक से पहले अमेरिका "बहुत मजबूत" स्थिति में है

अपनी टैरिफ नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि कोरिया में होने वाली संभावित बैठक से पहले अमेरिका "बहुत मजबूत" स्थिति में है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया कि क्या शी जिनपिंग के साथ उनकी बैठक से कोई व्यापार समझौता हो सकता है। इस पर ट्रंप ने कहा, "हो सकता है।" उन्होंने कहा, "वे बातचीत करना



चाहते हैं और हम बातचीत कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हम एक ऐसा समझौता करेंगे जो दोनों के लिए अच्छा होगा। मुझे लगता है कि हम कुछ करेंगे।"

**पिछले शुक्रवार को, ट्रंप ने चीन के निर्यात नियंत्रण कदम की निंदा की और शी जिनपिंग के साथ प्रस्तावित बैठक रद्द करने की धमकी दी**

पिछले शुक्रवार को, ट्रंप ने चीन के निर्यात नियंत्रण कदम की निंदा की और शी जिनपिंग के साथ प्रस्तावित बैठक रद्द करने की धमकी दी। उन्होंने 1 नवंबर से चीनी वस्तुओं पर अतिरिक्त 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने और उसी दिन सभी महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर पर निर्यात नियंत्रण लागू करने की योजना की भी घोषणा की। टैरिफ योजना पर बात करते हुए, ट्रंप ने कहा कि अगर वे चाहें तो इसे "बढ़ा" सकते हैं, और चीन नहीं चाहता कि यह टैरिफ लागू हो। राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ का भी ज़िक्र किया और जोर देकर कहा, "हम बस यही चाहते हैं कि हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो

राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण कोरिया, जापान और यूरोपीय संघ का भी ज़िक्र किया और जोर देकर कहा, ह्लहम बस यही चाहते हैं कि हमारे साथ निष्पक्ष व्यवहार हो। लेकिन निष्पक्षता यह है कि सैकड़ों अरबों और यहां तक कि खरबों डॉलर अमेरिका में आ रहे हैं और टैरिफ के कारण हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षित है। अगर टैरिफ नहीं होते, तो हमारी कोई राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं होती। इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है।"

**ट्रंप ने फॉक्स बिजनेस को बताया कि उनकी शी जिनपिंग से कुछ हफ्तों में दक्षिण कोरिया में एक अलग बैठक तय है**

उसी दिन पहले प्रसारित फॉक्स बिजनेस के एक इंटरव्यू में, राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा कि उनकी और शी जिनपिंग की एक "अलग" बैठक "निर्धारित" है। उन्होंने कहा, "हम कुछ हफ्तों में मिलने वाले हैं। दरअसल, हम दक्षिण कोरिया में मिलने वाले हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य लोग भी। लेकिन हमारी एक अलग बैठक निर्धारित है।"

***चीन के खिलाफ टैरिफ योजना पर, राष्ट्रपति ट्रंप का रुख थोड़ा नरम दिखाई दिया***

चीन के खिलाफ टैरिफ योजना पर, राष्ट्रपति ट्रंप का रुख थोड़ा नरम दिखाई दिया। उन्होंने कहा, ह्लयह टिकाऊ नहीं है, लेकिन संख्या यही है। शायद नहींह्व यह टिक सकता है, लेकिन उन्होंने मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर किया। मुझे लगता है कि चीन के साथ हमारा रिश्ता ठीक रहेगा।ह्व

**ट्रंप ने शी की भी प्रशंसा की और कहा, "मैं उनके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं; वह एक बहुत ही मजबूत नेता और अद्भुत इंसान हैं**

ट्रंप ने शी की भी प्रशंसा की और कहा, "मैं उनके साथ बहुत अच्छा व्यवहार करता हूं; वह एक बहुत ही मजबूत नेता और अद्भुत इंसान हैं।" उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को चीन के साथ "निष्पक्ष समझौता" करना होगा और अपने इस आरोप को दोहराया कि चीन ने अमेरिका को "धोखा" दिया है।(इनपुट-आईएएनएस)

# सोनार पट्टी रोड स्थित राजेंद्र ज्वेलर्स में धनतेरस दिवाली छठ के शुभ अवसर पर डायमंड ज्वेलरी एवं सोने- चांदी के आभूषणों पर भारी छूट

## धनतेरस को लेकर किशनगंज शहर के बाजारों में उत्साह का माहौल, जमकर हुई खरीदा-

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

18 अक्टूबर। धनतेरस के पावन अवसर पर शनिवार सुबह से ही बाजारों में उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिसमें सोने-चांदी से लेकर बर्तनों की खरीदारी तक शामिल रही।

**डायमंड ज्वेलरी एवं सोने-चांदी का खासा जोर**

*चमचमाते आभूषणों के लिए विशेष शोरूम राजेंद्र ज्वेलर्स, सोनार पट्टी में विशेष ऑफर दी जा रही है। डायमंड ज्वेलरी के एमआरपी पर 25% की छूट दिए जा रहे हैं साथ ही सोने के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर 20% की छूट एवं चांदी के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर 15% की छूट दी जा रही है।*

धनतेरस के मौके पर सोने-चांदी के आभूषणों के अलावा बर्तनों की दुकानों पर भी लोगों की अच्छी भीड़ देखी गई साथ ही झाड़ू की खरीदारी भी जोरों पर रही। इसके



अलावा, गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा और पूजा सामग्री की भी जमकर खरीदारी हुई। लोगों ने अपने घरों को जगमग करने के लिए दीप और लाइटिंग का भी खूब खरीदारी की।

धनतेरस के मौके पर सुबह से खरीदारी के लिए ग्राहकों की लंबी कतारें दुकानों पर लगी रही। अधिकतर बर्तन व ज्वेलर्स की दुकानों में रौनक रही। सड़क के किनारे लक्ष्मी-



गणेश की मूर्तियां, झाड़ू और मिट्टी के दीयों की दुकानों पर भी दिनभर भीड़ रही। रंग-बिरंगी झालर, इलेक्ट्रानिक मूर्तियां रहे आकर्षण का केंद्र। रोशनी के पर्व के दृष्टिगत घरों को सजाने के लिए रंग-बिरंगी झालरें हर किसी की पहली पसंद रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की और अपने घरों को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# सीजेआई क्या हाइड्रोजन बम फोडेंगे जाने से पहले



भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई आगामी 23 नवंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं लेकिन सरकार उन्हे मानसिक रुप से दबाव में लेने की कोशिश कर रही है, वहीं सीजेआई भी जाने से पहले कोई हाइड्रोजन बम फोडने की कोशिश कर रहे हैं. सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बहुचर्चित प्रेसीडेंशियल रिफ्रेंस के मामले में पीठ को बताया कि 2015 से 2025 तक सभी राज्यपालों द्वारा राष्ट्रपति को भेजे गए कुल संदर्भों की संख्या 381 है, अगर इन सभी को अदालत में लाया गया तो उस पर निर्णय लेने के लिए स्थायी रूप से दो अलग-अलग पीठ बनानी होंगी।

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ कल 17 अक्टूबर को तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्यपाल आन एन रवि द्वारा तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी देने के बजाय उसे राष्ट्रपति के पास भेजने के उनके फैसले को चुनौती दी गई थी। तमिलनाडु की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि गवर्नर ऐसा नहीं कर सकते हैं, वह विधेयक को मंजूरी देने के बजाय उसे राष्ट्रपति के पास नहीं भेज सकते हैं। इस पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने सिंघवी से कहा कि इस याचिका पर निर्णय के लिए राष्ट्रपति के संदर्भ पर आने वाले फैसले तक इंतजार करें।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर संविधान पीठ के फैसले के बाद ही सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा कि चूंकि गवर्नर ने बिल को राष्ट्रपति के पास भेज दिया है, ऐसे में अगर अब अगर राष्ट्रपति कुछ करते हैं, तो क्या होगा? इस पर जस्टिस गवई ने कहा, ह्यअभी तो हमलोग कोई आदेश पारित नहीं करेंगे। आपको राष्ट्रपति के संदर्भ पर फैसले आने तक इंतजार करना होगा। आपको मुश्किल से चार सप्ताह और इंतजार करना होगा। संदर्भ पर 21 नवंबर से पहले निर्णय ले लिया जाएगा.

दरअसल, 21 नवंबर को मौजूदा जस्टिस बीआर गवई का अंतिम कार्यदिवस होगा। वह 23 नवंबर को इस पद से रिटायर हो रहे हैं। इसी का हवाला देते हुए उन्होने सिंघवी से कहा कि आपको थोड़ा इंतजार करना होगा। हालांकि, कितने दिन का इंतजार करना होगा? उस पर खुद ही टाइमलाइन तय कर दी और इशारा किया कि रिटायर होने से पहले ही राष्ट्रपति के संदर्भ मामले पर फैसला सुनाकर विदा होंगे।ये फैसला हाइड्रोजन बम होगा या हमेशा की तरह आधा अधूरा फैसला कहना कठिन है.

, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की बहस के बीच वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी भी कूद पड़े। उन्होंने कहा, आज सवाल यह है कि क्या राज्यपाल एक न्यायाधीश की तरह हर खंड की जाँच कर सकते हैं और कह सकते हैं कि यह सही है और यह गलत है? अगर वे हर धारा और प्रावधान को सही-गलत के चश्मे से देखते हैं तो राज्यपालों को भी यहाँ अदालत में बैठना है इस पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि राज्यपाल आजादी के बाद से ही ऐसा करते आ रहे हैं, यह उनका काम है।

जब बहस और बढ़ने लगी तो मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीच-बचाव में कूद पड़े और उन्होंने फिर कहा, बस 4 हफ्ते और। रुकिए। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति संदर्भ मामले में फैसला आने के बाद इस मामले को लिस्ट करने का आदेश दिया।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति संदर्भ पर 11 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। राष्ट्रपति संदर्भ में पूछा गया था कि क्या एक संवैधानिक अदालत राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा निर्धारित कर सकती है। तमिलनाडु सरकार ने शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में कहा है कि विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ भेजने का राज्यपाल का कृत्य ह्यस्पष्ट रूप से असंवैधानिक, संविधान के अनुच्छेद 163(1) और 200 का उल्लंघन है तथा प्रारम्भ से ही अमान्य है।

याचिका के अनुसार, विधेयक को छह मई 2025 को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। साथ ही मुख्यमंत्री की सलाह भी थी कि इसे मंजूरी दी जाए। हालांकि, 14 जुलाई को राज्यपाल ने यूजीसी विनियम, 2018 के खंड 7.3 के साथ कथित टकराव का हवाला देते हुए विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज दिया, जिस पर राज्य सरकार का कहना है कि यह कदम उनके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र के बाहर है।

**@ राकेश अचल**

# दीपावली - धर्म, संस्कृति और समरसता का संगम

भारतवर्ष पर्वों और त्यौहारों की भूमि है। यहाँ का प्रत्येक पर्व केवल आनंद या उत्सव का अवसर नहीं होता, बल्कि वह जीवन के किसी गूढ़ सत्य, आध्यात्मिक मूल्य या सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सबसे ऊँचा और विशिष्ट है। यह वह पर्व है जो हर भारतीय के हृदय में उजाले, उल्लास और नवसृजन का संकल्प जगाता है। दीपावली, जिसे ह्यदीपों की पंक्तिह्न कहा गया है, केवल घर-आँगन को प्रकाशमान करने का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा के अंधकार को मिटाने का प्रतीक भी है। इसका अर्थ है—अंधकार पर प्रकाश की विजय, बुराई पर अच्छाई का जयघोष और अज्ञान पर ज्ञान का प्रकाश।

दीपावली का पर्व हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या की रात को मनाया जाता है। यह समय जब वर्षा ऋतु का अंत हो चुका होता है और शरद ऋतु की स्वच्छ, उज्ज्वल रात्रियाँ आरंभ होती हैं, तब प्रकृति स्वयं भी दीपावली के उत्सव में सम्मिलित प्रतीत होती है। इस वर्ष दीपावली 20 अक्टूबर 2025 की रात को मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार अमावस्या तिथि दोपहर 3:44 बजे से आरंभ होकर अगले दिन शाम 5:54 बजे तक रहेगी, और प्रदोषकाल यानी सूर्यास्त के बाद का समय 20 अक्टूबर की रात में ही रहेगा। इसलिए इस रात लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व बताया गया है।

भारतीय समाज में दीपावली की तैयारियाँ कई दिनों पहले से प्रारंभ हो जाती हैं। घरों की सफाई, रंगाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, मिठाइयों का निर्माण, और सजावट का उत्साह चारों ओर छा जाता है। यह सब केवल भौतिक स्वच्छता नहीं, बल्कि मानसिक शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसा विश्वास है कि जिस घर में स्वच्छता, अनुशासन और प्रसन्नता का वास होता है, वहाँ माँ लक्ष्मी स्वतः आती हैं। दीपावली की सुबह लोग स्नान-ध्यान के बाद अपने घर और पूजा स्थल को सजाते हैं। पूजा के समय माता लक्ष्मी को लाल या पीले वस्त्रों पर प्रतिष्ठित किया जाता है। चंदन, कुमकुम, हल्दी और पुष्पों से उनका पूजन किया जाता है, और मिठाइयों व फलों का नैवेद्य अर्पित कर आरती उतारी जाती है। साथ ही भगवान गणेश और कुबेर देव की भी आराधना की जाती है, ताकि बुद्धि, धन और समृद्धि तीनों का संतुलन जीवन में बना रहे।

दीपावली के पर्व से जुड़ी अनेक पौराणिक कथाएँ हैं, जो इसकी गहराई और विविधता को दर्शाती हैं। सबसे प्रसिद्ध कथा भगवान राम की है। त्रेता युग में जब श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात अयोध्या लौटे, तो उनके स्वागत में नगरवासियों ने घी के दीप जलाए और सम्पूर्ण अयोध्या को स्वर्ण-ज्योति से आलोकित कर दिया। तभी से दीपावली ह्यअंधकार पर प्रकाश की विजयह्न के रूप में मनाई जाने लगी। एक अन्य कथा के अनुसार इसी दिन माता लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं और उन्होंने भगवान विष्णु को अपना वर चुना था, इसलिए यह दिन ह्यधन और समृद्धि की देवीह्न की पूजा के लिए शुभ माना जाता है।

हिंदू परंपरा के अतिरिक्त जैन धर्म में भी दीपावली का अत्यंत महत्व है। जैन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि इसी दिन भगवान महावीर ने निर्वाण प्राप्त किया था। उनके अनुयायियों ने उस रात अपने गुरु के ज्ञान-प्रकाश की स्मृति में दीप जलाए थे। इस प्रकार दीपावली केवल हिंदू धर्म का नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की बहुरंगी धार्मिक चेतना का उत्सव है। सिख धर्म में भी यह दिन विशेष महत्व रखता है—गुरु हरगोबिंद सिंह जी की कारावास से मुक्ति इसी दिन हुई थी, जिसे ह्यबंदी छोड़ दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है। इस तरह दीपावली संप्रदायों के पार जाकर एक राष्ट्रीय सांस्कृतिक पर्व का स्वरूप ग्रहण कर चुकी है।

दीपावली का पर्व पाँच दिनों तक चलने वाला उत्सव-समूह भी है, जिसमें प्रत्येक दिन की अपनी विशेष पहचान है। धनतेरस से शुरूआत होती है, जब लोग धन के देवता कुबेर और स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि की पूजा करते हैं। अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली मनाई जाती है, जो नरकासुर के वध का स्मरण कराती है। तीसरा दिन मुख्य दीपावली का होता है, जिसमें लक्ष्मी-गणेश की पूजा और दीपदान होता है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा या अन्नकूट पर्व आता है, जब लोग भगवान कृष्ण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पाँचवें दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है, जो भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। इस पंचपर्व परंपरा ने दीपावली को केवल एक रात का उत्सव न रहकर एक सम्पूर्ण सांस्कृतिक पर्व बना दिया है।

दीपावली का एक अन्य पक्ष भी है झ इसका सामाजिक और मानवीय अर्थ। इस दिन लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे से मिलने जाते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं, दीप जलाते हैं और प्रेम तथा सौहार्द का संदेश फैलाते हैं। यह वह अवसर होता है जब परिवार और समाज के बीच की दूरियाँ मिटती हैं। आज के समय में जब शहरी जीवन की व्यस्तता, प्रतिस्पर्धा और एकाकीपन बढ़ता जा रहा है, दीपावली का यह सामाजिक संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भौतिक सम्पन्नता तभी सार्थक है जब उसमें मानवीय संबंधों की ऊष्मा और सामाजिक समरसता भी जुड़ी हो।

दीपावली केवल धार्मिक अनुष्ठान का दिन नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति और जीवन-दर्शन का प्रतीक है। मिट्टी के दीपक जब पंक्तिबद्ध जलते हैं तो वे हमें यह सिखाते हैं कि चाहे अंधकार कितना भी घना हो, एक छोटा-सा दीप भी उसे दूर कर सकता है। यह प्रकाश हमें आत्मावलोकन और आत्मसंयम की प्रेरणा देता है। दीयों की यह उजास हमें स्मरण कराती है कि सच्ची सम्पन्नता वस्तुओं में नहीं, बल्कि मन के उजाले में है।

आज जब तकनीकी जगत ने हमारे जीवन को प्रकाश से भर दिया है, तब भी दीपावली का पारंपरिक दीप सबसे अधिक अर्थपूर्ण है। वह बिजली के प्रकाश से भिन्न है, क्योंकि वह श्रद्धा और आशा का प्रतीक है। हर दीपक जलाने वाला व्यक्ति मानो अपने भीतर कहता है—ह्लअंधकार मिटेगा, बस एक दीप जलाना होगा।ह्व यही दीपावली का सच्चा संदेश है।

दीपावली का यह महान उत्सव हमारे जीवन में न केवल भौतिक समृद्धि, बल्कि आध्यात्मिक जागृति का भी अवसर बनता है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची विजय शक्ति या संपत्ति में नहीं, बल्कि सदाचार, सच्चाई और प्रेम में निहित है। दीपावली का प्रकाश तभी सार्थक है जब वह हमारे आचरण, विचार और व्यवहार को भी आलोकित करे। यही कारण है कि यह पर्व युगों से हमारे जीवन में नई ऊर्जा, नई आशा और नए आरंभ का प्रतीक बना हुआ है।

दीपों की यह श्रृंखला केवल घरों में ही नहीं, बल्कि हमारे मन में भी जलनी चाहिए। क्योंकि जब मन का अंधकार मिटेगा, तभी जीवन में सच्चा प्रकाश फैलेगा। यही दीपावली का सच्चा अर्थ, यही उसका सांस्कृतिक संदेश है—कि हर व्यक्ति अपने भीतर का दीप जलाए और अपने आसपास के अंधकार को दूर करे। यही हमारी भारतीय परंपरा का नितांत मानवीय और सार्वभौमिक संदेश है—तमसो मा ज्योतिर्गमय।



**– महेन्द्र तिवारी**

# अफगानिस्तान से टूटी उम्मीदें, पाकिस्तान की रणनीति उल्टी पड़ी

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के संबंधों में हाल के महीनों में जो तनाव देखने को मिला है, उसने पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र को अस्थिरता की ओर धकेल दिया है। एक समय था जब दोनों देशों के बीच धार्मिक और सामरिक नजदीकियों के कारण गहरी सहानुभूति हुआ करती थी, लेकिन अब हालात इस हद तक बिगड़ गए हैं कि सीमाओं पर गोलाबारी और सैन्य टकराव की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के तीन साल पूरे होने के बाद पाकिस्तान के साथ उसकी विचारधारा आधारित दोस्ती अब एक गंभीर विवाद में बदल गई है, जो भविष्य में पूर्ण युद्ध का रूप भी ले सकती है।

तालिबान जब अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद दोबारा सत्ता में आया, तो पाकिस्तान ने सबसे पहले उसे मान्यता और सहयोग देने का विश्वास जताया। इस्लामाबाद को उम्मीद थी कि तालिबान की स्थायी सरकार उसकी ह्लरणनीतिक गहराईह्व की अवधारणा को मजबूत करेगी और भारत को अफगानिस्तान से बाहर रखेगी। लेकिन वास्तविकता इसके ठीक उलट रही। तालिबान सरकार के गठन के बाद पाकिस्तान को अफगानिस्तान से न केवल सुरक्षा बल्कि वैचारिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा। दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा विवाद ह्यतहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तानह्न यानी टीटीपी को लेकर बढ़ा। पाकिस्तान सालों से इस संगठन पर अफगान सीमा से आतंकी हमलों का आरोप लगाता रहा है, जबकि तालिबान शासन इस आरोप को सिरे से खारिज करता है। अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान की सेना और सरकार अपने अंदरूनी असंतोष को छुपाने के लिए अफगानिस्तान को निशाना बना रही है। वहीं पाकिस्तान दावा करता है कि अफगानिस्तान की जमीन से टीटीपी के उग्रवादी पाकिस्तान में सुरक्षाबलों पर लगातार हमले कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में दर्जनों सुरक्षाकर्मियों की मौत इसी वजह से हुई है। पाकिस्तान ने इस पर प्रतिक्रिया स्वरूप सीमा पार हवाई हमले भी किए, जिससे दोनों देशों के बीच रिश्ते अत्यधिक खराब हो गए। हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि अब दोनों देशों की सीमाओं पर सैनिकों की अतिरिक्त तैनाती कर दी गई है।

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का नेतृत्व हक्कानी नेटवर्क जैसे कठोर तत्वों के हाथ में है, जो पाकिस्तान की नीतियों से असंतुष्ट माने जाते हैं। उनका मानना है कि पाकिस्तान ने वर्षों तक अफगानिस्तान की राजनीति में कठपुतली की भूमिका निभाई और अफगान जनता को अपने हितों के लिए बलिदान बनाया। तालिबान के प्रवक्ताओं ने कई बार यह बयान दिया है कि अब अफगानिस्तान किसी भी अन्य देश का ह्यआदेश मानने वालाह्न राष्ट्र नहीं रहेगा। ये बयान पाकिस्तान की सत्ता और सैन्य नेतृत्व के लिए असहज करने वाले हैं, क्योंकि अतीत में तालिबान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के प्रभाव में काम करता रहा था।दिलचस्प बात यह है कि अफगानिस्तान के तालिबान शासन और भारत के बीच संबंध अब अपेक्षाकृत बेहतर हुए हैं। भारत ने 2022 के बाद धीरे-धीरे काबुल में अपने मिशन को फिर से सक्रिय किया और मानवीय सहायता के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं पर भी काम शुरू किया। तालिबान ने भारत के तकनीकी सहयोग का स्वागत किया और कश्मीर संबंधी किसी भी टिप्पणी से दूरी बनाए रखी। यही बात पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण बनी है। पाकिस्तान को महसूस हो रहा है कि अफगानिस्तान अब भारत के करीब जा रहा है और क्षेत्र में उसकी कूटनीतिक भूमिका कमजोर होती जा रही है।

वैचारिक दृष्टि से भी तालिबान और पाकिस्तान के बीच मतभेद अब खुलकर सामने आ चुके हैं। तालिबान शरीयत शासन के भीतर अफगान राष्ट्रवाद का समर्थन करता है, जबकि पाकिस्तान उसे अपने नियंत्रण में रखना चाहता है। तालिबान के कई वरिष्ठ नेताओं ने खुले तौर पर दावा किया है कि अफगानिस्तान की नीतियां अब इस्लामाबाद नहीं, बल्कि काबुल तय करेगा। इस बीच पाकिस्तान ने सीमा पार अवैध व्यापार, शरणार्थी प्रवाह, और अफगानों के वीजा प्रतिबंध जैसे कदम उठाए हैं। पाकिस्तान के इस रवैये से नाराज होकर तालिबान ने भी अपनी सीमाओं पर पाक नागरिकों की आवाजाही सीमित कर दी है। अफगान जनता में यह धारणा मजबूत हो रही है कि पाकिस्तान ने हमेशा अफगानिस्तान का इस्तेमाल किया, लेकिन विकास में कभी मदद नहीं की। सीमा विवाद भी इस तनाव को और बढ़ा रहा है। दोनों देशों के बीच ड्यूरंड लाइन सदियों से विवाद का विषय रही है। तालिबान सरकार इस सीमा को मान्यता देने से इनकार करती है, जबकि पाकिस्तान इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में स्वीकार करता है। हाल में अफगान बलों द्वारा ड्यूरंड लाइन पर बाड़ तोड़ने की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके बाद गोलाबारी की स्थिति बनी। पाकिस्तान ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि अफगानिस्तान को सीमा उल्लंघन की कीमत चुकानी पड़ेगी, वहीं तालिबान ने कहा कि वह अपनी भूमि की रक्षा के लिए तैयार है।

इन तनावपूर्ण हालातों के बीच आम जनता पर असर गहरा रहा है। दोनों तरफ रहने वाले पश्तून समुदाय के लोग परिवारों से कट गए हैं। व्यापारिक रास्ते बंद हो रहे हैं और आर्थिक संकट और गंभीर होता जा रहा है। पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा है, वहीं अफगानिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध पहले से लगे हैं। इन दोनों देशों के बीच यदि सैन्य संघर्ष खुलकर होता है, तो न केवल दक्षिण एशिया की स्थिरता खतरे में पड़ेगी बल्कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों की रणनीतिक योजनाओं पर भी असर पड़ेगा। भारत की ओर से अब तक इस पूरे विवाद में किसी पक्ष का समर्थन नहीं किया गया है। भारत ने अपने कूटनीतिक वक्तव्यों में केवल क्षेत्रीय शांति और पारस्परिक सम्मान की बात कही है। फिर भी, भारत के लिए यह स्थिति रणनीतिक दृष्टि से फायदेमंद मानी जा रही है। क्योंकि पाकिस्तान की सीमा पर दो मोर्चों के खुलने से उसकी सुरक्षा-नीति पर दबाव बढ़ेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका एक स्थिर शक्ति के रूप में उभरेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की विदेश नीति लंबे समय तक ह्लरणनीतिक संपत्तिह्व की अवधारणा पर आधारित रही, जिसमें तालिबान जैसे समूहों को उपकरण की तरह इस्तेमाल किया गया। लेकिन अब वही संगठन पाकिस्तान के खिलाफ खड़ा हो गया है। तालिबान, जिसे कभी पाकिस्तान ने पाला-पोसा, अब उसकी सीमाओं पर चुनौती बन चुका है। यह उस खेल का नतीजा है जिसमें आतंकवाद और धर्म के सहारे राजनीति करने की कोशिश की गई। वर्तमान समय में तालिबान अपने शासन को अफगान राष्ट्रवाद की भावना से जोड़कर अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने की कोशिश कर रहा है, जबकि पाकिस्तान की छवि घरेलू राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट के कारण कमजोर पड़ी है। नतीजतन, दोनों देशों के संबंध तर्कसंगत संवाद की जगह परस्पर अविश्वास में बदल चुके हैं। अगर यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो यह केवल सीमा-पार संघर्ष नहीं रहेगा बल्कि समूचे दक्षिण एशिया के लिए एक नया संकट बन जाएगा।


**अशोक प्रवृद्ध**

# क्षमता निर्माण – भारत में डेटा केंद्रों से AI सामर्थ्य में होगा सुधार

गूगल का विशाखापत्तनम AI डेटा सेंटर निवेश भारत की डिजिटल क्षमता बढ़ाएगा, रोजगार सृजित करेगा और देश को वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाएगा

अल्फाबेट का विशाखापत्तनम में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का बड़ा केंद्र बनाने का निर्णय भारत के तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर उद्योग को पूरी तरह बदल देने वाला हो सकता है। गूगल की मूल कंपनी द्वारा इस परियोजना में अगले 5 साल के दौरान 15 अरब डॉलर का निवेश करने की बात कही गई है। यह निवेश ऐसे समय में आ रहा है जब अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कारण भारत और अमेरिका के बीच हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। गूगल की यह अमेरिका के बाहर अब तक की सबसे बड़ी परियोजना होगी।

गूगल 12 देशों में डेटा सेंटर स्थापित कर चुकी है। यह निवेश भूराजनीतिक तनावों और संभावित कानूनी जटिलताओं के बावजूद किया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि अल्फाबेट का प्रबंधन यह मानता है कि इसके संभावित लाभ, जोखिम से कहीं अधिक हैं। कानूनी मसलों के बावजूद अल्फाबेट भारत को एक प्रमुख बाजार मानता है। भारत ऐंड्रॉयड फोन का एक बड़ा बाजार है और इसके साथ ही दुनिया में सबसे अधिक यूट्यूब उपयोगकर्ता भी भारत में ही हैं। प्रस्तावित केंद्र से 1,88,000 नौकरियां तैयार हो सकती हैं।



अदाणी समूह और भारती एयरटेल गूगल के साथ साझेदारी करके अधोसंरचना विकास करेंगे। इसमें एक नया अंतरराष्ट्रीय सब-सी गेटवे (जहां ऑप्टिकल केबल समुद्र से बाहर आती हैं) स्थापित करने की बात शामिल है। इस परियोजना में क्लाउड और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यानी एआई अधोसंरचना शामिल होंगी जो नवीकरणीय ऊर्जा व्यवस्था से संचालित होंगी और फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क से जुड़ी होंगी। यह आंध्र प्रदेश सरकार की 2029 तक 6 गीगावॉट डेटा सेंटर क्षमता हासिल करने की योजना का हिस्सा है। ये सेंटर भौतिक सुविधाएं हैं जहां ऐसे कंप्यूटिंग और नेटवर्किंग उपकरण रहते हैं जिनका इस्तेमाल डेटा संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए किया जा सकता है। अचल संपत्ति के अलावा इस व्यवस्था के संचालन और चीजों को ठंडा रखने के लिए बहुत अधिक बिजली की आवश्यकता होगी। यही वजह है कि डेटा सेंटर की क्षमताओं को गीगावॉट में आंका जाता है जो बिजली मापने की इकाई है, बजाय कि गीगाबाइट के।

इतना ही नहीं बिजली की 24 घंटे उपलब्धता आवश्यक है वह भी वोल्टेज में उतार चढ़ाव के बिना। यह इंजीनियरिंग की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। राज्य सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जमीन और बिजली सब्सिडी देने की घोषणा की है। वह डेटा सेंटर उद्योग को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों का लाभ उठाने वाले शुरूआती राज्यों में शामिल है। वर्ष2027-28 तक इरादे के मुताबिक एक लाख करोड़ डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भौतिक अधोसंरचना तैयार करने के लिए डिजिटल अधोसंरचना कायम करना जरूरी है।

भारत के पास अन्य लाभ भी हैं। डेटा सस्ता है और भारत दुनिया का सबसे बड़ा डेटा ग्राहक भी है। हमारे यहां बहुत बड़ी डिजिटल आबादी है जिसकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। परंतु भौतिक क्षमता और इकोसिस्टम के साथ विधायी और नियामकीय नीतिगत बदलाव भी अहम हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों को भारत में अपना डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए आकर्षित करने में इनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों को यह विश्वास होना चाहिए कि उनका डेटा भारत में मौजूद सर्वर में पूरी तरह सुरक्षित है। भारत की नीति डेटा स्थानीयकरण पर जोर देती है और वह डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन ऐक्ट तथा संबंधित नियमों के जरिये सुरक्षित है। गूगल की प्रतिबद्धता और इसके पहले माइक्रोसॉफ्ट एवं एमेजॉन जैसी कंपनियों की भागीदारी इस नीति की पुष्टि करती है।

मुंबई, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बेंगलूरु और कोलकाता जैसे शहरों में डेटा सेंटर की क्षमताएं विकसित हो रही हैं क्योंकि कई राज्य निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत की डेटा सेंटर क्षमता 2024 में 1 गीगावॉट पार कर गई जो 2019 की तुलना में 200 फीसदी अधिक है।

रोजगार के अलावा इस बड़ी परियोजना का भारत में मौजूद होना देश के अपने आर्टिफिशल मिशन को गति देने में मददगार होगा। इसके लिए अत्यधिक कंप्यूटिंग क्षमता की जरूरत होती है। खासकर ऐसे विशेष केंद्रों की मांग बढ़ रही है जहां चिप को कस्टमाइज्ड तरीके से डिजाइन किए गए सर्वरों में एकत्रित किया जा सके। विशाखापत्तनम और अन्य ऐसे केंद्रों से लिया सबक भारत को वह क्षमता विकसित करने में मदद करेगा जिसकी उसे जरूरत है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# प्रदेश के सभी उप निबंधक कार्यालयों में तैनात होंगे भूतपूर्व सैनिक और होमगार्ड

## सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु शासन ने जारी किए निर्देश, 40.53 करोड़ का व्यय स्वीकृत

गौतम बुद्ध नगर, 18 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण)। उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश के सभी 380 उप निबंधक कार्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। शासन ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब प्रत्येक उप निबंधक कार्यालय में सुरक्षा गार्ड के रूप में भूतपूर्व सैनिकों और होमगार्डों की तैनाती की जाएगी, जिससे अभिलेखों, संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों एवं कार्यालय परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रवेन्द्र जायसवाल ने बताया कि शासन द्वारा इस व्यवस्था के लिए कुल 40.53 करोड़ का वार्षिक व्यय स्वीकृत किया गया है। मुख्य सचिव अमित गुप्ता द्वारा महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को संबोधित पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के 380 कार्यालयों की सुरक्षा हेतु 315



भूतपूर्व सैनिकों एवं 789 होमगार्डों की तैनाती की जाएगी।

शासनादेश के अनुसार, यह तैनाती उत्तर प्रदेश भूतपूर्व सैनिक निगम लिमिटेड तथा होमगार्ड विभाग के माध्यम से की जाएगी। भुगतान संबंधित दरों पर किया जाएगा। महानिरीक्षक निबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुसार तैनाती सुनिश्चित करें और त्वरित कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजें।

शासन ने यह भी कहा है कि जो कार्यालय निजी परिसरों या किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं, वहाँ भी सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। इस व्यवस्था से अभिलेखों, कंप्यूटर प्रणाली और मूल्यवान उपकरणों की सुरक्षा मजबूत होगी। इसके अतिरिक्त, प्रदेश के 269 कार्यालयों में 789 होमगार्डों की नियुक्ति के लिए लगभग 3.37 करोड़ की धनराशि निर्धारित की गई है।

शासन का उद्देश्य निबंधन विभाग के सभी उप कार्यालयों में पारदर्शी और सुरक्षित कार्य वातावरण तैयार करना है। बढ़ते डिजिटलीकरण और संपत्ति पंजीकरण के कार्यभार को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का मजबूत होना समय की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया है कि आवंटित बजट का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी सहायक आयुक्त स्टांप द्वितीय, गौतम बुद्ध नगर, ब्रिजेश कुमार द्वारा दी गई।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान-2025 (तृतीय चरण) के तहत कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी

## कृषकों को संचारी रोगों से बचाव एवं चूहा-छछूँदर नियंत्रण के उपायों की दी जा रही जानकारी

गौतमबुद्धनगर, 18 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान-2025 (तृतीय चरण) के अंतर्गत जिला कृषि विभाग द्वारा किसानों को संचारी रोगों से बचाव एवं नियंत्रण के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक जिले के तीन विकास खण्डों की 82 ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि इस दौरान कृषकों को गोष्ठियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से जानवरों और मनुष्यों में फैलने वाले संचारी रोगों के कारण, बचाव एवं नियंत्रण संबंधी जानकारी दी जा रही है। साथ ही चूहा एवं छछूँदर से होने वाले नुकसान और उनके नियंत्रण के उपाय भी बताए जा रहे हैं।

कृषि विभाग ने बताया कि संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए खेतों एवं आवासीय क्षेत्रों को चूहामुक्त रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि चूहे झाड़ियों, कूड़ों और मूड़ों आदि में अपने स्थायी बिल बनाते हैं। इन स्थानों की नियमित सफाई और निरीक्षण से रोगों के प्रसार को रोका जा सकता है।

कृषकों को चूहा नियंत्रण के लिए निम्न उपाय अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है–

ब्रॉमोडियोलॉन (0.05%) से बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जीवित बिल में रखने से चूहे मर जाते हैं।

एल्यूमिनियम फॉस्फाइड (3झ4 ग्राम) को जीवित बिलों में डालकर बंद करने से उत्पन्न गैस से चूहे नष्ट हो जाते हैं।

जिंक फॉस्फाइड (80%) की 10 ग्राम मात्रा को 10 ग्राम सरसों के तेल एवं 380 ग्राम भुने दाने से तैयार चारे के रूप में रखने से चूहे मर जाते हैं।

विभाग द्वारा किसानों को 6-दिवसीय नियंत्रण योजना अपनाने की सलाह दी गई है– पहला दिनः घरों एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर बिलों को चिन्हित व बंद करें।

दूसरा दिनः खुले बिलों में बिना जहर वाला चारा रखें।

तीसरा दिनः पुनः निरीक्षण कर फिर से बिना जहर वाला चारा रखें।

चौथा दिनः जिंक फॉस्फाइड मिले चारे की लगभग 10 ग्राम मात्रा जीवित बिलों में रखें।

पाँचवाँ दिनः मृत चूहों को एकत्र कर गड्ढे में गाड़ दें।

छठा दिनः सभी बिलों को बंद करें और यदि कोई बिल पुनः खुले तो प्रक्रिया दोहराएं।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे सावधानीपूर्वक चूहा एवं छछूँदर नियंत्रण उपाय अपनाएं और अपने खेतों व आवासीय क्षेत्रों की स्वच्छता बनाए रखें, ताकि संचारी रोगों की रोकथाम प्रभावी रूप से सुनिश्चित हो सके। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

# अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने ग्राम दलेलगढ़ में धान फसल की क्रॉप कटिंग का किया स्थलीय निरीक्षण

## फसल उत्पादकता का लिया जायजा, किसानों से की संवाद कर दी आवश्यक दिशा-निर्देश



गौतम बुद्ध नगर, 18 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण)। जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने शनिवार को तहसील सदर के ग्राम दलेलगढ़ में खरीफ वर्ष 2025झ26 के अंतर्गत धान फसल की क्रॉप कटिंग का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन खेत पर पहुंचे और किसान रवि की भूमि गाटा संख्या 61 पर निर्धारित मानक 10.10.10 त्रिकोण मीटर क्षेत्रफल में धान की कटाई कराई। परीक्षण के उपरांत 08.500 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन ने गांव के किसानों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी अलका चौहान, लेखपाल असीस कुमार, बीमा कंपनी एआईसी के प्रतिनिधि, संबंधित राजस्व निरीक्षक तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर)

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

## कुल 89 शिकायतें दर्ज, 06 का मौके पर ही किया गया निस्तारण



गौतमबुद्धनगर 18 अक्टूबर, 2025 : उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 89 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी मेधा रूपम के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी ने आज तहसील जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की शिकायतें सुनी। इस दौरान 42 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विवेक भदोरिया, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 46 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

इसी क्रम में सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 01 शिकायत दर्ज की गईं, जिसका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सौजन्य से सूचना विभाग गौतमबुद्धनगर।

# नॉएडा सेक्टर-44 स्थित पंजाब नेशनल बैंक में धूमधाम से मनाई गई "दीपावली"

**समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-44 स्थित पंजाब नेशनल बैंक में आज शनिवार को दीपावली पर्व बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बैंक परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों, दीयों और फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो गया।



कार्यक्रम की शुरूआत लक्ष्मी-गणेश पूजा से हुई, जिसमें बैंक के शाखा प्रबंधक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे। पूजा के बाद सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ने कहा कि "दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। यह पर्व हमें सच्चाई, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।"

बैंक कर्मचारियों ने पारंपरिक परिधान में उत्सव में भाग लिया और मिलजुलकर दीप जलाए। इसके अलावा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कर्मचारियों ने दीये जलाकर 'हर घर दीप, हर मन दीप' का संदेश फैलाया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक शशि शंकर साकेत ने कहा कि बैंक में ग्राहको के लिए कुछ बेहतरीन स्कीम चला रहा है। जिसमें सर्वश्रेष्ठ बचत खाता स्कीम एवं सबसे कम ब्याज दर पर कार लोन, हाउसिंग लोन एवं अन्य लोन सुविधा प्राप्त कर सकते है।

दिवाली के इस मौके पर रिशु वर्मा – प्रबन्धक, अल्पना अग्रवाल – प्रबन्धक, आकृति गुप्ता- लिपिक, तरुण कुमार- लिपिक, अनुप्रिया झा लिपिक, रवि शंकर- वरिष्ठ कार्यालय सहायक, बिमला देवी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहें।

# नोएडा हाट सेक्टर–33ए में आयोजित 10 दिवसीय "यू०पी० ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025" का आज हुआ भव्य समापन

## असिस्टेंट कमिश्नर उत्तर प्रदेश राजेन्द्र कुमार ने किया स्टालों का भ्रमण एवं प्रशस्ति पत्र वितरित

**समाज जागरण संवाददाता**

गौतमबुद्धनगर 18 अक्टूबर, 2025ः नोएडा हाट सेक्टर–33ए में आयोजित 10 दिवसीय "यू०पी० ट्रेड शो–स्वदेशी मेला 2025" का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता असिस्टेंट कमिश्नर उत्तर प्रदेश राजेन्द्र कुमार ने की। इस अवसर पर यूपिकॉन कंसल्टेंट पंकज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

असिस्टेंट कमिश्नर उत्तर प्रदेश राजेन्द्र कुमार ने मेले में लगाए गए विभिन्न वन जनपदझवन उत्पाद , हस्तशिल्प, हथकरघा, माटी कला, लकड़ी शिल्प, रेडीमेड वस्त्र, घरेलू उत्पादों एवं स्वयं सहायता समूहों के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिल्पियों, उद्यमियों एवं महिला समूहों से संवाद करते हुए उनके उत्पादों की गुणवत्ता, नवाचार तथा प्रस्तुति की सराहना की।



इस अवसर पर असिस्टेंट कमिश्नर द्वारा सभी प्रतिभागी स्टालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिल्पियों एवं उद्यमियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि "स्वदेशी मेला प्रदेश के कारीगरों की सृजनशीलता, परिश्रम और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में सेतु का कार्य करते हैं।"

मेले के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर ह्यलोकल के लिए वोकल' अभियान को नई गति प्रदान की। लाइव प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं शिल्प कार्यशालाएँ मेले की प्रमुख आकर्षण रहीं।

आयोजित मेले में कुल बिक्री ₹1,53,72,565 की हुई। उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार ने बताया कि यह 10 दिवसीय आयोजन प्रदेश के शिल्पियों एवं उद्यमियों के लिए व्यापारिक अवसरों का सशक्त मंच सिद्ध हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "स्वदेशी मेले की सफलता में सभी की सहभागिता सराहनीय एवं प्रेरणादायक रही।" सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# श्री जी गौ सदन मनाएगा स्थापना के 25 वर्ष, गोवर्धन पूजा और गोपाष्टमी उत्सव की धूम

नोएडा, 17 अक्टूबर 2025 समाज जागरण

नोएडा स्थित श्री जी गौ सदन अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। इस रजत जयंती वर्ष को बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गोवर्धन पूजा और गोपाष्टमी उत्सव के आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।




**गोवर्धन पूजा – 22 अक्टूबर 2025**

गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम 22 अक्टूबर (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम की शुरूआत गौ पूजन और भजन-कीर्तन से होगी, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका श्रीमती राधा शर्मा अपनी भक्ति प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर श्री अक्षय कुमार गर्ग यजमान के रूप में रहेंगे तथा श्री एन.के. अग्रवाल कार्यक्रम के संयोजक होंगे।

पूजा के उपरांत दोपहर 12:00 बजे से अन्नकूट प्रसाद भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**गोपाष्टमी उत्सव – 29 अक्टूबर 2025**

गोपाष्टमी का भव्य उत्सव 29 अक्टूबर (बुधवार) को सुबह 09:00 बजे से प्रारंभ होगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री दिनेश उपाध्याय, अखिल भारतीय गौ रक्षा समिति प्रमुख (विश्व हिंदू परिषद) उपस्थित रहेंगे।

**मुख्य यजमान श्री गौरव वार्ष्णेय होंगे।**

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी –

डॉ. महेश शर्मा (सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री),
श्री पंकज सिंह (विधायक, नोएडा),
श्रीमती विमला बाथम (पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश महिला आयोग),
पूर्व विधायक श्री नवाब सिंह नागर,
तथा श्री कैप्टन विकास गुप्ता (दर्जा प्राप्त मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार)।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री देवेंद्र गंगल करेंगे और संयोजक श्री महेश बाबू गुप्ता रहेंगे।

**प्रेस वार्ता का आयोजन**

कार्यक्रम की जानकारी हेतु आयोजित प्रेस वार्ता में श्री जी गौ सदन के अध्यक्ष सी.ए. विकास अग्रवाल, महासचिव श्री सुशील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष श्री संजय गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्री संजय बाली, डॉ. एम.के. अग्रवाल, डॉ. टी.एन. गोविल, पूर्व अध्यक्ष श्री एन.के. अग्रवाल, श्री टी.एन. चौरसिया, सी.ए. राकेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, श्री तुलसीदास थरेजा, श्री राजीव गोयल, श्री राकेश शर्मा तथा कमांडर विनोद गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

अध्यक्ष सी.ए. विकास अग्रवाल ने पत्रकार बंधुओं से अनुरोध किया कि वे पूर्व की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम की सूचना अधिक से अधिक गौ भक्तों तक पहुँचाने में सहयोग करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी का सहयोग इस रजत जयंती उत्सव को ऐतिहासिक बना देगा।

# सपा नोएडा महानगर ने सेक्टर-72 में नए कार्यालय का किया शुभारंभ

नोएडा, 17 अक्टूबर 2025 समाज जागरणः समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर द्वारा सेक्टर-72 स्थित ए स्क्वायर मॉल में एक नए महानगर कार्यालय का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उत्साहपूर्वक कार्यालय का उद्घाटन किया।

महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने संगठन को और मजबूत करने व आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से इस नए कार्यालय की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि यह कार्यालय कार्यकताओं के लिए सक्रिय केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहां से जनसंपर्क और संगठन विस्तार की रणनीतियाँ तय की जाएँगी।



**हवन-पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से**

फकीर चंद नागर, भरत प्रधान, विकास यादव, रविंदर यादव, सुनील चौधरी, सुधीर भाटी, बबलू चौहान, रामबीर यादव, मुकेश यादव, मोहित यादव, भीष्म यादव, राकेश यादव, सुभाष भाटी, मनोज गोयल, बाबूलाल बंसल, सतवीर गौतम, ओमपाल राणा, नौशाद, बाबा जयवीर, वीरपाल प्रधान, महकार तंवर, अली शेर, तनवीर हुसैन, लोकेश यादव, राघवेंद्र दुबे, रणधीर चौधरी, अनिल पल, साहिल, लोकपाल यादव, रविंदर चौहान, रोहित यादव, मुन्ना आलम, मनोवर खान, गौरव यादव, गौरव कुमार यादव, विनोद प्रधान, विनोद यादव, गुलजार अल्वी, सुरेंद्र वर्मा और रंजन कुमार, योगेश भाटी सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोनी में धूमधाम से मना धनतेरस पर्व, लोगों ने जमकर की खरीदारी

**समाज जागरण संवाददाता**

लोनी, 18 अक्टूबरः सनातन धर्मनुसार 6 दिवसीय दीपावली पर्व की शुरूआत शनिवार को धनतेरस त्योहार के साथ हो गई. धूमधाम से मनाए गए पर्व के दिन क्षेत्रीय नार्गारकों ने बाजारों में जमकर खरीदारी की और शाम को भगवान धन्वंतरी की पूजा-अर्चना विधि विधान से बड़े ही आस्था के साथ करी. इसके बाद 20 अक्तूबर को दिवाली, 22 को अन्नकूट (गोवर्धन), 23 को भैया दूज व 27 अक्टूबर को छठ पूजा पर्व मनाया जाएगा।



परंपरानुसार धनतेरस के दिन शनिवार को लोगो ने धनिया, बीज, और नमक के अलावा अपनी समर्थनुसार सोने-चांदी के अलावा अन्य सामान की खरीदारी करी. तत्पश्चात शाम को धनवंतरी की पूजा-अर्चना बड़े ही आस्था भाव से करने के बाद सभी ने अपने घरों के मुख्य द्वार के दोनों ओर दीपक जलाया. इसके अलावा अनेक आस्थांवानो ने रात को दीपक में तेल डालकर रुई की बत्ती जलाकर एक कौड़ी डालकर, रोली, चावल गुड़ के साथ भोज्य अर्पित कर दीप जलाकर यम की पूजा की।

पं० विनय कुमार शास्त्री (गोवर्धन वाले) के अनुसार धन्वंतरी भगवान विष्णु के अवतार और आरोग्यता के देवता माने जाते हैं. उन्होंने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि समुद्र से प्रकट हुए थे. इसी कारण भगवान विष्णु ने उन्हें कमल और शंख की संज्ञा प्रदान की. मान्यता है कि धनवंतरी का आगमन कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को हुआ. इसी कारण इस तिथि को धन्वंतरि जयंती के रूप में मनाया जाता है. धनतेरस के दिन विधि-विधान से देवी-देवताओं की पूजा करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि आती है. उन्होंने बताया कि भगवान धन्वन्तरि को आयुर्वेद का जनक भी माना गया है, इस दिन उनकी उपासना करने से आरोग्य, निरोगता और मानसिक संतुलन की प्राप्ति होती है. धर्मशास्त्रों के अनुसार, इस दिन दीपदान का विशेष महत्व है. संध्या समय प्रदोषकाल में घर के बाहर दीप जलाने से यम का भय दूर होता है और जीवन में दीघार्यु का वरदान प्राप्त होता है. मान्यता है कि धनिया माता लक्ष्मी का प्रिय अर्पण है, जो अन्न और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि नमक शुद्धता और नकारात्मकता को दूर करने वाला तत्व माना गया है।

# इलाज के लिए अब गुरुग्राम नहीं जाना पड़ेगा, नोएडा में शुरू हुआ मेदांता हॉस्पिटल

नोएडा, 18 अक्टूबर 2025 समाज जागरण संवाददाताः धनतेरस के शुभ अवसर पर नोएडा सेक्टर-50, एफ ब्लॉक में मेदांता हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ. नरेश त्रेहन, सीएमडी मेदांता – द मेडिसिटी, और श्री पंकज सहनी, सीओ, मेदांता हॉस्पिटल सहित 40 से अधिक मीडिया पार्टनर्स मौजूद रहे।

डॉ. त्रेहन ने बताया कि अब नोएडा के लोगों को विश्वस्तरीय इलाज के लिए गुरुग्राम जाने की आवश्यकता नहीं है। 550 बेड क्षमता वाले इस अत्याधुनिक अस्पताल में कार्डियक, न्यूरो, ऑर्थोपेडिक सहित प्रमुख चिकित्सा विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे सेवाएं देगी। अस्पताल में पांच उन्नत ऑपरेशन थिएटर, नवीनतम उपकरण और मिनिमम इनवेसिव सर्जरी तकनीक की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा – "हमारा लक्ष्य है हर जान अनमोल। प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोपरि है। मेदांता नोएडा में वही विश्वस्तरीय इलाज और तकनीक उपलब्ध हैं जो देश-विदेश में हमारे अस्पतालों में दी जाती हैं।"



मेदांता नोएडा में ट्रांसप्लांट यूनिट भी स्थापित की गई है, जिसमें लंग्स ट्रांसप्लांट सहित विभिन्न जटिल सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी।

डॉ. त्रेहन ने युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 25 वर्ष की आयु से नियमित हेल्थ चेकअप कराना आवश्यक है, ताकि गंभीर बीमारियों से समय रहते बचाव किया जा सके।

सीओ पंकज सहनी ने बताया कि मेदांता नोएडा जल्द ही विभिन्न पैनल और बीमा योजनाओं के तहत इलाज की सुविधा शुरू करेगा।

कार्यक्रम के अंत में दीवाली समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉक्टरों, स्टाफ और मेहमानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेदांता हॉस्पिटल, नोएडा अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा का नया मानक स्थापित कर रहा है और यह गुरुग्राम मेदांता का मिरर सेंटर बनकर मरीजों को पास में ही भरोसेमंद इलाज की सुविधा प्रदान करेगा।

# ग्रेटर नोएडा: लेखपाल 50,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया, कार से बरामद हुए 4.5 लाख

**समाज जागरण संवाददाता**

ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेशः किसानों की जमीन के संरक्षण के लिए जिम्मेदार लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने 50,000 रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। इस दौरान उनकी कार से कुल 4.5 लाख नकद भी बरामद किया गया।



जानकारी के अनुसार, यह लेखपाल किसानों की जमीनों के मामलों में अक्सर बाधक बनता था। किसानों के फाइलिंग और सत्यापन के काम में वह झूठे रिपोर्ट दर्ज करवाता और किसानों से अवैध भुगतान वसूल करता था। भ्रष्टाचार रोधी कार्रवाई के दौरान उसे पकड़ने के बाद एंटी करप्शन टीम ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय प्रशासन ने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देते हुए बताया कि ऐसे अधिकारी, जो अपनी जिम्मेदारी का दुरुपयोग कर आम नागरिकों और किसानों को परेशान करते हैं, उनके खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर कड़ा संदेश जाएगा और अन्य कर्मचारियों के लिए चेतावनी भी है।

किसानों और आम लोगों के बीच इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है। प्रशासन ने कहा कि सभी शिकायतों का शीघ्र और पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा, ताकि सरकारी तंत्र पर

# टीएमटी ट्रस्ट लखनऊ ने टांडा कोठी में छात्रों को सम्मानित कर बढ़ाया हौसला

**समाज जागरण**

संभल (असमोली) – शिक्षा को नई दिशा देने और प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टीएमटी ट्रस्ट लखनऊ की ओर से जीशान फातिमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल, टांडा कोठी में शनिवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



इस अवसर पर टीएमटी चैंपियन प्रतियोगिता में टॉप रैंक प्राप्त करने वाले होनहार छात्रों को ट्रस्ट की ओर से शील्ड, मेडल और प्रोत्साहन स्वरूप चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को आगे बढ़ने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

टीएमटी ट्रस्ट लखनऊ ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को प्रोत्साहन देने का जो सराहनीय कदम उठाया है, वह न केवल छात्रों बल्कि अभिभावकों के लिए भी गर्व की बात है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को पहचान देना और उन्हें ऊँचाइयों तक पहुँचाने में सहयोग करना है।

इस मौके पर रिजवान रिजवी (इंचार्ज स्कॉलरशिप, टीएमटी ट्रस्ट लखनऊ), टीएमटी चैंपियंस निहाल जैदी, ऐनुल रजा, मौलाना सैयद ईसार हुसैन नकवी, मौलाना शाहनवाज हैदर, मोहम्मद हैदर, अबू तालिब (डायरेक्टर, जीशान फातिमा मॉडर्न पब्लिक स्कूल), प्रधानाचार्य श्वेता यादव सहित स्कूल के समस्त स्टाफ, अध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

टीएमटी ट्रस्ट की इस पहल की सभी ने जमकर सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ता है।

# एक शाम श्री राम के नाम काव्य एवं गीत संध्या का हुआ भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

चंदौसी। कंपनी बाग चंदौसी में चल रहे स्वदेशी मेला के अंतर्गत एक शाम श्री राम के नाम काव्य एवं गीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रममें भक्ति और काव्य की अविरल धारा प्रवाहित हुई। पूरा परिसर ह्यजय श्रीरामह्ल के उद्घोष से गूंज उठा और वातावरण राममय बन गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुगंधा सिंह जी ब्लॉक प्रमुख, बनिया खेड़ा एवं लता वार्ष्णेय जी नगर पालिका अध्यक्ष, चंदौसी उपस्थित रहीं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अंजू सिंह प्राचार्य रेलवे ट्रेनिंग कॉलेज,उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी एवं भाजपा नगर अध्यक्षअंकुर अग्रवाल एवं विधायक प्रतिनिधि रामपाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

आयोजन गुलशन वार्ष्णेय, जबकि कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कवियत्री डॉ दुर्गा टंडन ने किया। उनके संचालन की शैली ऐसी रही मानो हर शब्द में राम, हर भाव में नाम झ्र मंच पर बहती रही भक्ति की अविरल धारा। उन्होंने अपने काव्य पाठ में कहा

मैं सनातनी हूँ – सनातन की खुशबू बिखराती हूँ,<br>
रामभक्त हूँ – राम नाम रस मधुर गुन गाती हूँ।

कार्यक्रम में विनीत आशना ने कहा

-ये है नया जमाना राम<br>
तुम को है समझाना राम<br>
अब के जब तुम आना राम<br>
सीता को मत लाना ।।

डॉ अंजू सिंह ने पढ़ा -

आस्था का वितान है राधा<br>
राग का तापमान है राधा ।।<br>
प्रेम करने से पहले पढ़ लेना<br>
प्रेम का संविधान है राधा।।

रमेश अधिर जी ने कहा -एक राम के नाम से कटें करोड़ों क्लेश। इसके साधे सब सधें ब्रह्मा,विष्णु,महेश।।

आचार्य रितुपर्ण ने अपने काव्य पाठ किया - स्वागत है श्री राम का ताली बजाइए जी भर के राम पर्व की खुशियां मनाइए। भक्ति काव्य और गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संध्या के समापन पर जब ह्लश्रीराम जय राम जय जय रामह्व के स्वर गूंजे, तो पूरा सभागार राममय हो उठा।

यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक संध्या थी, बल्कि रामभक्ति और स्वदेशी भावना का भव्य संगम भी बना। कार्यक्रम में श्री आशीष शुक्ला जी, लोकेंद्र सिंह जी,श्री नवनीत सिंह जीनियस स्वदेशी उत्पादों के लिए लगाए गए स्टॉल्स की विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में मनोज कठेरिया, अंकुर अग्रवाल,टी एस पाल,पूनम अरोड़ा, प्रजीत लालू, अभिनव शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय,शशिकांत वार्ष्णेय ,अभिषेक गुप्ता, लवित वार्ष्णेय, आकाश वार्ष्णेय ,प्रवीण गुप्ता, तरुण नीरज, बृजबाला वार्ष्णेय, अनु गांधी, मीनू आहूजा योगिता कोहली आदि एवं भजन गायक प्रतिभागी उपस्थिति रहे।

# समिति ने चिकित्सा क्षेत्र के प्रथम जनक भगवान धन्वंतरि का मनाया जन्मोत्सव

**समाज जागरण**

चंदौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में दुनिया भर में चिकित्सा क्षेत्र (आयुर्वेद) के प्रथम जनक भगवान धन्वंतरि का जन्मोत्सव (जयंती) एवं पंच दिवसीय पावन दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर मिट्टी के दिये जलाकर दीपोत्सव कार्यक्रम समारोह पूर्वक सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर रोली चंदन से तिलक कर पूजन किया। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि धनतेरस देवताओं के वैद्य माने जाने वाले श्री धन्वंतरि जी के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। दीपावली के अवसर पर कार्तिक त्रयोदशी धनतेरस को भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है और उनके चित्र या मूर्ति के सामने आरोग्य का वरदान प्राप्त किया जाता है। इसी दिन से पंच दिवसीय पावन दीपावली पर्व शुरू होता है और शाम को भगवान धन्वंतरि का पूजन कर दरवाजे पर दीपक जलाकर रखा जाता है।भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य का स्थान धन से ऊपर माना जाता है। यह कहावत आज भी प्रचलित है कि "पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया।"श्री धन्वंतरि हिन्दू मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु के बारहवें अवतार हैं जिन्हें आयुर्वेद चिकित्सा का जनक कहा जाता है।



भगवान धन्वंतरि का पृथ्वी लोक में अवतरण समुद्र मंथन के समय कार्तिक त्रयोदशी धनतेरस को हुआ था। भगवान धन्वंतरि की चार भुजाएं हैं -ऊपर की दोनों भुजाओं में शंख और चक्र धारण किए हुए हैं जबकि दो अन्य भुजाओं में से एक में जलूका औषधि तथा दूसरे में अमृतकलश लिए हुए थे।अमृत कलश के लिए देवताओं और दैत्यों में भयंकर युद्ध हुआ , देवताओं की विजय हुई और उन्हें अमृत कलश प्राप्त हुआ। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद की चिकित्सा करने वाले डॉक्टर - वैद्य आरोग्य का देवता कहते हैं। श्री धन्वंतरि ने अमृत मय औषधियों की खोज की थी। इनके वंश में दिवोदास जी हुए जिन्होंने शल्य चिकित्सा का विश्व का पहला विद्यालय काशी (वाराणसी) में स्थापित किया। राजर्षी विश्वामित्र के पुत्र सुश्रुत जी दिवोदास के शिष्य थे जिन्होंने सुश्रुत संहिता लिखी। सुश्रुत जी को दुनिया का पहला शल्य चिकित्सक कहा जाता है। भगवान शिव आदि शल्य चिकित्सक हैं जिन्होंने गणेश जी की उत्पत्ति हाथी का सिर लगाकर की थी। सुश्रुत के आगे अग्निवेश, फि र चरक हुए जिन्होंने चरक संहिता लिखी जिसे सभी बी ए एम एस के छात्र कोर्स में पढ़ते हैं। भगवान श्री धन्वंतरि को पीली धातु प्रिय है इसलिए इस दिन पीतल के वर्तन , सोना तथा चांदी के सिक्के, चांदी के गणेश जी, लक्ष्मी जी खरीदने की परम्परा है। यह भी मान्यता है कि आज के दिन जो भी खरीदा जाता है वह तेरह गुना बढ़ जाता है। आज ही के दिन नई झाड़ू तथा मिट्टी या फिर सोने चांदी के गणेश जी लक्ष्मी जी खरीदने की परम्परा है। भगवान धन्वंतरि जी की जय। शत शत नमन।अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर महेश कुमार गुप्ता संचालक डॉक्टर अरविन्द कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर निशा गुप्ता, डॉक्टर नितिन कौशिक, डॉक्टर शाज़िया शाहीन, अंकित बार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा,पंकज बार्ष्णेय, हिमांशु यादव, विकास यादव, अवधेश कुमार, सरोज कुमारी, शोभा यादव, लोकेश, सपना, लक्ष्मी, राकेश, सचिन, अरुण ने विचार व्यक्त किए। रामेश्वर, रामबिहारी, हरकेश, बृजेश कुमार, रोहन सिंह, अफजल खां, सपना यादव, रमेश चन्द्र,आदि मौजूद रहे।

# आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के जनक भगवान धन्वंतरि की मनाई गई जयंती

**समाज जागरण**

चंदौसी। सहज पार्थ समाज सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान धन्वंतरि की जयंती पार्थ हॉस्पिटल में बड़े ही धूमधाम से मनाई।उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवम पुष्प,हर्र अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह ने कहा धन्वंतरि को देवताओं के चिकित्सक के रूप में जाना जाता है और उन्हें भगवान विष्णु का अवतार भी माना जाता है,जो जगत रक्षक हैं।सभी चिकित्सकों का सेवाभाव एवम कुशल व्यवहार ही उनको देवतुल्य कहलाता है।

मुख्य वक्ता अशफाक भारती एड.ने कहा आज के दिन सोना, चांदी, बर्तन आदि की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। साथ ही इसी दिन देवताओं के वैध भगवान धन्वंतरि की उत्पत्ति हुई थी।सहजपार्थ समाज सेवा समिति अध्यक्ष डॉ टीएस पाल ने कहा समुद्र मंथन के दौरान कई चीजें निकलीं, जिनमें विष और अमृत भी था. इसके बाद समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे. इसी वजह से भगवान धन्वंतरि के प्र-कटोत्सव के रूप में धनतेरस का पर्व देशभर में मनाया जाता है.पार्थ हॉस्पिटल के संस्थापक एवं समिति प्रबंधक डॉ वीरेश कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने बताया हम पिछले दो दशक से निरंतर भगवान धन्वंतरि को उनके अवतरण दिवस पर याद करते आ रहे हैं। देवों के चिकित्सक धन्वन्तरि की पूजा अर्चना से स्वस्थ जीवन प्राप्त होता है। भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा सभी से आयुर्वेदिक दवाओं एवम स्वदेशी सामान अपनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने एवं संचालन समिति अध्यक्ष डॉ. टी.एस.पाल ने किया।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि सतीश सिंह,अनुरुद्ध शंखधार,हरिओम शर्मा,मोहम्मद मुस्तकीम,रतन वार्ष्णेय, डॉ जयशंकर दुबे,संगीता सिंह,संजय सैनी,विपिन वार्ष्णेय, मोक्षिका शर्मा,आशा गोस्वामी, सहज सिंह,डॉ डीके अग्निहोत्री,सुभाष चंद्र वार्ष्णेय, ह्रदेश अग्रवाल,शीनू पाठक, पुष्पेंद्र सिंह,आकाश शर्मा, राजेश पाल, सतीश गुप्ता,मुनीश बाबू ,श्यामसुंदर दुबे,केजी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# धनतेरस, दीपावली पर्व को लेकर उच्चाधिकारियों ने किया पैदल मार्च

**समाज जागरण**

चंदौसी। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा नगर पालिका चंदौसी के अन्तर्गत धनतेरस के दृष्टिगत तथा दीपावली एवं भैयादूज एवं गोवर्धन त्यौहारों के दृष्टिगत त्यौहारों की व्यवस्थाओं एवं




सुरक्षात्मक दृष्टि से पुलिस बल के साथ फुव्वारा चौक से मुरादाबाद गेट तथा बड़ा बाजार, सरार्फा बाजार तथा घण्टाघर तक पैदल मार्च किया। एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चंदौसी धर्मराज सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पैसे की जरूरत ने बनाया फर्जी जज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला फर्जी जज बिजनौर के एचडीएफसी बैंक में किसी का लोन कराने के लिए बैंक पहुंची






बैंक में पहुंचने पर उन्होंने अपना फर्जी न्यायाधीश का कार्ड दिखाया और सारे डॉक्यूमेंट इकट्ठा करने के बाद आज लोन का पैसा उस खाते में जाना था जिसके लिए लोन हुआ था लेकिन बैंक वालों ने संदिग्ध मानते हुए थाना कोतवाली शहर को सूचना दी जिस सूचना पर कोतवाली शहर की पुलिस वहां पहुंचकर महिला को गाड़ी समेत थाने ले आई थाने में लाकर जब उससे कड़ाई से पूछताछ हुई तो उसने स्वीकार किया कि मैंने एलएलबी की पढ़ाई देहरादून से कर रखी है और पैसे के लालच में बैंकों से लोन कराती हूं इस महिला जज ने स्वीकार किया कि मैं 15 लाख रुपए का लोन इस बैंक से कराया था जबकि बैंक कर्मी बता रहे हैं कि इसने 25 लाख का लोन स्वीकृत कराया था इस महिला ने पूछताछ में बताया कि इसका नाम आयशा परवीन पुत्री सुलेमान रिटायर टीचर निवासी गधेड़ा कल जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है जो हाल में रामपुर में रह रही है इसके साथ बिजनौर में प्रैक्टिस कर रहे एक वकील अनस को भी इसके साथ कार में घूमते थे जो मंडावर के किशनवाजपुर का रहने वाले हैं आयशा परवीन के ड्राइवर ने अपना नाम नीरज बताया जो रामपुर जनपद का रहने वाला हैं और इको गाड़ी चलाने के लिए किराए पर बुलाया जाता था बिजनौर थाना कोतवाली शहर पुलिस पूछताछ करने के बाद आयशा परवीन को फर्जी मानते हुए संबंधित धाराओं में अभियोग पंजित करने जा रही है

# दीपावली, धनतेरस पर बाजारों में देखने को मिली भीड़

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। मडावर कस्बे में दीपावली के पांच दिनों का पर्व शनिवार को धनतेरस से शुरू हो गया है। धनतेरस के दिन धन के देवता कुबेर और मृत्यु देव यमराज की पूजा अर्चना को विशेष महत्व दिया जाता है। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिली मिट्टी से लेकर सजावट ज्वेलरी से लेकर मोबाइल समेत कई अन्य सामानों की जैसे झाड़ू बर्तन आदि की जमकर खरीदारी हुई। शनिवार को नगर में धनतेरस पर बड़े धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।



सुबह से ही बाजारों में बच्चे बड़े और महिलाएं दुकानों पर पहुंची और जमकर खरीदारी की माना जाता है कि इस दिन आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर के साथ भगवान धन्वंतरी की पूजा की जाती है। आज के दिन खरीदारी करने से घर में मां लक्ष्मी का वास होता है। तथा पूरे वर्ष उसके घर पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है ।धनतेरस के दिन मोबाइल बर्तन गाड़ियों मिठाईयो की जमकर खरीदारी हुई।

# जनपद स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नगीना में जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डा. के के सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों अपनी फसलों के अवशेषों को ना जलाएं फसलों के अवशेषों को जलाने से मृदा, वायु ,वातावरण आदि में गंभीर नुकसान होते हैं। फसलों के अवशेषों को स-ुरक्षित बना करके रखें उससे अन्य तरीके अपना करके उनको अपने खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं साथ ही साथ वातावरण को प्रदूषित होने से बचाएं। साथ ही डा. सिंह ने बताया कि किसान भाई अपनी खेती मे गेंहू, सरसो और मसूर की बायोफोटीफाईड प्रजातियो को शामिल करके उच्च उत्पादन के साथ साथ अतिरिक्त आय की प्राप्ति करे एवं गन्ना की उच्च उत्पादन तकनीक की अधिक जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई अपने फसलों के अवशेष जो बचते हैं उनका उपयोग अन्य तरीके अपनाकर सुरक्षित कर सकते हैं, एवं आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की तकनीक पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ पिन्टू कुमार ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई अपने फसलों के अवशेष जो बचते हैं उनका उपयोग अन्य तरीके अपनाकर सुरक्षित कर सकते हैं, एवं आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं जैसे गेहूं के भूसे से, धान की पराली से मशरूम उत्पादन कर सकते हैं, साथ ही साथ पराली से गत्ते और जैसे उत्पाद बनाए जा सकते हैं। फसल अवशेषों को अतिशीघ्र खेत में समाहित करने हेतु डिकम्पोजर के प्रयोग की तकनीकी बतायी।

डा. प्रतिमा वैज्ञानिक ने किसानों से अनुरोध है क्या के किसान साथियों अपने खेतों में पराली जलाएं नहीं, बल्कि उनका उपयोग खेती में मल्च तकनीक के रुप में करें।

कार्यक्रम के अंत में फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता रैली निकाली गई।

# कांधला के चढ़ाव गांव में मिशन शक्ति अभियान के तहत घरेलू हिंसा व दहेज उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत शनिवार को विकास खंड कांधला के ग्राम चढ़ाव में घरेलू हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर अभिमु-खीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



शनिवार को जिला प्रोबेशन अधिका-री मोहम्मद मुशफेकीन के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि घरेलू हिंसा कारित करना दंडनीय अपराध है। ऐसी स्थिति में पीड़ित महिला अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत न्यायालय से राहत प्राप्त कर सकती है। शिकायत स्थानीय पुलिस थाना, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय या टोल फ्री नंबर 112 या 181 पर की जा सकती है। साथ ही बताया गया कि दहेज लेना, देना या मांगना, तीनों ही अपराध हैं। दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के अंतर्गत इसके लिए पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। विवाह के उपरांत दोनों पक्षों द्वारा दिए गए उपहारों की हस्ताक्षरित सूची एक माह के भीतर जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी को प्रस्तुत की जानी अनिवार्य है। महिला कल्याण विभाग की टीम ने निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं कानूनी आर्थिक सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही वन स्टॉप सेंटर पर उपलब्ध सेवाओं और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सहायता, 102 एवं 108 स्वास्थ्य सेवा, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर संरक्षण अधिका-री पारुल चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ता इन्द्रेश कुमार, विपिन कुमार, प्रियंका शर्मा व पूजा चौधरी मौजूद रहे।

# इनर व्हील क्लब शामली में दीपोत्सव मीटिंग आयोजित, इको-फ्रेंडली दीपों के प्रयोग का दिया संदेश

**समाज जागरण**

शामली। इनर व्हील क्लब शामली द्वारा दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव मीटिंग का आयोजन क्लब सदस्य सुधा अग्रवाल के निवास स्थान, जैन मोहल्ला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष वीना अग्रवाल एवं सचिव रेखा गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं इनर व्हील प्रेयर के साथ किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने दीपावली के पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, छोटी दिवाली, बड़ी दिवाली, अन्नकूट गोवर्धन और भैया दूजकृके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे इस दीपावली पर मिट्टी और गोबर से बने इको-फ्रेंडली दीयों का उपयोग करें ताकि पर्यावरण की रक्षा



हो और स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिले। सदस्य प्रिया भट्ट ने भगवान श्रीराम और माता सीता के जीवन से जुड़ी प्रेरक घटनाओं का वर्णन किया, जिससे उपस्थित सदस्य भावविभोर हो उठीं। मनोरंजक बनाने हेतु तंबोला गेम और त्योहार से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता सुधा अग्रवाल रहीं। इस अवसर पर उषा गोयल, रेखा गोयल, वीना अग्रवाल, प्रिया भट्ट, रश्मि वर्मा, डॉ. सुशीला सिंह, संतोष बिंदल, अनीता जैन एवं सुधा अग्रवाल मौजूद रही।

# सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में दीपावली उत्सव धूमधाम से मनाया, विद्यार्थियों ने रंगोली और सजावट प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को दीपावली का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे दीयों, आकर्षक रंगोलियों और सृजनात्मक सजावटों से जगमगा उठा। विद्यालय में रंगोली, दीया सजावट, मोमबत्ती सजावट, तोरण, बंधनवार,



झूमर सजावट, सलाद डेकोरेशन, प्रेजेंटेशन, फायरलेस कुकिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जैसी विविध रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से छात्राओं द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रबंधक मीनू संगल ने कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। हमें इस पर्व से प्रेरणा लेकर अपने भीतर की नकारात्मकता को त्यागकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहिए। डायरेक्टर भारत संगल ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए और सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

# शामली में स्वदेशी मेले का समापन समारोह धूमधाम से संपन्न, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित

**समाज जागरण**

शामली। शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित स्वदेशी मेले का समापन समारोह शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मेले में बड़ी संख्या में ग्राहकों और स्टॉल लगाने वालों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी एवं भाजपा महामंत्री दामोदर सैनी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में वीवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य एसके आर्य, खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर तथा अनुराग शर्मा ने स्टॉल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित स्वदेशी उत्पादों की सराहना की। सहायक आयुक्त उद्योग रविन्द्र कुमार एवं अपर सांख्यिकीय अधिकारी मनोज कुमार ने उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना के लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान योजना के लाभार्थियो पवन कुमार, विकास भार्गव, अभिनव शर्मा, राजू, अजनेश कुमार को चेक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त मेले में स्टॉल लगाने वाले राजकीय विभागों एवं स्वदेशी उत्पाद निर्मित इकाइयों को एमएसएमई विभाग की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।



# डीएवी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपावली पर्व

**समाज जागरण**

झिंझाना कस्बे के डीएवी पब्लिक स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या रेशु बेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद दीपावली पर्व को मनाने के उद्देश्य की विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



शनिवार को कस्बे के डीएवी पब्लिक स्कूल में दीपावली महापर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या रेशू बेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद उन्होंने दीपावली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रोशनी का पर्व है, इसी दिन प्रभु श्रीराम ने 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे। जिसके उपलक्ष्य में नगर-वासियों ने दीप जलाए थे। तभी से दीप जलाने की परंपरा चली आ रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रामलीला का सुंदर मंचन किया, जिसमें अंशुल, भव्य, काव्या, धैर्य, प्रिंस, देव, सूर्यांश, निकुंज, अंश और सिया सहित अन्य विद्यार्थियों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाईं। विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कीट्स हाउस ने प्रथम, शैले हाउस व मिल्टन हाउस ने द्वितीय तथा ब्राउनिंग हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर राम, सीता और लक्ष्मण की आकर्षक झांकी निकाली गई। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समस्त डीएवी स्टाफ एवं प्रधानाचार्या रेशु बेदी का पूर्ण सहयोग रहा।इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# फाटक खराब होने से लगी वाहनों की लंबी कतार

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग फाटक का अचानक से खराब हो गई फाटक का बेरियर खराब हो जाने से दोनों और भीषण जाम लग गया जाम में घंटे वाहन फंसे रहे घंटों के बाद रेलवे विभाग ने फाटक को खुलवाया तब जाकर वाहन स्वामियों ने राहत की सांस ली। शनिवार दोपहर बाद सहारनपुर से दिल्ली जा रही ट्रेन आने के दौरान रेलवे कर्मचारियों ने बुढ़ाना फाटक बंद कर दी। फाटक बंद होने से दोनों और वाहन खड़े हो गए। ट्रेन चल जाने के बाद भी फाटक का बैरियर नहीं उठा इसके बाद बैरियर घंटों खराब अवस्था में होने पर सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग जाने से भीषण जाम लग गया। घंटो के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने फाटक की मरम्मत कर बैरियर खोला तब जाकर जाम खुला और वाहन स्वामियों ने राहत की सांस ली।



# तमंचा व चाकू समेत हरियाणा के दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। अवैध तमंचा व चाकू के साथ पुलिस ने हरियाणा निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।



शुक्रवार देर रात एसआई संजय पुनिया टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि भूरा बाईपास पुल के नीचे दो युवक हथियारों के साथ कहीं जाने की फिराक में बैठे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान राकिब निवासी नवादापरा थाना सनौली जनपद पानीपत हरियाणा के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस तथा मिल्लू निवासी गांव बढ़ीबेसक थाना सनौली जनपद पानीपत हरियाणा के कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया है।

# पुलिस की गोली लगने से मुठभेड़ में ढेर हुआ एक लाख ईनामी नफीस

## -- इनामी बदमाश नफीस के ऊपर लूट, हत्या, चोरी, गैंगस्टर, नकली करेंसी सहित 34 मुकदमे दर्ज

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के जंगल में पुलिस की बदमाशों के साथ, मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक लाख रुपए का इनामी बदमाश घायल हो गया बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बदमाश के ऊपर 34 मुकदमे दर्ज थे तीन मुकदमों में वांछित चल रहा था पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी हुई है मौके पर फॉरेंसिक टीम एसपी सहित कई थानों की पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी एनपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सवेरे पुलिस को इनपुट मिला कि थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के जंगल में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, कैराना कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री भारी पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचे। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस के अनुसार जब पुलिस टीम ने घेराबंदी



करते हुए बदमाशों को आत्म समर्पण करने के लिए कहा तो बाइक सवार दोनों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई एक गोली बदमाश को लग गई जबकि दूसरा बदमाश का साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए शामली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल बदमाश को मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान नफीस पुत्र मुदा निवासी मोहल्ला खेल कांधला के रूप में हुई। एसपी शामली एनपी सिंह के द्वारा बताया गया कि नफीस के ऊपर 34 मुकदमे दर्ज हैं जिनमें लूट,हत्या, चोरी, गैंगस्टर एवं नकली करेंसी से जुड़े मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल पिस्टल कारतूस भी बरामद करने का दावा किया है।एक लाख के इनामी बदमाश के साथ हुई मुठभेड़ की सूचना पाकर मौके पर एसपी एनपी सिंह, फॉरेंसिक टीम, सहित कई थानों की पुलिस पहुंची और फरार बदमाश की तलाश में कांबिंग की। मगर फरार बदमाश का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मुठभेड़ में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार बाल-बाल बच गए फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

### पहली पत्नी की हो चुकी है मौत, दूसरी के साथ कर रहा था गुजर बसर

कांधला। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी नफीस पुत्र मुद्दा की पहली पत्नी रुखसाना की लगभग 7 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी, परिजनों के अनुसार नफीस अपनी दूसरी पत्नी शमा के साथ अपना जीवन बिता रहा था।

### भाई नदीम का दावा अपराध की दुनिया से कर चुका था तोबा

कांधला। एक लाख के ईनामी बदमाश नफीस के भाई नदीम ने बताया कि उसका भाई कई वर्षों से कोलकाता और कर्नाटक में कपड़े की फेरी कर रहा था और अपराध की दुनिया से तौबा कर चुका था। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने बंगाल निवासी महिला शमा के साथ शादी कर रखी और उसी के साथ अपना जीवन बिता रहा था।



### इनाम 1 लाख मगर मकान की भी छत नहीं मिली पक्की



कांधला। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए इनामी बदमाश नफीस के मकान की छत पक्की नहीं मिली उसके मकान पर टीन सेड पड़ा हुआ था। मोहल्ले के लोगों को जैसे ही मुठभेड़ की सूचना मिली तो उसके मकान पर भीड़ उमड़ पड़ी आसपास के लोग चर्चा कर रहे थे कि इनाम एक लाख मगर सर पर पक्की छत का साया भी नहीं।

### कोलकाता से शादी में शरीक होने के लिए आया था नफीस

कांधला। शनिवार सवेरे पुलिस मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी बदमाश के भाई नदीम ने बताया कि उसका भाई कई वर्षों बाद रिश्तेदारी में शादी में शरीक होने के लिए आया था। और शुक्रवार की शाम को खाना खाने के बाद घर से निकला था शनिवार सवेरे उन्हें सूचना मिली कि उसका भाई नफीस पुलिस की मुठभेड़ में मारा गया।

### नकली नोटों के कारोबार में था सक्रिय

कांधला। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी बदमाश नफीस के ऊपर नकली करेंसी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं नकली नोटों के कारोबार में वह सक्रिय था और पुलिस की रडार पर चल रहा था। पूर्व में कई बार नफीस को पकड़ने के लिए एसटीएफ टीम ने उसके घर पर दबिश दी मगर हर बार ताला ही लटका मिला रहता था।

# कोल्ड ड्रिंक पी रहे युवक पर जानलेवा हमला गंभीर हालत में रेफर

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी के बाग में बैठकर कोल्ड ड्रिंक पी रहे एक युवक पर आधा दर्जन युवकों ने लाठी डंडे व लोहे की राड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी नदीम ने बताया कि शनिवार को उसका भाई अनस उसके घर के समीप कोठी वाले बाग में बैठकर कोल्ड ड्रिंक पी रहा था। आयोप है कि तभी रंजिश के चलते आधा दर्जन युवक उसके भाई के पास पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उसके साथ लाठी डंडों एवं लोहे की राड से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोप है की आरोपियों द्वारा किए गए हमले से उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया शोर शराब होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# धनतेरस पर शामली के बाजारों में उमड़ी खरीददारों की भीड़, सोना-चांदी से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक हुई जोरदार बिक्री

**समाज जागरण**

शामली। धनतेरस का पर्व इस वर्ष शामली में व्यापार के लिए सौगात लेकर आया। शनिवार को दिनभर बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। शहर के मुख्य बाजारों बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, कबाडी बाजार, नेहरू मार्किट में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सर्राफा से लेकर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, गिफ्ट व सजावट के सामानों की दुकानों पर दिनभर रौनक रही।



धनतेरस के अवसर पर परंपरागत रूप से सोना-चांदी खरीदने की मान्यता के चलते सरार्फा बाजार में ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। जिंदल ज्वैलर्स के स्वामी पवन कुमार संगल ने बताया कि इस बार सोने के दामों में करीब 40 प्रतिशत वृद्धि के बावजूद बिक्री में 25-30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। चांदी की मूर्तियां, लक्ष्मी-गणेश के सेट, सिक्के और ज्वेलरी की खूब खरीदारी हुई। धनतेरस से पहले ही शामली के ऑटोमोबाइल बाजार में एडवांस बुकिंग का दौर चल पड़ा था। झिंझाना रोड स्थित महादेव ऑटोमोबाइल के स्वामी मोनू कुमार ने बताया कि केवल धनतेरस के दिन ही सात ट्रैक्टरों की डिलीवरी दी गई, जबकि दर्जनों की बुकिंग आगे की गई है। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल और होम अप्लायंसेज की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। एलजी कंपनी के एजेंसी डीलर वैभव गर्ग ने बताया कि इस बार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। त्योहारी सीजन में कंपनियों द्वारा दिए गए विशेष डिस्काउंट और ऑफर ग्राहकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। धनतेरस पर बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है, इसी परंपरा के चलते शामली के बर्तन बाजारों में ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ रही। स्टील, पीतल, तांबा और एल्यूमिनियम के बर्तनों की मांग सबसे अधिक रही। व्यापारी सिद्धार्थ मित्तल ने बताया कि इस बार बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

# त्यौहारी सीजन में शामली शहर रहा जाम से जूझता, अतिक्रमण और लापरवाही से बढ़ी वाहन चालकों की मुश्किलें

शामली। शनिवार को शहर में भीषण जाम लगा रहा। जाम लगने से वाहन चालकों को परेशानियां हुई। लंबी लंबी लाईनों में लगकर जाम में फंसे वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। त्यौहारी सीजन में जाम लगने से व्यापारियों को भी दुश्वारियों का सामना करना पड रहा है।

इन दिनों त्यौहारी सीजन चल रहा है। त्यौहारों के मद्देनजर डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने शहर में आये दिन लगने वाले जाम की समस्या को लेकर यातायात प्रभारी को कडे निर्देश दिये थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेशों के बावजूद ट्रेफिक पुलिसकर्मी शहर में आये दिन लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने में नाकाम है। शनिवार को भी शहर के शिव चौक, फव्वारा चौक, भिक्की मोड, धीमानपुरा, गुरूद्वारा तिराहा आदि स्थानों पर जाम लगा रहा। जाम का मुख्य कारण सडकों पर बढता अतिक्रमण व नगर पालिका द्वारा कार्यवाही न करना है। त्यौहारी सीजन में कुछ दुकानदार सडकों पर सामान रखकर बेच रहे है, जिससे सडके पूरी तरह से छोटी हो गई है और वाहन चालकों को निकलने तक का रास्ता नही मिल पा रहा है। दिनभर जाम लगा रहा। जिससे वाहन चालकों को परेशानियां हुई। जाम में फंसे वाहन चालकों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पडा। उन्होने त्यौहारी सीजन में जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।

# दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक मामले में मुकदमा

कैराना। दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया।

मोहल्ला आर्यपुरी निवासी दिलशाद ने स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि उसकी बेटी इसराना की शादी अगस्त 2020 में थाना रतनपुरी के गांव चंदसीना निवासी बिलाल के साथ हुई थी। इसके बाद बिलाल, सास काफिया, ससुर मुस्तकीम, ननद मुस्कान, जेठानी रुखसार और देवर तालिब अतिरिक्त दहेज में पांच लाख की मांग करते थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बेटी के साथ मारपीट की जाती थी। आरोप है कि बिचौलिए इस्लामन, गुलफान और हाशिम भी आरोपियों का साथ देते थे। आरोपियों ने उसकी बेटी को चार बार दवाई पिलाकर गर्भपात करा दिया। 13 अक्टूबर की सुबह दस बजे आरोपियों ने उसकी बेटी के साथ मारपीट की तथा उसे पति ने तीन तलाक देकर घर में बंधक बना लिया। पड़ोसियों द्वारा सूचना देने पर वह रतनपुरा थाने में पहुंचे तथा पुलिस से सहयोग से अपनी बेटी को बंधनमुक्त कराया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पड़ोसी पर छेड़छाड़ करने का आरोप

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने पड़ोसी पर मारपीट करते हुए छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पीड़िता घर पर अकेली थी आरोप है कि तभी उसका पड़ोस का एक युवक घर में घुस गया और आरोपी ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की हरकत की और विरोध करने पर मारपीट की। शोर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# शामली में दीपावली पर्व पर विद्यालयों में रंगोली, दीया सजावट प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**समाज जागरण**

शामली। शहर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर में दीपावली के शुभ अवसर पर कक्षा तीन, चार व पांच के छात्र-छात्राओं ने रंगोली व दिया डेकोरेशन प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक प्रतिभा किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगोली बनाकर व दिया सजाकर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि हमारे हिंदू संस्कृति के रीति रिवाज व संस्कारों की जानकारी के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ग्रुप में शामिल बच्चों कुमुद गौरी व श्रुति कक्षा 5 व दिया डेकोरेशन में अर्पित बनवालिया, नक्श कश्यप व अलिशबा कक्षा 5 रहे। माही कक्षा 3 सर्वोच्च स्थान पर रही। स्बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



शामली। शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के सभागार में दीपावली का पंचमहोत्सव एवं स्वामी रामतीर्थ जयंती का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की वन्दना एवं भगवान श्रीराम व स्वामी रामतीर्थ के चित्र के सम्मुख सामूहिक पुष्पार्चन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद व मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार ने कहा कि दीपावली पर्व पंच महोत्सव के रूप में भारत वर्ष सहित सम्पूर्ण विश्व में बडे. हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है जो भारत को सम्मानित वैश्विकता प्रदान करता है। कहा कि भारतीय संस्कृति को विश्व में बेजोड़ है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द, अरविन्द कुमार, नीटू कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, सोमदत्त, अशोक, मधुबन, ब्रजपाल, सतेन्द्र कुमार, संजू कुमार, हरिओम आदि उपस्थित रहे।

# रॉक गोल्ड अकादमी में दीपोत्सव की धूम, विद्यार्थियों ने रंगोली और सजावट में दिखाया उत्साह व रचनात्मकता

**समाज जागरण**

शामली। शहर के रॉक गोल्ड अकादमी में शनिवार को दीपावली पर्व बड़े हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और रंगोली की खूबसूरत सजावट से जगमगा उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल तथा प्रधानाचार्या राजश्री चौधरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीपावली उत्सव के अवसर पर विद्यालय में इंटरहाउस रंगोली प्रतियोगिता, सॉफ्ट बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता एवं क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई।



विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने थीम आधारित रंगोलियाँ बनाईं और अपने कक्षाओं को सुंदर ढंग से सजाया। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की गई।

# सरकारी सील लगे बंद गोदाम में चोरी

**समाज जागरण**

कैराना। सरकारी सील लगे गोदाम से ताला तोड़कर अज्ञात ने सामान चोरी किया। मोहल्ला आलदरम्यान निवासी शकील अहमद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि पानीपत रोड पर उसका साइन तार प्रोडक्ट के नाम से गोदाम है। गोदाम पर सरकारी सील लगी हुई है। 16 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने गोदाम की सील और ताला तोड़कर वहां से पांच सोलर प्लेट, गैस सिलेंडर, एक चिमनी तथा लोहे के पाइप चोरी कर लिए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीएसएम स्कूल में दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, विद्यार्थियों ने प्रतिभा और सेवा भावना से जीता सबका दिल

**समाज जागरण**

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में शनिवार को दीपावली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी और पुष्पों की सुगंध से जगमगा उठा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा लगाए गए आकर्षक स्टॉलों से प्राप्त समस्त धनराशि को एक नेक पहल के तहत अपना घर आश्रम को दान स्वरूप समर्पित किया गया, जिससे उनकी सामाजिक जिम्मेदारी की भावना झलकती है।



इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय में आयोजित रंगोली, बोर्ड डेकोरेशन और नॉन फायर कुकिंग जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कला और कल्पनाशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में एक्सप्लोर हाउस प्रथम, अवेंजर्स व वॉरियर्स हाउस द्वितीय और इनोवेटर हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

बोर्ड डेकोरेशन में वॉरियर हाउस प्रथम, इनोवेटर हाउस द्वितीय और एक्सप्लोर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता में वॉरियर हाउस प्रथम, इनोवेटर हाउस द्वितीय और एक्सप्लोर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। मौके पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# दीपोत्सव पर शामली के पटाखा व्यापारियों को मिली राहत, 18 से 21 अक्टूबर तक पटाखा बिक्री की अनुमति

**समाज जागरण**

शामली। दीपोत्सव के अवसर पर शामली में पटाखा व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट और शासन की गाइडलाइन के अनुरूप आगामी 18 से 21 अक्टूबर तक चार दिनों के लिए पटाखा बिक्री की अनुमति दे दी है। पटाखा बाजार वीवी डिग्री कॉलेज मैदान में लगाया जाएगा।

शनिवार को पटाखा व्यापारियों द्वारा शामली कलक्ट्रेट पहुंचकर हंगामा व प्रदर्शन किया। उन्होंने पटाखा बाजार की अनुमति न दिए जाने पर काफी हंगामा किया और कहा कि उनके द्वारा खरीदे गए पटाखों की बिक्री न होने से वह सडक पर आ जायेंगे। पटाखा व्यापारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के पास पहुंचे और दीपोत्सव के दौरान पटाखा बेचने की स्वीकृति न मिलने की समस्या रखी। इस पर घनश्यामदास ने तत्काल संगठन के प्रदेश प्रभारी पंकज वालिया, प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष चंद्र धीमान, नगर महामंत्री महेश धीमान सहित सैकड़ों पटाखा व्यापारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम परमानंद झा व एसडीएम अर्चना शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि व्यापारी नियमों का पालन करते हुए सीमित अवधि में पटाखा बेचने की अनुमति चाहते हैं। अधिकारियों ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए निर्देश जारी किए कि जनपद की तीनों तहसीलों में 18 से 21 अक्टूबर तक टेंपरेरी लाइसेंस जारी किए जाएंगे तथा वीवी कॉलेज मैदान में पटाखा बाजार लगाने की स्वीकृति दी जाएगी।



# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया, पूर्व छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को



विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण दीपों की आकर्षक सजावट से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं ने मनमोहक गीत, नृत्य और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे वातावरण उत्सवमय हो गया। दीपोत्सव के अवसर पर विद्यालय परिवार और पूर्व छात्राओं के पुनर्मिलन का दृश्य अत्यंत हर्षोल्लासपूर्ण रहा। विशिष्ट अतिथि विशाल गुप्ता ने कहा कि विद्यालय के संस्कार और शिक्षा ही जीवन की सच्ची पूंजी हैं। आप सभी अपने कर्म, संस्कार और व्यवहार से समाज में विद्यालय का गौरव बढ़ाएँ।

# बडौत में 22 अक्टूबर को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा महोत्सव

**समाज जागरण**



बागपत। श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी के सौजन्य से व पंडित अनिल गोविंद शास्त्री के सानिध्य में 22 अक्टूबर को श्री दिगंबर जैन कॉलेज पांडुकशीला मैदान बी फील्ड बडौत में श्री गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुनील मित्तल भट्टे वाले, अध्यक्ष राजीव कुमार गर्ग प्रधान जी लुहारी वाले, महामंत्री डॉ आकाश बंसल एडवोकेट व कोषाध्यक्ष विजय कुमार महेश्वरी मारवाड़ी ने बताया कि इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा, जबकि नगर पालिका परिषद बडौत के पूर्व अध्यक्ष अमित राणा समारोह गौरव होंगे। शाम को 5 बजे गोवर्धन पूजा, शाम को 6 बजे अन्नकूट प्रसाद वितरण व उसके बाद गोवर्धन लीला का आयोजन किया जाएगा। इसमें श्रीधाम वृंदावन से बृज रसिका खुशबू राधा जी द्वारा भजनों के माध्यम से गोवर्धन महाराज का गुणगान किया जाएगा। बताया कि महोत्सव में 51 फूट की विशाल गोवर्धन महाराज की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। उन्होंने इस मौके पर अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की अपील की।

# माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में मनाया गया दीपोत्सव

**समाज जागरण**



माधव सरस्वती विद्या मंदिर में दीपावली को लेकर बनाई गई रंगोली का अवलोकन करते अध्यापक

बागपत। माधव सरस्वती विद्या मंदिर सुभानपुर में आज दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय को बहुत सुंदर तरीके से सजाया गया। फूल मालाएं, तोरण लगाए व रंगोली सजाई गई। विद्यालय प्रांगण दीपों की रोशनी से आलोकित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योगपति प्रवेन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी स्टाफ -सदस्यों को उपहार एवं मिठाई भेंट की गई। मुख्य अतिथि हरिओम गुप्ता ने अपने आशीर्वचन में कहा कि दीपावली प्रकाश, सद्भावना और नवप्रेरणा का पर्व है। हमें इस पर्व पर सभी को खुशियां बांटने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय परिवार को अपने प्रेरणादायी शब्दों से आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा देवी जी ने किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में लक्ष्मी जी की आरती के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा अंत में प्रधानाचार्य रवीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया व दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# विधायक खेल स्पर्धा में होंगी दिवाली के बाद प्रतियोगिताएं

**समाज जागरण**

बागपत। विधायक खेल स्पर्धा वर्ष 2025-26 का आयोजन बागपत की तीनों विधानसभा में किया जाएगा। पहला आयोजन बड़ौत विधानसभा के आदर्श वैदिक विद्यालय सिनौली में 25 अक्टूबर में किया जाएगा। द्वितीय आयोजन बागपत विधानसभा के किसान इंटर कालेज मावीकला में 28 अक्टूबर को और तृतीय आयोजन बड़ौत विधानसभा के श्री विद्या मंदिर इंटर



कालेज में 30 अक्टूबर को किया जाएगा। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग बागपत के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 की इन स्पधाएं में एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वालीवॉल और भारोत्तोलन आदि के सब- जूनियर, जूनियर और सीनियर आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे और कहा कि इच्छुक खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए युवा साथी पोर्टल पर स्पोर्ट्स रजिस्ट्रेशन कराएं एवं प्रतियोगिता में प्रतिभाग के समय अपनी आईडी एवं पासपोर्ट फोटो लेकर समय पर क्रीड़ा स्थल पर उपस्थित हो । इस प्रतियोगिता के उपरांत विजेता खिलाड़ियों को सांसद खेल स्पर्धा में भी प्रतिभाग का अवसर मिलेगा ।

# ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया दीपावली महोत्सव

**समाज जागरण**


ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में अपने द्वारा बनाई रंगोली दिखाते बच्चे

बागपत। ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल घिटोरा में दीपावली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत रंगोली बनाई, जिसकी सभी ने सराहना की। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक रामकुमार शर्मा ने कहा कि दीपावली रोशनी का त्योहार है, जहां दीयों की रोशनी दिलों को रोशन करती है। सभी को यह त्योहार प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए। दीपावली पर पटाखों और दीयों की चमक से पूरा माहौल जगमग हो जाता है, लेकिन हमें इस त्योहार को मनाते हुए इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इससे हमारे पर्यावरण को कोई नुकसान ना पहुंचे। दीपावली पर पटाखे, केमिकल युक्त चीजें, प्लास्टिक इत्यादि ज्यादा इस्तेमाल करने से पर्यावरण को काफी खतरा पैदा हो जाता है। वायु और ध्वनि प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। इसलिए पर्यावरण और सेहत को ध्यान में रखते हुए हमें प्रदूषण रहित दीपावली मनानी चाहिए। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक रामकुमार शर्मा, प्रधानाचार्य मुकेश सिंघल, पीतम सिंह शर्मा, बलीचंद, सचिन शर्मा, अभिनव सिंघल, सोनेंद्र शर्मा, मनवीर, धर्मेंद्र, प्रवीन, ध्रुव, नवीन, हर्ष, विभा, निधि, रिंकी, काजल, अंजलि, सारिका, पायल, मौसम, हर्षिता, राखी, प्रिया आदि उपस्थित रहे।

# कोणार्क विद्यापीठ में दीपावली को लेकर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**समाज जागरण**


कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों का हौसला बढ़ाते अध्यापक

बागपत। कोणार्क विद्यापीठ खेकड़ा में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य रंगोली-दीया मेकिंग, क्लास डेकोरेशन प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रंगोली और दीया मेकिंग से छात्रों ने अपनी कला का परिचय देते हुए सुंदर रंगोलियाँ बनाई और मिट्टी के दीयों को पारंपरिक और अभिनव तरीके से सजाया। कक्षा सज्जा प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी कक्षाओं को विभिन्न भारतीय देवी-देवताओं विशेष रूप से भगवान श्री राम और भगवान हनुमान जी के भक्तिमय और प्रेरणादायक दृश्यों से सजाया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र धामा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारे बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़े रखते हैं। प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि कोणार्क विद्यापीठ ऐसे रचनात्मक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन सभी प्रतियोगिताओं में नलिनी शर्मा शक्ति राजदान विनी शर्मा एवं शालु जैन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रबंधक अंकित धामा ने समस्त विद्यालय परिवार को धनतेरस, दीपावली एवं अन्य सभी त्योहारों की बधाई दी। इस अवसर पर रामचंद्र शर्मा गुलशन चौहान मेघा धामा सुमन चौहान नरेश कुमार पायल चौहान बिशप शर्मा अजीत कुमार विपिन धामा शिवानी धामा रमा तेवतिया नीतीश पाराशर आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ने किया रंगोली प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत

**समाज जागरण**


लायंस क्लब के कार्यकर्ता रंगोली प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते हुए

बागपत। लायंस क्लब बागपत की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर में दीपावली के पावन अवसर पर बच्चों द्वारा मनमोहक रंगोली और दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को लायंस क्लब द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय शर्मा और महासचिव विजयपाल यादव ने बच्चों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और उनके उत्साह व रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम की चेयरमैन सरोज मलिक के प्रयासों के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रमुख सदस्य राजपाल शर्मा, सुरेश कौशिक, पदम सिंह चौहान और नीरज नैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# पड़ोसी पर दुष्कर्म का आरोप किशोरी सात माह की गर्भवती मिली

**समाज जागरण**




चांदीनगर। थाना क्षेत्र के गांव में एक 16 वर्ष की लड़की के सात माह की गर्भवती होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने पड़ोसी युवक सोनू पुत्र सुशील पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।चांदीनगर क्षेत्र की 16 वर्ष की किशोरी छह से सात महीने की गर्भवती है जैसे ही परिजनों को इस बात की जानकारी मिली उसके बाद उन्होंने थाने में जाकर नाम दर्ज कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि किशोरी लगभग छह से सात महीने की गर्भवती है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। इस घटना के सामने आने से क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# तीन दिन से गायब मासूम का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका में परिजन सन्न

**समाज जागरण**



रटौल। खेकड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रटौल कस्बे में शनिवार सुबह एक 11 वर्षीय बच्चे का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान रटौल नगर पंचायत के वार्ड 12, सेवा नगर निवासी कय्यूम के बेटे आरिश के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरिश 16 अक्टूबर की शाम लगभग पांच बजे से लापता था। परिजनों के मुताबिक, शाम करीब साढ़े आठ बजे उसे रटौल में एक बारात में नाचते हुए देखा गया था। इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों ने खुद तलाश शुरू की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो 17 अक्टूबर को रटौल चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। साथ ही मोहल्ले के युवाओं ने बच्चे की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी। शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे ग्रामीणों ने पेरिफेरल रोड के पास एक बच्चे का शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने शव की शिनाख्त आरिश के रूप में की।परिजनों का आरोप है कि बच्चे की हत्या की गई है। उनका कहना है कि आरिश के पेट पर नुकीले हथियार से वार के निशान हैं। पिता कय्यूम, जो दिव्यांग हैं और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते है। बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और बेटा आरिश था, जो सबसे बड़ा था। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर के ने बताया कि शव पर नुकीली वस्तु से चोट के निशान पाए गए हैं। मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बच्चे की संदिग्ध मौत से कस्बे में दहशत और आक्रोश दोनों है। पुलिस परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ में जुटी हुई है।

# महादेवी इंटर कॉलेज गोना में हुआ दीपांशु का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

बागपत। निशानेबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे दीपांशु का महादेव इंटर कॉलेज गोना में भव्य स्वागत किया गया। हाल ही में गाजियाबाद के इंदिरापुरम में 25वीं यूपी इंटर स्कूल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें महादेवी इंटर कॉलेज गोना में कक्षा 12 में पढ़ने वाले छात्र


महादेवी इंटर कॉलेज में अपने द्वारा जीता पदक दिखाता दीपांशु

दीपांशु पुत्र विनेश ने प्रतिभाग किया और शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमाया। दीपांशु भेडापुर गांव का रहने वाला है और आर्यन शूटिंग रेंज पर शूटिंग सीखता है। गोल्ड मेडल जीतकर वह महादेवी इंटर कॉलेज गोना में पहुंचा तो उसका यहां पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र यादव व सभी शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया और इस उपलब्धि के लिए दीपांशु को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अन्य सभी युवाओं को दीपांशु से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज उसने निशानेबाजी प्रतियोगिता में न केवल स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने माता-पिता व गांव का भी मान बढ़ाया है, जो हम सभी के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

# शिक्षक, स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने किया मंथन

**समाज जागरण**



बागपत। स्नातक विधान परिषद चुनाव व शिक्षा विधान परिषद चुनाव को लेकर शनिवार को नगर के बिनौली रोड़ पर स्थित ओंकार फिलिंग स्टेशन पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान व नये वोटों का सत्यापन आदि पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षक एमएलसी चुनाव के जिला संयोजक प्रमेन्द्र तोमर ने कहा स्नातक चुनाव केवल एक पद का चुनाव नहीं बल्कि यह शिक्षित वर्ग की आवाज है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मिलकर अपने क्षेत्र के शिक्षक व स्नातक मतदाताओं से सीधा संवाद कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। स्नातक एमएलसी चुनाव के बड़ौत विधानसभा संयोजक शिवेन्दु दत्त शर्मा ने कहा स्नातक चुनाव बौद्धिक वर्ग का चुनाव होता है। इसलिए इसमें विचार व संवाद की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व योजनाओं को शिक्षित वर्ग तक पहुंचाना बेहद आवश्यक है। कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं और सभी को एकजुट होकर एमएलसी चुनाव में पार्टी की विजय सुनिश्चित करनी है। इस अवसर पर स्नातक विधान परिषद चुनाव के जिला संयोजक आत्माराम मौर्य, सहसंयोजक सत्यबीर सिंह बड़का, शिक्षक चुनाव के बड़ौत विधानसभा संयोजक प्रकाश तोमर, स्नातक चुनाव के छपरौली विधानसभा संयोजक कपिल देव दोघट, समाजसेवी आकाश प्रधान उपाध्याय, मोहन, रवि कश्यप, विनोद, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौज और मस्ती के संगम के साथ मेले का आयोजन

**समाज जागरण**



बागपत। डीएवी पब्लिक स्कूल बागपत में मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों और शिक्षक ने बढ- चढ़कर भाग लिया। इस मेले मे खाने पीने की विभिन्न वस्तुओं के स्टाल लगाए गए थे। मेले का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार द्वारा फीता काटकर किया तथा उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर प्रत्येक वस्तु का अवलोकन किया। प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियॉ बच्चों के अंदर आत्मविश्वास और मेलजोल की भावना को बढ़ाती है। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा पॉचवी तक के छात्रों ने सहयोगी कर्मचारियों को दिए व मोमबत्ती देकर उनके जीवन में उजाला भरने का प्रयास किया तथा स्कूल में पौधारोपण करके अनेक पौधे लगाए। प्रकृति को प्रदूषण से बचने व इको फ्रेंडली दीपावली मनाने का संदेश दिया। दीया सजावट और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें चारों घरों के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और कला को प्रदर्शित करना था। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया । यह मेला और प्रतियोगिताएं एक बड़ी सफलता थी, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कला का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता ने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और मित्रों के साथ मजे करने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर सभी छात्र -छात्राएं और अध्यापक व अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।


# पड़ोसी पर दुष्कर्म का आरोप किशोरी सात माह की गर्भवती मिली

**समाज जागरण**

चांदीनगर। थाना क्षेत्र के गांव में एक 16 वर्ष की लड़की के सात माह की गर्भवती होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने पड़ोसी युवक सोनू पुत्र सुशील पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।चांदीनगर क्षेत्र की 16 वर्ष की किशोरी छह से सात महीने की गर्भवती है जैसे ही परिजनों को इस बात की जानकारी मिली उसके बाद उन्होंने थाने में जाकर नाम दर्ज कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सोनू के खिलाफ दुष्कर्म सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि किशोरी लगभग छह से सात महीने की गर्भवती है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। इस घटना के सामने आने से क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बना हुआ है।




# धनतेरस पर एसपी सूरज कुमार ने खुद बाइक पर घूमकर लिया सुरक्षा का जायजा, देखी व्यवस्था

**समाज जागरण**

बागपत। धनतेरस पर भीड़भाड़ के बीच बागपत एसपी सूरज कुमार राय ने खुद बाइक से बाजारों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा इंतजाम, पुलिस ड्यूटी और ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। धनतेरस के मौके पर जहां आम लोग खरीदारी में व्यस्त रहे, वहीं बागपत पुलिस प्रमुख खुद सड़कों पर सक्रिय नजर आए। शुक्रवार को एसपी सूरज कुमार राय ने बाइक पर बैठकर शहर के मुख्य बाजारों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाजार में लगाए गए बेरियर, ट्रैफिक की स्थिति और ई-रिक्शा संचालन को बारीकी से देखा। बाजारों में बढ़ती भीड़ के बीच एसपी ने यह सुनिश्चित किया कि किसी तरह की अफरातफरी या अव्यवस्था न हो। उन्होंने सरार्फा बाजार का भी दौरा किया, जहां धनतेरस पर ग्राहकों की भारी भीड़ थी। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर तैनात पुलिसकर्मियों से ड्यूटी के बारे में जानकारी ली और उन्हें सतर्क रहने के निर्देश दिए। एसपी सूरज कुमार राय ने कहा कि त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कोतवाली का भी निरीक्षण किया और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद वे बड़ौत क्षेत्र के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने देर शाम तक पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया।

# चालक को झपकी, डिवाइडर से टकरा पलटा मिनी ट्रक

## --गाजियाबाद से हरियाणा जा रहा था ट्रक, चालक गंभीर

**समाज जागरण**

खेकड़ा ।ईपीई पर लहचौड़ा गांव के पास गाजियाबाद से हरियाणा को जा रहा मिनी ट्रक चालक को झपकी लगने पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। मुजफ्फरनगर के चालक को गंभीर हालत में सीएसची से हायर सेंटर रेफर किया। मुजफ्फरनगर के बलवा निवासी कन्हैया पुत्र सुरेश मिनी ट्रक चालक है। शुक्रवार रात करीब एक बजे गाजियाबाद से ट्रक में लदा माल लेकर हरियाणा जा रहा था। करीब दो बजे ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर लहचौड़ा गांव के पास पहुंचा तो कन्हैया को झपकी लगी। इससे अनियंत्रित होकर ट्रक किनारे पर डिवाइडर से टकराया व फिर मार्ग पर पलट गया। गनीमत रही कि पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं आ रहा था। दुर्घटना में चालक ट्रक केबिन में ही फंसा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को केबिन से निकलाकर इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया। पैर की हड्डी टूटने और सिर में गंभीर चोट होने पर चालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# फर्जी लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस, मामला निकला मारपीट का

**समाज जागरण**

चांदीनगर। पूर्वी यमुना नहर विनयपुर डगरपुर पुल के पास एक फर्जी लूट की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची लेकिन जांच में यह मामला लूट का नहीं बल्कि मारपीट का निकला पुलिस से जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात करीब आठ बजे विनयपुर डगरपुर मार्ग पर पूर्वी यमुना नहर के पास की है। लोनी निवासी शहाबुद्दीन जो रटौल के एक निजी स्कूलों में ई रिक्शा चालक है। बच्चों को स्कूल लाने ले जाने का काम करता है। उनके साथ शराब के नशे में एक व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की पीड़ित शहाबुद्दीन ने घटना के बाद 112 नंबर पर पुलिस को मारपीट की सूचना दी थी। हालांकि इसी बीच किसी अन्य व्यक्ति ने पुलिस को लूट की फर्जी सूचना दे दी। लूट की खबर मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की जांच में सामने आया कि यह मामला लूट का नही केवल मारपीट का है। खेकड़ा थाना अध्यक्ष प्रभाकर कें. ने बताया कि पीड़ित ने भी 112 पर मारपीट की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस तब आरोपी मौके से फरार हो गया अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग में निर्णय लेने और लंबित मदों के निपटान में दक्षता प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान 5.0 जोरों पर

स्वच्छता को संस्थागत बनाने और कार्यस्थल की दक्षता बढ़ाने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के उद्देश्य से, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) अपने संबद्ध/अधीनस्थ संगठनों के साथ विशेष अभियान 5.0 के मुख्य चरण में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। 2 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता में प्रभावशाली, केंद्रित और महत्वपूर्ण सुधार लाना और कार्यालयीन मामलों में लंबित मामलों को कम करना है।

विभाग के सभी अधिकारियों के साथ-साथ देश भर में विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत संबद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों की ओर से भी उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई है। अब तक 585 से अधिक स्वच्छता स्थलों को सम्मिलित किया जा चुका है।

# प्रतियोगिता में छात्राओं ने सुंदर रंगोली बनाई

बागपत। वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज अग्रवाल मंडी टटीरी में दीपावली पर कई प्रतियोगिताएं कराई गई। जिनमें थाल सजा में दीपावली प्रथम, सलोनी द्वितीय और सना तृतीय स्थान पर रही। दीपक सजाने में उर्वशी प्रथम, राखी उपाध्याय द्वितीय और आयुषी तृतीय स्थान पर रही। कलश सजा में सोफिया प्रथम, खुशी द्वितीय और अंजना तृतीय स्थान पर रही। आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गई रंगोली में उर्वशी अर्शी रिया ने भाग लिया। जिसकी सब ने प्रशंसा की। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर कमला अग्रवाल, डॉ निर्मला गौतम, शिल्पा वर्मा, डॉक्टर शमा परवीन, डॉ राखी गुप्ता, अनीता सिंह, ममता आर्य, ममता मानव, प्रवीण, संजय सैनी, नितिन वशिष्ठ, राम किशोर, प्रेमवती अनिल ने सहयोग किया।

# राजकीय महाविद्यालय कलावाली में विस्तार व्याख्यान करवाया गया

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) आज राजकीय महाविद्यालय कालांवाली में कार्यवाहक प्राचार्य जसपाल सिंह की अध्यक्षता में विस्तार व्याख्यान करवाया गया। डॉ सुरेंद्र पाल ने विद्यार्थियों को भूगोल विषय के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी।बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को भूगोल विषय के पाठयक्रम के अनुरूप जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को विषय से संबंधित कठिनाइयों को दूर करते हुए पर्यावरण, भूगोलिक क्षेत्रों की जानकारी दी।



प्रत्येक व्यक्ति को भूगोल विषय की जानकारी होनी चाहिए। किसी भी देश में यदि हम जाते है तो हमें पहले से ही भूगोल विषय की समझ होगी तो हमारे जीवन आसान हो जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों, मरुभूमि,समतल भूमि आदि पृथ्वी के अनेक तत्वों का ज्ञान मिलता है। पंजाबी विभाग में प्रोफेसर डॉ गुरलाल सिंह ने अनुशासन व्यवस्था में सहयोग किया। प्रोफेसर जितेन्द्र, प्रोफेसर सुषमा देवी, प्रोफेसर संजीव कुमार, डॉ हरजीत कौर ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## फास्टैग वार्षिक पास इस दिवाली उपहार स्वरूप

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

जैतो, :यात्रा को आसान और आरामदायक बनाने वाला, फास्टैग वार्षिक पास इस त्योहारी सीजन में यात्रियों के लिए एक बेहतरीन उपहार हो सकता है, जो उन्हें देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर साल भर की परेशानी मुक्त यात्रा का अवसर प्रदान करता है। राजमार्गयात्रा ऐप के माध्यम से वार्षिक पास उपहार में दिया जा सकता है। ऐप पर 'पास जोड़ें' विकल्प पर क्लिक करके, उपयोगकर्ता उस व्यक्ति का वाहन नंबर और संपर्क विवरण जोड़ सकते हैं जिसे वे फास्टैग वार्षिक पास उपहार में देना चाहते हैं। एक साधारण ओटीपी सत्यापन के बाद, वार्षिक पास उस वाहन से जुड़े फास्टैग पर सक्रिय हो जाएगा। फास्टैग वार्षिक पास राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को एक सहज और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करता है और यह पूरे भारत में लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू है। वार्षिक पास, एक वर्ष की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त शुल्क भुगतान के माध्यम से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की आवश्यकता को समाप्त करता है। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। राजमार्गयात्रा ऐप के माध्यम से एकमुश्त शुल्क का भुगतान करने के बाद, वाहन से जुड़े मौजूदा फास्टैग पर वार्षिक पास दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है।15 अगस्त 2025 को शुभारंभ किए गए, फास्टैग वार्षिक पास ने शुभारंभ के दो महीनों के भीतर लगभग 5.67 करोड़ लेनदेन दर्ज करके पच्चीस लाख उपयोगकताओं का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया। फास्टैग वार्षिक पास को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकताओं को प्रदान किए जाने वाले सुगम और निर्बाध यात्रा अनुभव को रेखांकित करती है।

# थाना औढा पुलिस ने दिल्ली मेट्रो में टोकन काउंटर पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के वांछित आरोपी को फतेहाबाद से काबू कर भेजा जेल

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) डबवाली पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना औढा पुलिस ने दिल्ली मेट्रो में टोकन काउंटर पर नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठने वाले गिरोह के वांछित दूसरे आरोपी कुलदीप पुत्र सुभाष कुमार निवासी जांडली कलां फतेहाबाद को फतेहाबाद से गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रबंधक थाना औढा महिला नि. कमलेश रानी ने बताया कि दिनांक 21.04.2025 को केशव पुत्र चिरंजी लाल निवासी गांव बप्पा जिला सिरसा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा हुआ था जिसमें आरोपियों द्वारा उसे व अन्य लोगों को दिल्ली मेट्रो में टोकन काउंटर पर नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे लिए गए थे। जो आरोपियों द्वारा उससे 11,000 व अन्य लोगों से भी पैसे ले लिए परन्तु नौकरी नहीं लगवाया गया। जिस पर उसके साथ धोखाधड़ी करने पर आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जो जांच के दौरान साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात पीएसआई अजय कुमार ने छानबीन करते हुए एक आरोपी आरोपी पवन कुमार उर्फ पवन सुथार पुत्र बलबीर सिंह निवासी बरासरी नाथूसरी चौपटा को काबू कर उसके कब्जे से 1 लाख 51 हजार नगद राशि बरामद कर जेल भेजा था। जो अब इस मामले में वांछित आरोपी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। जो आदेशानुसार बंद जेल करवाया गया।

# सुखबीर बादल के दौरे से तरनतारन में अकाली आंदोलन को मिला बड़ा बल, 'आप'-कांग्रेस के झूठे वादों से तंग आ चुके हैं लोग - ब्रह्मपुरा

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, - शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के तरनतारन दौरे के दौरान उपचुनाव में पार्टी के पक्ष में आंदोलन को और मजबूत करते हुए, आज पार्टी के उपाध्यक्ष और खडूर साहिब विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने गाँव पंडोरी रूमाणा में पार्टी प्रत्याशी बीबी सुखविंदर कौर रंधावा के पक्ष में कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि यह बैठक साबित करती है कि तरनतारन का माहौल पूरी तरह से अकालियों के पक्ष में हो गया है। इस अवसर पर बोलते हुए श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि सुखबीर सिंह बादल के दौरे से यह स्पष्ट हो गया है कि तरनतारन के लोग आप सरकार के झूठे वादों और कांग्रेस की अवसरवादिता से पूरी तरह तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार ने पंजाब को हर क्षेत्र में बर्बाद कर दिया है - चाहे वह कानून-व्यवस्था हो, किसानों का मुद्दा हो या युवाओं का भविष्य। उन्होंने कहा कि हर दिन नए घोटाले सामने आ रहे हैं और दिल्ली के इशारे पर नाच रही यह सरकार पंजाब के हितों को दांव पर लगा रही है। दूसरी ओर, कांग्रेस का इतिहास पहले से ही पंजाब के हितों के साथ विश्वासघात का रहा है और लोग इन दोनों पार्टियों को सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि लोग आज भी स्वर्गीय श्री प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार के स्वर्णिम काल को याद करते हैं जब पंजाब ने हर क्षेत्र में तरक्की की थी, किसान खुशहाल थे और कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर थी। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह के साथ गाँव पंडोरी रूमाणा के कार्यकताओं ने बीबी सुखविंदर कौर रंधावा को बड़ी बढ़त से जिताने का भरोसा दिलाया है, उससे पता चलता है कि लोग फिर से अकाली दल की सरकार चाहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 'आप' और कांग्रेस के बहकावे से बचें और पंजाब की तरक्की और खुशहाली के लिए शिरोमणि अकाली दल को वोट दें। इस अवसर पर अन्यों के अलावा निरवेल सिंह पुत्र दीदार सिंह, जगजीत सिंह पुत्र सुरजन सिंह, शमशीर सिंह पुत्र जैमल सिंह, तरसेम सिंह, मनजीत सिंह, जगजीत सिंह पुत्र सचिव सिंह, सरवन सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह और धर्म सिंह पुत्र सुलखन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जैतो विधायक अमोलक सिंह ने क्षेत्रवासियों को दिवाली और बंदी छोड़ दिवस की बधाई दी

- ध्वनि और वायु प्रदूषण से बचने के लिए कम से कम पटाखे फोड़ने की अपील

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**



जैतो, : जैतो के आप विधायक अमोलक सिंह ने क्षेत्रवासियों को दिवाली और बंदी छोड़ दिवस की बधाई दी और कहा कि दिवाली पर कम से कम पटाखे फोड़ें और ग्रीन दिवाली मनाएँ। उन्होंने लोगों से ग्रीन दिवाली मनाने का आह्वान करते हुए कहा कि ध्वनि और पर्यावरण प्रदूषण से बचने के लिए पटाखे फोड़ने के बजाय, दिवाली के पावन पर्व को पेड़ लगाकर और अन्य रचनात्मक कार्य करके मनाया जाना चाहिए ताकि आपसी सौहार्द और खुशी का माहौल बन सके। उन्होंने कहा कि पटाखों से निकलने वाली जहरीली गैसें और धुआँ हम सभी के लिए कई तरह की भयानक बीमारियों का कारण बनते हैं। इसके अलावा, बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को सांस लेने में भी तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि इस दिवाली को साफ-सुथरे और स्वच्छ तरीके से मनाने का प्रयास किया जाना चाहिए और लोगों के साथ मिलकर एक-दूसरे को बधाई देकर आपसी भाईचारा बनाए रखना चाहिए।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी:

शहीदी नगर कीर्तन असम से शुरू, अगला पड़ाव उदयपुर से जोधपुर, राजस्थान के लिए रवाना

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, ; शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा धोबाडी साहिब, असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन आज गुरुद्वारा सचखंड दरबार साहिब, उदयपुर, राजस्थान से अपने अगले पड़ाव जोधपुर, राजस्थान के लिए रवाना हुआ। नगर कीर्तन के रवाना होने से पहले गुरुद्वारा साहिब में एक धार्मिक दीवान का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से भाग लिया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी बलजीत सिंह ने संगत के साथ गुरमत विचार साझा किए। सिंह साहिब ने नौवें गुरु जी की शहादत का इतिहास संगत के साथ साझा किया और उन्हें गुरबाणी गुरमत के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। नगर कीर्तन की रवानगी के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधकों ने पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित प्रमुख हस्तियों को सिरोपा भेंट किए। इस दौरान उप सचिव सुखबीर सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन में पहुंची संगत में भारी उत्साह था और संगत ने विभिन्न पड़ावों पर श्रद्धापूर्वक नगर कीर्तन का स्वागत किया। संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा कर गुरु साहिब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिरोमणि कमेटी के सदस्य स. जसमेर सिंह लाछड़ू, स. जगसीर सिंह मांगेआना,

उप सचिव स. सुखबीर सिंह, अतिरिक्त मैनेजर स. जसबीर सिंह, स. बलदेव सिंह ओगरा, स. बलदेव सिंह ओगरा, स. जरनैल सिंह, स. दर्शन सिंह, स. भूपिंदर सिंह, सुपरवाइजर स. मोहनदीप सिंह, स. मिल्खा सिंह, स. हरप्रीत सिंह जंडियाला, उप मैनेजर स. अमरजीत सिंह, स. सुरजीत सिंह कंग, स. जगदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सफाई मित्रों को मिष्ठान एवं उपहार वितरित

**समाज जागरण**



शहडोल ।नगर परिषद कार्यालय ब्यौहारी में नगर परिषद के समस्त स्टाफ परिवार एवं सभी सफाई मित्रों को दीपावली एवं धनतेरस के पावन अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष और राजन गुप्ता द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस अवसर पर सभी को मिष्ठान एवं उपहार प्रदान किए गए तथा सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएं की गईं।कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता , सभापति पार्षद आशीष गुप्ता , भाजपा उपाध्यक्ष राजेश देवा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शरद गौतम तथा नगर परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# किसानों को खराब बीज बेचने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि कोई भी गरीब कच्चे घरों में नहीं रहेगा, कोई बहन भी गरीब नहीं रहेगी

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख**

नई दिल्ली , :देवरिया जनपद के आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में आज भारतीय जनसंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री स्व. रविंद्र किशोर शाही की 43वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ ही आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला, स्वास्थ्य शिविर और प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्व. शाही जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि स्व. रविंद्र किशोर शाही जी भारतीय जनसंघ के उन प्रखर नेताओं में से थे, जिन्होंने संगठन की नींव गांव-गांव तक मजबूत की। स्व. शाही जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया और अपने जीवन को समाजसेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों के लिए समर्पित किया। वे कर्मठ संगठनकर्ता, संवेदनशील समाजसेवी और सच्चे जननेता थे, जिनके विचार आज भी कार्यकताओं को प्रेरणा प्रदान करते हैं। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि स्व. शाही जी ने किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम नागरिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। उन्होंने जनसंघ तथा बाद में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को निचले स्तर तक विस्तारित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।केंद्रीय मंत्री श्री चौहान



ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में, आत्मनिर्भर भारत निर्माण की दिशा में हो रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि स्व. शाही जी का सपना आत्मनिर्भर किसान और सशक्त भारत था, जिसे साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है।श्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के हितों के विरुद्ध काम करने वाले, गड़बड़ियां करने वाले और खराब बीज बेचने वाले सावधान हो जाएं, इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम कड़ा कानून और बड़ा कानून लाएंगे। यदि कोई कंपनी किसानों को ठगने की कोशिश करेगी तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा।केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिले, इसके लिए हमने नई टरढ घोषित की है। उन्होंने सभी से अपील की कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी धरती और माटी की सुरक्षा करें। इसके लिए अधिक उर्वरक और कीटनाशक दवाओं के प्रयोग से बचना होगा।श्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि कोई भी गरीब कच्चे घरों में नहीं रहेगा। इसके लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय पूरी मजबूती के साथ योजनाबद्ध रूप से काम कर रहा है और गरीबों के घर बनाए जा रहे हैं। इसी के साथ, कोई बहन गरीब नहीं रहेगी, आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों को लखपति दीदी बनाना है, जिसके लिए भी मंत्रालय मिशन बतौर तेजी से काम कर रहा है।इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, देवरिया के सांसद श्री शशांक मणि त्रिपाठी, कुशीनगर के सांसद श्री विजय कुमार दुबे, सदर विधायक श्री शलभ मणि, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, किसान भाई-बहन, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# गौरेला में हत्या के दोषी गणेश बैगा को आजीवन कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड की अदालत ने सुनाया फैसला

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला।थाना गौरेला अंतर्गत ग्राम सिंगलटोला में दिनांक 30 अगस्त 2023 को घटित हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने आज अपना फैसला सुनाते हुए अभियुक्त गणेश उर्फ गन्ने बैगा पिता कैलाश बैगा को दोषी करार दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल की अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा के साथ ₹2000 का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड का भुगतान न करने की स्थिति में अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

प्रकरण के अनुसार घटना दिनांक 30 अगस्त 2023 की शाम लगभग 6 बजे ग्राम सिंगलटोला में हुई थी। अभियुक्त गणेश अपनी बहन से विवाद कर रहा था, इसी दौरान पड़ोसी विजय बैगा ने बीच-बचाव का प्रयास किया। विवाद के दौरान अभियुक्त ने अपने पास रखे बकरे काटने वाले चाकू से विजय बैगा पर पेट में वार कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे अजय बैगा को भी अभियुक्त ने जान से मारने की नीयत से चाकू मारा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद परिजन घायल और मृतक को जिला अस्पताल गौरेला लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने विजय बैगा को मृत घोषित किया। घटना की सूचना पर गौरेला पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध अपराध क्रमांक 352/2023 धारा 302 एवं 307 भारतीय दंड संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।

सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। इस प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक श्री कौशल सिंह द्वारा की गई।

# दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में मनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में मनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। दीपावली (लक्ष्मी/काली पूजा) 20 एवं 21 अक्टूबर को मनाई जाएगी, जबकि धनतेरस पर्व 18 अक्टूबर को पारंपरिक रूप से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बाजारों में बर्तन, आभूषण, वाहन आदि की खरीदारी के लिए भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। ऐसे में असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा विधि-व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किए जाने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने सतर्कता के व्यापक उपाय किए हैं। 18 से 21 अक्टूबर तक सभी थाना क्षेत्रों में आपसी समन्वय स्थापित कर निरंतर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा पटाखा विक्रेताओं द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के पालन की गहन जांच की जाएगी। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष बल तैनात किए जाएंगे। इस संबंध में सभी संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं यातायात प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

अनुमंडल प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे दीपावली पर्व के दौरान अनुशासित आचरण बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी आपराधिक या आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं।

# मिशन शक्ति के तहत कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में एलडीएम ने छात्राओं को वित्तीय प्रबन्धन की दी जानकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**



प्रतापगढ़। जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य उ0प्र0 कौशल विकास मिशन आलोक कुमार ने बताया है कि व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदाता शिवम फाउन्डेशन द्वारा उ०प्र० कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्र चिलबिला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं/युवतियों को वित्तीय प्रबन्धन हेतु एल०डी०एम० गोपाल शेखर झा द्वारा बताया गया कि इसका उद्देश्य कम्पनी की वित्तीय स्थिरता और लाभप्रदता को बढ़ाना होता है। वित्तीय प्रबन्धन एक व्यावसायिक कार्य है जिसमें अल्पावधि और दीर्घावधि व्यवसाय हेतु धन की आवश्यकता का अनुमान लगाना है। इस अवसर पर शिवम जायसवाल निदेशक शिवम फाउन्डेशन द्वारा बताया गया कि वित्तीय प्रबन्धन एक व्यावसायिक कार्य है जिसमें अल्पावधि और दीर्घावधि व्यवसाय हेतु धन की आवश्यकता का अनुमान लगाकर लाभप्रदता, व्यय नकदी और ऋण से सम्बन्धित कार्यशील पूंजी तैयार कर व्यावसायिक इकाइयों या उत्पादों के बीच पूंजी का आवंटन और लाभांश नीति शामिल करना है। कार्यक्रम में केन्द्र प्रबन्धक श्रेया निर्मल, रंजीत सिंह, शिखा त्रिपाठी एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# राज्यस्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ।

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली प्रतियोगिता में किसी भी प्रतियोगिता जो स्तर होता है उसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। महासचिव हॉकी इंडिया ,भोला सिंह

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



रांचीः स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को खेलगांव स्थित गणपत राय स्टेडियम में किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया के महासचिव भोला सिंह थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हॉकी झारखंड के महासचिव श्री विजय शंकर सिंह, झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार एवं उपाध्यक्ष संजय कुमार झा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग द्वारा पुष्पगुच्छ, पौधा, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंटकर किया गया। मुख्य अतिथि भोला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि ह्झारखंड में कुश्ती खेल को खड़ा करने में हमने काफी मेहनत की है। आज शिक्षा विभाग जिस समर्पण के साथ इस खेल को आगे बढ़ा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का यह स्तर निश्चित रूप से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करेगा। स्वागत भाषण देते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने बताया कि प्रारंभ में जहां केवल 10-12 जिले इस प्रतियोगिता में भाग लेते थे, वहीं इस बार 20 जिलों के खिलाड़ीयो ने हिस्सा लिया हैं। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है इससे साफ पता चलता है कि झारखंड में खेल की पहुंच अब गांव गांव और स्कूल स्कूल तक हो रही है। विभाग का लक्ष्य है कि हर स्कूल से एक खिलाड़ी और हर खिलाड़ी एक चैंपियन बने। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग – अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें अंडर-14 वर्ग में फ्री-स्टाइल कुश्ती के 10 भार वर्गों में खिलाड़ी रोमांचक मुकाबले कर रहे हैं। अंडर-17 और अंडर-19 बालक वर्ग में ग्रीको-रोमन शैली में तथा बालिका वर्ग में फ्री-स्टाइल शैली में मुकाबले जारी हैं। इसी क्रम में ताना भगत इनडोर स्टेडियम में एकदिवसीय राज्यस्तरीय गतका खेल का खुली चयन प्रक्रिया का आयोजन भी किया गया है, जिसमें राज्य के लगभग 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा ।

# सेवाएं प्रदान करने में पंचायतों की क्षमता को मजबूत करे बीडीओ : अखिलेश कुमार

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।पंचायतों को सशक्त बनाने को लेकर शनिवार को प्रखंड सभागार में बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अखिलेश कुमार ने किया ।बैठक में सीएससी जिला कॉर्डिनेटर,मुकेश झा,रौशन कुमार,पंचायत सचिव,पंचायत वीएलई एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे ।बैठक के दौरान बीडीओ श्री कुमार एवं जिला कॉर्डिनेटर के द्वारा पंचायतों को सशक्त बनाने का निर्देश दिए गए ।उन्होंने बताया संबंधित पंचायत का कार्य पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र से ही करे जिससे पंचायत के ग्रामीणों को डिजिटल पंचायत का लाभ मिल सके ।मौके सुरेंद्र प्रसाद,चंदन कुमार,मुकेश कुमार,राजकुमार,कुंदन कुमार,प्रियंका कुमारी,प्रीति कुमारी,रामानंद प्रसाद,देवनन्दन प्रसाद,जगनारायण राम,बसंत कुमार,रंजीत कुमार समेत प्रखंड कर्मी,स्वयंसेवक,पंचायतवीएलई मौजूद थे ।

# सकरा का गौरव सकरा निवासी के पुत्र राजकुमार सिंह का चयन राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता के लिए राजस्थान अलवर के लिए हुआ

**समाज जागरण अनूपपुर**

जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत सकरा निवासी के पुत्र राजकुमार सिंह का चयन राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता के लिए राजस्थान अलवर के लिए हुआ , जो की राष्ट्रीय परंपरागत लाठी खेल संघ भारत के तत्वाधान में 14 एवं 15 अक्टूबर को आयोजित किया गया।

जहां राजकुमार सिंह अपने गुरु जन किशोर कुमार साकेत के साथ प्रतियोगिता में शामिल होकर एक गोल्ड,और एक सिल्वर मेडल प्राप्त कर अपने जिले ,पंचायत का नाम रोशन करते हुए गौरांवित किया है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकरा के पूर्व छात्र राजकुमार सदैव खेलकूद के प्रति समर्पित लगनशील मेहनती रहे है वो विद्यालय में भी अग्रणी रहकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल



हो चुके है जहां विद्यालय के पीटीआई उपेन्द्र कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व सानिध्य मार्गदर्शन में मैडल अर्जित किए वहीं अब वो किशोर कुमार साकेत और उपेन्द्र कुमार मिश्रा के साथ सेपक टकरा खेल के निर्णायक की परीक्षा की तैयारी भी कर रहे हैं साथ में लाठी ,सेपक टकरा दोनों विधाओं में पारंगत हासिल कर पंचायत सकरा,के नन्हे मुन्हें खिलडिओ को भी अपने कोच उपेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में तैयार कर रहें , जानकारी के लिए बता दें राजकुमार का चयन विगत माह उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक अर्जित करने पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। सकरा ग्राम पंचायत के सरपंच संतोष सिंह का कहना है की राजकुमार की लगन और मेहनत ने साबित कर दिया की ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओ की कमी नहीं है, वो दिन दूर नहीं जब राजकुमार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सकरा का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी के लिए राजकुमार सकरा से लगभग 10 किलो मीटर दूर अमलाई प्रशिक्षण के लिए जाते है और अपने सकरा ग्राम में नन्हे विद्यार्थियों एवं परिवार जानो को प्रशिक्षित करते हैं।

उनकी इस सफलता में ग्राम पंचायत सकरा सरपंच संतोष सिंह जी, उपसरपंच महोदय ,सभी पंचायत प्रतिनिधि विद्यालय परिवार आर पी सोनी प्रिंसिपल, बीडी पटेल, अरुण गुप्ता विनोद कुमार द्विवेदी, जशवंत जी, रेखा सिंह दीक्षित, लवकेश द्विवेदी, प्रसीत दास, संजय कोल, फूलमती जी, सुनील कुमार, मधु तिवारी, साहिल खान, निधि तिवारी, शारदा चौरशिया, शिल्पी कौर, शिवांगी जी, पुष्पेंद्र साहू, गणेश वती जी, सुरेंद्र सिंह, लकी, कमलेश अधीक्षिका सुभद्रा सिंह जी सहित समस्त जनों ने शुभकामनाएं बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सरपंच संतोष सिंह जी ने खिलाड़ी राजकुमार सिंह को हर संभव मदद की बात कही साथ ही सकरा विद्यालय पीटीआई उपेन्द्र कुमार मिश्रा जी को बधाई दी और कहा कि जबसे इनकी पोस्टिंग विद्यालय में हुई है विद्यालय के खिलाड़ी छात्र छात्रा खेल कूद प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने लगे साथ ही राष्ट्र,राज्य स्तरीय खेलकूद में।चयन से पंचायत , क्षेत्र के साथ विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

# मध्य प्रदेश द सूत्र के दो संपादकों को उठा ले गई राजस्थान पुलिस, आलोचना से डरी भजन-दीया सरकार!

**समाज जागरण**

जयपुर/भोपाल। पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई का एक और मामला सामने आया है। राजस्थान पुलिस ने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'The सूत्र से जुड़े दो पत्रकारों हरीश दिवेकर और आनंद पांडे को मध्यप्रदेश से हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी से जुड़ी कुछ खबरों को लेकर की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पत्रकारों को राजस्थान पुलिस की टीम ने मध्यप्रदेश के इंदौर से उठाया। सूत्रों का कहना है कि हाल के दिनों में The सूत्र ने दीया कुमारी से संबंधित कुछ रिपोर्टें प्रकाशित की थीं, जो कथित तौर पर राज्य के सत्ताधारी दल के नेताओं को पसंद नहीं आईं। पत्रकार संगठन और मीडिया जगत में इस कार्रवाई को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। कई वरिष्ठ पत्रकारों का कहना है कि राज्य की बीजेपी सरकार अब आलोचना सहने को तैयार नहीं है और स्वतंत्र पत्रकारों पर दबाव बनाने की कोशिशें लगातार बढ़ रही हैं।

हालांकि, इस मामले में राजस्थान पुलिस या राज्य सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पत्रकार संगठनों ने दोनों पत्रकारों की रिहाई की मांग करते हुए कहा है कि खबर लिखना अपराध नहीं हो सकता, सत्ता से सवाल करना पत्रकारिता का धर्म है।

# दीपावली पर सात परिवारें को अनुकंपा नियुक्ति का तोहफा

**समाज जागरण**

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने दीपावली पर्व पर सात परिवारो को अनुकंपा नियुक्ति का तोहफा दिया है।उन्होने बताया कि कार्यालय तहसील मानपुर के दिवंगत शासकीय सेवक स्व०श्रीमती बेला बाई सिंह के स्थान पर धनंजय सिंह को कार्यालय तहसील मानपुर,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्व० भूपेन्द्र सिंह के स्थान पर राहुल सिंह को शासकीय आईटीआई प्रशिक्षण संस्था उमरिया, जनजातीय कार्य विभाग के दिवंगत शासकीय सेवक स्व० प्रभात त्रिपाठी के स्थान पर प्रज्ञान त्रिपाठी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय,जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दिवंगत शासकीय सेवक स्व० अशोक कुमार पांडेय के स्थान पर उमादत्त पांडे को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दिवंगत शासकीय सेवक मान सिंह के स्थान पर जागेश्वर प्रताप सिंह को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग,जन जातीय कार्य विभाग के दिवंगत शासकीय सेवक स्व० राम सुजान सोनी के स्थान पर अभिषेक सिंह को कार्यालय तहसील तहसील मानपुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दिवंगत शासकीय सेवक स्व० अशोक लकडा के स्थान पर अनंत लकडा को कार्यालय कलेक्टर में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है।

# गांजा तस्करी मामले में पुलिस पर उठ रहे सवाल ?

### परिजनों के साथ झूमाझटकी और मारपीट की वीडियो वायरल

**समाज जागरण**

उमरिया ---उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के अमिलिहा से खाना बदोस व्यापारियों के सामाग्री पहुचाने के लिए तीन पी कप वाहन समीपी जिला कटनी के लिए गयी थी। जिन व्यापारियों का सामान पहुचाने के लिए गयी थी वह व्यापारी गाँव- गाँव में प्लास्टिक के फूल माला बेचने का काम करते थे, उनके व्दारा तीन पी कप वाहन बरही के लिए तय करके 13 अक्टूबर 2025 को रात 8 बजे ले गये थे और कचुर्ली गाँव के पास व्यापारियों ने तीनों वाहनों को अलग अलग स्थान पर ले कर जाने के लिए बाध्य करने लगे, इस पर पी कप



चालकों ने मना कर दिया । इस पर व्यापारियों ने बल पूर्वक चालकों को वाहन ले जाने की कोशिश की गयी, जिस पर चालकों व्दारा वहाँ से भाग कर अंजनी यादव नामक चालक ने अपने मोबाइल फोन नंबर 99774033582 से पुलिस सहायता हेतु 112 नंबर पर काल कर अपनी फरियाद सुनायीं जिसकी भनक लगते ही व्यापारियों ने स्थानीय स्तर पर चार सफारी गाडियों की व्यवस्था कर सामान लेकर रफूचक्कर हो गये जब खितौली चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुँची तब तक व्यापारी सामान को लेकर ठिकाने लगा दिये।परिजनों ने बताया की बाद में पुलिस ने घटना स्थल के पास झाडियों में एक बोझा में गांजा पाया गया जिसे पुलिस अपनी गाड़ी 112 में लोड कर के वहाँ से ले गयी। पी कप वाहन में किसी तरह के मादक पदार्थ नहीं पाया गया है फिर भी बरही पुलिस ने 16 अक्टूबर को पी कप वाहनों को थाना में लाकर गाडियों को जब्त कर बकायदा वाहन चालकों के विरूद्ध प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस कार्यवाही की जा रही है और इस मामले में पुलिस ने वाहन चालकों के विरुद्ध गांजा तस्करी की कार्यवाही की गयी है, साथ ही वाहनों में सवार दो अन्य यात्रियों के विरुद्ध इसी मामले में कार्यवाही की जा रही है। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद से अमिलिहा गाँव में हडकंप मच गया और परिजन बरही थाना पहुँच गये, जिस पर बरही पुलिस ने थाना में गयी रीता यादव पति राकेश यादव अमिलिहा ने बताया की बरही पुलिस के व्दारा मेरे साथ मारपीट की गयी है, जिसकी शिकायत सी एम हेल्प लाइन में भी दर्ज करायी गयी है। इस प्रकरण से अमिलिहा गाँव के लोग काफी आक्रोशित है और मामले की सूक्ष्मतम जांच करने की मांग करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी के नेता आर डी यादव इस मामले की तत्परता से जांच कराने की मांग यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से किया है इस पूरे मामले की जिस तरह की वीडियो वायरल हो रही है उससे कहीं न कहीं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाये जा रहे हैं।

# सब्जी बाजार की तरह पटाखा दुकान

### त्रिदेव होटल के बगल रहवासी एरिया में विस्फोटक दुकान प्रशाशन ने मूंद रखी है आंख



**समाज जागरण**
**अखिलेश सिंह शहडोल।**

त्योहारों के सीजन में जहां जिला प्रशासन ने पटाखा दुकानों के लिए अलग स्थल चिन्हित किया है, वहीं त्रिदेव होटल के बगल में खुलेआम विस्फोटक अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि एक कथित पूर्व भाजपा नेता द्वारा संचालित व्यापारी ने भारी मात्रा में पटाखों का अवैध संग्रहण कर रखा है और अब उन्हीं पटाखों को आम जनता के बीच फुटकर में बेच रहा है। यह पूरा इलाका घनी आबादी वाला रहवासी क्षेत्र है, जहां सैकड़ों लोगों की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। ऐसे में कहीं भी चिंगारी या लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे यह अवैध व्यापार चल रहा है, और किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने अब तक मौके पर जांच तक नहीं की।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पटाखों का यह अवैध संग्रहण किसी भी वक्त विस्फोटक रूप ले सकता है। अगर कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी, क्षेत्रवासियों ने कहा।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा पटाखा बिक्री के लिए निर्धारित क्षेत्र तय किए गए हैं, परंतु यह व्यापारी उन नियमों को दरकिनार कर खुलेआम आम जनता के बीच विस्फोटक सामग्री बेच रहा है।

प्रशासन की यह अनदेखी किसी बड़े हादसे की प्रतीक्षा जैसी लग रही है। अब सवाल यह है कि जब खतरा इतना बड़ा है, तो प्रशासन की आंखें कब खुलेंगी? कहीं ऐसा न हो कि कार्यवाही से पहले हादसा प्रशासन को जगाए।

# खेलों में मध्यप्रदेश लगातार बढ़ रहा आगे- प्रभारी मंत्री

### प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने जगतगुरु मऊली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन ट्रॉफी के समापन समारोह में लिया हिस्सा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर/ मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। खिलाड़ियों की मेहनत और राज्य सरकार की खेलों के प्रति संवेदनशील नीतियों के कारण प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में लगातार पदक जीतकर मध्यप्रदेश को नई पहचान दिला रहे हैं। प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार शुक्रवार को अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत अमगवां में आयोजित जगतगुरु मऊली सरकार अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन ट्रॉफी के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

प्रभारी मंत्री ने फुटबॉल खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि



खेलते समय जो प्रसन्नता और आत्मसंतोष खिलाड़ियों को प्राप्त होता है, वह अद्भुत और अविस्मरणीय होता है। खेल केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती ही नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और जीवन में सफलता की राह भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। खेलकूद से लेकर शिक्षा और प्रशासन तक, बेटियां अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे लगन और परिश्रम से आगे बढ़ें और प्रदेश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखें।

प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शहडोल संभाग के मिनी ब्राजील कहे जाने वाले विचारपुर की बेटियां तथा फुटबॉल खिलाड़ी जर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस लौटे हैं। यह प्रदेश और क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी को समान अवसर प्रदान कर रही है ताकि हर वर्ग और विशेषकर बेटियां जीवन में आगे बढ़ सकें और अपने क्षेत्र, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन करें। प्रभारी मंत्री ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि सरकार निरंतर प्रयासरत है कि खेलों के क्षेत्र में अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने सपनों को साकार कर सकें।

प्रभारी मंत्री का गुदुम बाजे के साथ किया गया स्वागत प्रभारी मंत्री का गुदुम बाजे की पारंपरिक धुनों के साथ भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ताल पर वातावरण उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की संस्कृति और परंपरा को संजोना ही इसकी असली पहचान है। प्रभारी मंत्री ने खिलाड़ियों से किया प्राप्त किया परिचय प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने कार्यक्रम में फुटबॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रही है।

प्रभारी मंत्री ने विजेता एवं उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित

प्रभारी मंत्री ने अंडर-14 प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया। बालक वर्ग में सांदीपनि विद्यालय अमगवां विजेता तथा हायर सेकेंडरी स्कूल भेजरी उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में सांदीपनि विद्यालय अमगवां विजेता तथा कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ उपविजेता घोषित किए गए। मंत्री ने विजेता टीमों को पदक प्रदान कर 5100 रुपए तथा उपविजेता टीमों को 2500 रुपए की नगद राशि देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार फुटबॉल प्रतियोगिता में 31 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबलों के बाद अंतिम मैच बालाघाट भरवेली टीम और कोरबा (छत्तीसगढ़) टीम के बीच खेला गया। इस निर्णायक मैच में बालाघाट भरवेली टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। प्रभारी मंत्री ने विजेता टीम को शील्ड एवं 51,000 रुपए का नगद पुरस्कार तथा उपविजेता टीम को शील्ड एवं 25,000 रुपए की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, हीरा सिंह श्याम, संत जगदगुरू मौली सरकार श्याम नारायण शुक्ला आनंद केसरवानी, विजय राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पत्रकारगण, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# दीपावली : कानपुर के कई इलाकों में पुलिस की मिलीभगत से सजीं जुएं की फड़ें

### - दीपावली के अलावा भी कई थाना क्षेत्रों में खुलेआम कराया जाता है जुआं। बदले में थानेदार की होती है प्रतिमाह लाखों की कमाई

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर।प्रदेश के इस अतिसंवेदनशील जिले में दीपावली के त्योहार को सकुशल तरीके से संपन्न कराने के लिए यहां की पुलिस अपराधी अराजक तत्वों के खिलाफ पूरी तरह से सतर्क है। इस दौरान जुआ खेलने वाले या फिर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई भी की जा रही है।वहीं आउटर पुलिस की भी सतर्कता महाराजपुर ,बिल्लौर, सचेंडी, बिधनू ,सचेंडी नरवल, चौबेपुर ,शिवराजपुर घाटमपुर सजेती आज थाना क्षेत्रों में भी नजर आई। कुल मिलाकर दीपावली के इस पावन पर्व को सकुशल का पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को आवश्यक आदेश निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं।, जिसके फलस्वरूप दीपावली के त्यौहार को सफल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को उनके विरुद्ध भी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी। दूसरी विभागीय सूत्रों का दावा यह भी है कि कई थाना क्षेत्रों में पुलिस की मिलीभगत से लाखों के जुआंड़ खानों का भी संचालन किया जा रहा है। मतलब पुलिस ही पैसे लेकर जमा करवा रही है। यद्यपि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है हर साल यहां दीपावली पर इसी तरह से जुए की फड़ पुलिस की मिलीभगत से ही लगभग हर थाना क्षेत्र में सजाई जाती है। और और इनमें से अधिकांश जुआंड खानों को पकड़ा तभी जाता है । जब संबंधित इलाके के थानेदार को अपनी कुर्सी खतरे में पड़ती दिखाई पड़ती है। वरना ना केवल दीपावली बल्कि पूरे साल जुआ घरों का संचालन पुलिस की ही मिलीभगत से होता रहता है` सूत्रों की माने तो अपने इलाके में जुआं करवाने के बदले हर थानेदार को प्रतिमाह लाखों की कमाई होती है।

**दीपावली पर विशेष - - -**

: : गरीबों की मांग : : दीप मालिके वापस जाओ। दीप मालिके वापस जाओ।। स्वागत कैसे करुं तुम्हारा।स्वागत का कुछ नहीं सहारा॥ या पहले "साधन "दिलवाओ,दीप मालिके वापस जाओ।दीप मालिके वापस जाओ। पहले ही संताप बहुत है।हर "अभाव" का ताप बहुत है ॥ कैसे इसका करुं समापन,हो हिम्मत सहाय बन जाओ।दीप मालिके वापस जाओ।दीप मालिके वापस जाओ। जब भी तुम वापस आती हो,वे खुश,मुझको गम लाती हो।हालातों को कब तक झेलूं,कोई तो अब राह बताओ।दीप मालिके वापस जाओ। दीप मालिके वापस जाओ।। इच्छाओं का सागर गहरा,उस पर भी अभाव का पहरा।प्रभु कहने का साहस दिलवाओ। दीप मालिके वापस जाओ। दीप मालिके वापस जाओ।।



- सुनील बाजपेई

# योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने प्रतिनियुक्ति मामले में अपनाया दोहरा मापदंड

### एक की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर भेजा मूल विभाग और एक कर्मचारी को दिया अभयदान

**समाज जागरण**

रीवा। जिले में संचालित योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अधिकारी अनिल दुबे ने प्रतिनियुक्त मामले में दोहरा मापदंड अपनाया है। एक कर्मचारी को तो मूल विभाग वापस भेज दिया गया और दूसरे कर्मचारी जो लेखपाल है। उसे उसे सीईओ अनिल दुबे ने आवेदन देते हुए अब तक विभाग में ही रखा गया है। जबकि लेखापाल को वेतन नहीं मिल रहा है ,इसके बावजूद भी दुबे जी ने प्रतिनियुक्ति मामले को नजर अंदाज करते हुए अभय दान दे दिया। लिहाजा कर्मचारी अब तक सीईओ की छत्रछाया में कर्मचारी सांख्यिकी विभाग में कार्यरत है। जिसकी चर्चा पूरे जिले भर में जोर-शोर से हो रही है। पता चला है कि पहले जिले में विंध्य विकास प्राधिकरण संचालित




हुआ करता था जिसे योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में मर्ज कर दिया गया। विभाग को तो योजना एवं सांख्यिकी में मर्ज कर दिया गया लेकिन कर्मचारियों को वेतन एवं भत्ते से वंचित कर दिया गया। उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया। क्योंकि प्राधिकरण के विलय से, योजना सांख्यिकी विभाग से मिल ही नहीं रहा। ज्ञात हो कि तात्कालिक समय में संख्यिकी, विंध्य विकास प्राधिकरण जबलपुर, सागर व रीवा संभाग विलय हुए थे। प्राधिकरण को विलय तो कर सांख्यिकी विभाग में कर दिया गया लेकिन कार्यरत कर्मचारियों को नहीं। जिनके लिए वेतन व भत्ते का जिक्र ही नहीं किया गया। विंध्य विकास प्राधिकरण का काम तो चला लेकिन कर्मचारियों का वेतन बंद होने से वह परेशान होने लगे थे। जिसे गंभीरता से लेते हुए योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान द्वारा 30 जनवरी 20 को जबलपुर ,सागर व रीवा सीईओ को आदेश जारी करते हुए कहा गया था। बिना विकास प्राधिकरण में प्रति नियुक्ति पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को मूल विभाग वापस भेजा जाए। जिस पर सीआईए द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया जा सका, इसी उदासीनता के चलते कर्मचारी अब तक प्रतिनियुक्ति पर कार्य रक्त है। इस मामले में योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सीईओ अनिल दुबे से चर्चा की गई थी लेकिन उनका कहना था कि प्रतिनियुक्ति में कार्यरत कर्मचारियों को भेजना हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। यह अधिकार कलेक्टर व कमिश्नर को है । अब तक प्रतिनियुक्ति

नहीं हो सकी समाप्त- : योजना एवं सांख्यिकी विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का कोई पालन नहीं हो रहा है। उदाहरण स्वरूप प्रतिनियुक्ति मामले को ही देखें तो विभाग के सीईओ अनिल दुबे द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग के जलवाहक राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, जिनका भी 2011 में बिना विकास प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति हुई थी। जिस हाल ही में श्री दुबे ने निरस्त करते हुए कुशवाहा को मूल विभाग वापस भेज दिया गया। वहीं दूसरे कर्मचारी राजेश कोल, जो लेखपाल पद पर हैं। जो जिला शिक्षा अधिकारी सीधी कार्यालय से वर्ष में 2011 में ही प्रतिनियुक्ति पर ही विंध्य विकास प्राधिकरण में आए थे। विभाग तो योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में मर्ज हो गया लेकिन राजेश कोल की प्रतिनियुक्ति अब तक नहीं समाप्त हो सकी। मामले में सवाल उठता है कि सीईओ एक को तो मूल विभाग भेज चुके। दूसरे प्रति नियुक्ति वाले कर्मचारी पर इतनी मेहरबानी क्यों? जबकि राजेश कोल का वेतन भी बंद है। फिर किसकी सरपरस्ती में योजना एवं सांख्यिकी विभाग से अब तक मोह नहीं छूट पाया ? आखिरकार वजह क्या है और कहां से कैसै पारिवारिक खर्च चल पा रहा है।

# जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में है उपलब्धता, किसान भाई अफवाहों पर न दें ध्यान

**समाज जागरण दैनिक**
**विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जनपद के सभी किसान भाइयों को आश्वासन देते हुआ बताया है कि रबी सीजन हेतु जनपद में उर्वरकों (खाद) की मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा उपलब्धता है। किसानों से अनुरोध है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और नियमित रूप से अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों का क्रय करें। उन्होने बताया है कि जनपद में यूरिया की 9442 मीट्रिक टन, डीएपी की 6122 मीट्रिक टन व एनपीके की 6091 की उपलब्धता है। उन्होने सभी लाइसेन्स धारी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे कृषकों को उनकी जोत/भूमि (खतौनी विवरण) के आधार पर उर्वरक उपलब्ध करावें। उर्वरकों की विक्री/वितरण के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते हुए जो भी विक्रेता पाया जाएगा के विरुद्ध उर्वरक अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियन्त्रण आदेश -1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 में निहित प्रविधानों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। जनपद के सभी वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विकास खंडों में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की निगरानी सतत रूप से करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होने बताया है कि जनपद के कृषक भाई किसी भी प्रकार के अनियमितता यथा उर्वरकों की विक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरकों के साथ जबरजस्ती अन्य उत्पादों की टैगिंग दुकानदार द्वारा की जाने की स्थिति में इसकी लिखित सूचना जिला कृषि अधिकारी कार्यालय अथवा दूरभाष नम्बर 7839882339 एवं 9793096573 पर दर्ज करा सकते है, जिससे संबन्धित विक्रेता के विरुद्ध दंडात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होने सभी कृषक भाइयों से अपील करते हुये कहा कि वे रबी सीजन की फसलों की आवश्यकता के अनुरूप ही उर्वरक खरीदें। खरीदते समय बिल अवश्य लें। यदि आपको किसी उर्वरक की गुणवत्ता पर संदेह है, तो तुरंत नजदीकी कृषि कर्मचारी या जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में इसकी सूचना दें।

# त्योहार को देखते हुए बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर ।जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत दिवाली और धनतेरस के त्यौहार को देखते हुए थाना प्रभारी सुंदरेष मरावी ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।थाना टीम के साथ इलाके के मुख्य बाजार दुर्गा मंदिर मार्केट अमलाई एवं चचाई संजय नगर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस थाने की टीम उपस्थित रही। प्रत्येक मार्केट में भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गई है जो कि पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं जिसके कारण व्यापारियों एवं ग्राहकों को सुलभता हो रही है।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




डी आर एस पब्लिक स्कूल खेवली वाराणसी में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया , प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक शुभम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षिका सारिका सिंह के मार्ग दर्शन में छात्राओं ने रंगोली बना कर प्रतियोगिता में भाग लिया। रंजीत तिवारी

# अथर्व ने बढ़ाया परिवार का मान, मिला ए प्लस ग्रेड

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जिले के आर्मी पब्लिक स्कूल में बालवटीका टू में अध्ययनरत छात्र अथर्व त्रिपाठी की दीपावली दुगुनी खुशियों वाली हो गई जब आज अर्धवार्षिक परिक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्कूल द्वारा आज प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही अथर्व की शिक्षिका अवंतिका उपाध्याय ने बताया बच्चे का तार्किक शक्ति से साथ साथ संस्कारिक ज्ञान भी बहुत अच्छा है।स्कूल में आयोजित होने वाले प्रतिभाग में हमेशा अच्छा प्रदर्शन करने वाला है। वही अथर्व की मां खुशी त्रिपाठी ने बताया अथर्व बचपन से बड़ों का सम्मान करने के साथ साथ पढ़ाई में मन लगता हैं जिससे आज उसे क्लास में अच्छा ग्रेड प्राप्त हुआ।



# दो दिवसीय तूफान खेल का हुआ समापन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। श्री युगल बिहारी इंटर कॉलेज रामेश्वर के खेल मैदान में नांदी फाउंडेशन द्वारा तूफान गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 120 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया वही कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने कहा



खिलाड़ियों का खेल के भावना से खेल को खेल कर वह चाहिए हासिल करना चाहिए। आयोजिका महिमा पटेल ने कहा बालिकाओं के अंदर खेल की प्रतिभा छुपी होती है जिसको नांदी फाउंडेशन द्वारा प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम के समापन पर इंटर कॉलेज के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू एवं माध्यमिक शिक्षा संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ जितेंद्र पटेल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह पप्पू ने कहा युवाओं को सही मंच देकर उनके अंदर के प्रतिभा को समय समय पर निखारने का कार्य होना चाहिए जिससे खेल के क्षेत्र के ऊंचाई हासिल कर सके।
प्रधानाचार्य नीरज यादव, दारा कुमार, सुभाष राम ,धर्मेंद्र वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थितरहे।

# किसानो को खाद के लिए नही जाना पड़ेगा दूर: अवधेश सिंह

**समाज जागरण**

वाराणसी। मधुपुर मे एक नई सहकारी समिति का गठन होगा।इस संबंध मे बटबंतरा बीपैक्स के संचालक मंडल की बैठक मे यह निर्णय लिया गया।



बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष निशा देवी ने की।बैठक मे एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने नई समिति के गठन के नियम और प्रक्रिया के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी।
अवधेश सिंह ने कहा कि नई समिति के गठन से किसानो को खाद लेने दूर नही जाना पड़ेगा और खाद की उपलब्धता भी पहले से बेहतर होगी।
बैठक मे सचिव प्रदीप सिंह, के अलावा कर्मवीर मौर्य, धीरज कुमार, धर्मेन्द्र, कृष्णकुमार, जयप्रकाश ,महेन्द्र समेत सभी संचालक मौजूद रहे।

# कृषि यंत्रों पर जीएसटी दरों में सुधार से किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिला: श्री चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के ग्राम डुमरीखुर्द में आयोजित ह्यग्राम चौपालह्ण में ग्रामीण भाई-बहनों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण निवासी, किसान भाई-बहन, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भागादारी की।
श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादन बढ़ाने, बेहतर बीज उपलब्ध कराने और लागत घटाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल के नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए प्रमुख फसलों, उत्पादन लागत और स्थानीय खाद्य की दुकानों की आवश्यकता जैसे मुद्दे की भी जानकारी ली।
श्री चौहान ने केंद्र सरकार के दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत मसूर और चना के उत्पादन बढ़ाने की पहल से अवगत कराया और किसानों के सुझाव भी मांगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष केंद्र सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) में वृद्धि की है जिससे किसानों को लाभ होगा। विशेष रूप से गेहूं, चना, मसूर और सरसों की एमएसपी में वृद्धि की जानकारी भी दी।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का हुआ सम्मान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी स्थित बी.आर.सी. पर शनिवार दोपहर 3 बजे राज्य अध्यापक पुरस्कार 2024 प्राप्त शिक्षक चक्रधर चंद्र चौबे के सम्मान में एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी, संजय कुमार यादव ने शिक्षक चौबे को अभिनंदन पत्र प्रदान किया और उन्हें 'युग निमार्ता' बताया। उन्होंने विद्यालय को समुदाय से जोड़ने के उनके प्रयासों की सराहना की और अन्य शिक्षकों से उनसे प्रेरणा लेने का आग्रह किया।



अपने संबोधन में चक्रधर चंद्र चौबे ने खंड शिक्षा अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस सम्मान को समस्त शिक्षकों को समर्पित किया।
अभिनंदन समारोह में नोडल शिक्षक, संकुल शिक्षक, प्रधानाध्यापक और शिक्षामित्र सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गांव गिरॉंव की शिक्षण संस्थाओं ने दिए सपनों के पंख

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। भैरवतालाब स्थित श्री अंबिका प्रसाद सिंह भैरवनाथ इंटर कॉलेज में शनिवार को प्रथम पुरातन छात्र समागम 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में इस विद्यालय के छात्र रहे पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक फूलचंद यादव, उप जिलाधिकारी अभिषेक सिंह, चिकित्सक डॉ एस जे पटेल,भाजपा नेता प्रवीण सिंह गौतम,शिक्षक शिवपूजन सिंह, डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय के प्रबंधक तोयज सिंह आदि ने सम्मेलन में अपने विचार साझा किया।



उपकार हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर एस जे पटेल ने कहा कि उन्होंने कठिनाई से शिक्षा प्राप्त की है। गांव गिराव की शिक्षण संस्थाओं ने उन्हें सपने दिखाए। जिसे पूरा करने के लिए तब कठोर परिश्रम किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली।यहां के ही पूर्व छात्र और पूर्व में जिला विद्यालय निरीक्षक रहे फूलचंद यादव ने कहा कि ग्रामीण शिक्षण संस्थाओं ने भारत की तस्वीर बदली तथा पढ़ने लिखने वाले छात्रों को उचित स्थान और लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद की। यहां पर आए अन्य पूर्व छात्र जो अन्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे है उन्होंने भी अपने अनुभव बताएं। वक्ताओं ने वर्तमान में अध्यनरत विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

पुरातन छात्र सम्मेलन के मुख्य अतिथि विद्यालय के वयोबृद्ध सेवानिवृत शिक्षक 90 वर्षीय अमरनाथ पांडेय ने कहा कि तब शिक्षक अपने शिष्यों में अपना संकल्प देखते थे जिसे पूरा कराने का हर संभव प्रयास करते थे। विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय ने इस तरह के आयोजन को छात्रों के भविष्य निर्माण के लिए एक बेहतर और अभिनव प्रयोग बताए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ गोविंद नारायण सिंह ने कहा कि श्री अंबिका प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज भैरव तालाब ने ग्रामीणों को शिक्षा प्रदान करने और उन्हें विभिन्न प्रकार के व्यवसाय से जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाई है। कहा कि महान समाजवादी नेता लोग बंधु राज नारायण के परिवार के लोगों द्वारा स्थापित यह विद्यालय अपने अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आज भी जाना जाता है

प्रबंधक शैलेंद्र सिंह शैलू ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि यह विद्यालय अपने प्राचीन वैभव और गौरव को वर्तमान में भी कायम रखें इसके लिए शिक्षक लगातार परिश्रम भी कर रहे हैं।

कार्यक्रम के समापन पर यहां के पूर्व छात्र रहे पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक फूलचंद यादव, उप जिलाधिकारी अभिषेक सिंह, चिकित्सक डॉ एस जे पटेल ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं से वातार्लाप किया।विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य विनय श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक शैलेंद्र सिंह शैलू ने की।कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से शारदा प्रसाद सिंह, डॉ आनंद यादव, उपेंद्र सिंह गौतम, सुशील सिंह तोयज,प्रवीण सिंह गौतम, डॉ अनिल कुमार ,सौरभ श्रीवास्तव, चंदन पटेल, डॉ अरुण, विजय यादव इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# अंगद रावण संवाद की शानदार प्रस्तुति

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर -जनपद की प्राचीनतम राम लीला समिति में से एक प्रमुख रामलीला समिति करीमुद्दीन पुर के कान्ति कला के भव्य मंच पर अंगद रावण संवाद की प्रस्तुती की गयी। विभिषण रावण संवाद के पश्चात विभिषण शरणागत का दृश्य प्रस्तुत किया गया। अंगद रावण संवाद का बहुत ही जीवन्त अभिनय प्रस्तुत कर पात्रो ने दर्शको को तालियां बजाने को विवश कर दिया।अंगद की भूमिका अश्वनी राय एवं रावण की भूमिका में राजेश राय थे। अंगद रावण संवाद का दर्शकों को हर वर्ष इंतजार रहता है।
अंगद रावण संवाद को उपस्थित दर्शको के द्वारा सराहा गया। अंगद ने जब रावण के दरबार में कहा की अगर कोई भी योद्धा मेरा पैर उठा देगा तो प्रभु श्री राम अपनी हार मान कर लंका से वापस चले जाएंगे।लंका के सभी योद्धा कोशिश किये लेकिन किसी को कामयाबी नहीं मिली।जब लंकेश खुद पैर उठाने के लिए उठा तो अंगद ने कहा की पैर पकड़ना है तो प्रभु श्री राम के पैर पकड़ो तुम्हारी मुक्ति हो जाएगी।



इस कार्यक्रम में डायरेक्टर ओंकार नाथ राय, डा दिनेश चन्द्र राय,राजेश राय पूर्व प्रधान प्रतिनिधि,सुनील कुमार राय, डा रामानन्द तिवारी, उमेश चन्द्र राय, डा सुबास ठाकुर, अखिलेश चौरसिया, राजू पाण्डेय, हरेराम यादव, मोहम्मद अलीम प्रधान पति,रमेश चन्द्र राय, रणजीत राय, मुन्ना राय,लखन राम,रिंकू मशिनरी,सुभाष राम,अंकुर पाण्डेय समेत सभी पात्र पदाधिकारी एवम दर्शक उपस्थित रहे।

# धनतेरस : भारतीय बाजारों में नेपाली ग्राहकों ने जमकर की खरीददारी !

## जीएसटी की दरें घटने से गुलजार हुई बाजार

**सुनील कुमार श्रीवास्तव
समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। विगत दिन धनतेरस के अवसर पर भारतीय बाजारों में नेपाली ग्राहकों की काफी भीड़ देखी गई, खासकर भारत-नेपाल सीमा के पास, सोने-चांदी के गहने, बर्तन, कपड़े और पूजा सामग्री जैसी चीजें नेपाली ग्राहकों ने खरीदारी किया, नेपाली ग्राहकों के अनुसार, भारत में ये सामान नेपाल की तुलना में सस्ते और आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, इसलिए वे खरीदारी के लिए भारत आना पसंद करते हैं, बताते चलें कि सिद्धार्थनगर जनपद के बढ़नी बाजार में नेपाली ग्राहकों ने खूब जमकर खरीदारी किया, भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार महराजगंज जनपद के सोनौली सीमा पर नेपाली ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, सीमाई इलाकों के दुकानदार भी इस खरीदारी से उत्साहित हैं और बता रहे हैं कि सोने-चांदी के सिक्के, गहने और कपड़ों की बिक्री अच्छी हो रही है, एक रिपोर्ट के अनुसार बताते चलें कि इस दिन देशभर के बाजारों में भारी खरीदारी हुई। इस शुभ दिन पर सोने और चाँदी के आभूषणों के साथ-साथ विभिन्न वस्तुओं की खरीद में भी जोरदार वृद्धि देखी गई। इस वर्ष धनतेरस पर 1 लाख करोड़ से अधिक का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जिसमें



अकेले सोने और चांदी की बिक्री 60,000 करोड़ से ज्यादा रही। धनतेरस पर सोने और चाँदी के सिक्कों, आभूषणों और बर्तनों की खरीदारी एक पारंपरिक और शुभ गतिविधि मानी जाती है। लोगों ने इस परंपरा का पूरी आस्था के साथ पालन किया,सोने-चाँदी के अलावा लोगों ने रसोई के बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, और घरेलू उपकरण भी खूब खरीदे। आधुनिक समय में, स्मार्टफोन, लैपटॉप जैसी वस्तुएँ भी खरीदारी की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। कई लोगों ने धनतेरस को नई कार या बाइक खरीदने के लिए भी एक शुभ अवसर माना जिससे वाहन क्षेत्र में भी अच्छी बिक्री हुई, सूत्रों के अनुसार'स्वदेशी अपनाओ' अभियान ने भी इस साल खरीदारी में बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे घरेलू वस्तुओं की मांग बढ़ी। पूजा के लिए दीये, रंगोली और अन्य सजावटी सामानों की भी खूब जमकर बिक्री हुई। विशेषज्ञों ने झाड़ू खरीदने को भी शुभ बताया, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर घर में समृद्धि लाता है,यह पर्व न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाता है, बल्कि लोगों में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा भी लाता है,इस शुभ अवसर पर विगत दिन बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई, इससे दुकानदारों के चेहरे खिले देखे गए, जीएसटी की दरें कम होने का असर धनतेरस, दीवाली समेत अन्य बड़े-बड़े त्योहारों पर नजर आने की संभावना है। इसके चलते धनतेरस पर जबरदस्त रौनक देखा गया। सुबह से ही लोग शुभ मुहुर्त में खरीदारी के लिए बाजारों और शोरूम की ओर रुख करते नजर आये, परंपरागत रूप से सोना-चांदी, बर्तन और सिक्के खरीदने के साथ-साथ इस बार लोगों का रुझान आधुनिक वस्तुओं की खरीदारी की ओर भी रही।

# राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। राजेश्वरी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरहुआ में आज छात्राओं ने मनोहारी रंगोली बनाकर दीपावली पर्व के प्रति अपने अनुराग और उत्साह का प्रदर्शन किया।
संस्था के प्रबंध निदेशक साहित्यकार डॉ0 राघवेन्द्र नारायण सिंह ने रंगोली प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं के कौशल की प्रशंसा की। स्नातक प्रथम तृतीय और पंचम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली में पंचम सेमेस्टर की छात्राओं की रंगोली प्रथम, तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं की द्वितीय और प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं की रंगोली तृतीय स्थान पर रही।



इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक श्रीमती ज्योति गुप्ता, शालू गिरि, प्रीति राय, सरोजा देवी, सुनीता कन्नौजिया, डॉ0 प्रदीप पाठक, इकबाल अहमद, अविनाश मौर्य, अजय कुमार उपस्थित रहे. उपनिदेशक अंशुमान सिंह और प्राचार्य डी0 के0 तिवारी ने छात्राओं के कौशल की प्रशंसा करते हुए उन्हें साधुवाद दिया।

# लोकबंधु विधि महाविद्यालय में इंटर्नशिप कार्यक्रम - 2025 आयोजित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। विधि महाविद्यालय ने चलाया क्लास रूम से कोर्ट रूम तक का अभियान 6 से 18 अक्टूबर 2025 के मध्य लोकबंधु राजनारायण विधि महाविद्यालय, गंगापुर, वाराणसी द्वारा ह्लइंटर्नशिप कार्यक्रम झ्र 2025ह्व का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. विजय कुमार, सहायक प्राध्यापक, विधि विभाग के मार्गदर्शन में संचालित किया गया।इस इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधिक प्रणाली, न्यायालीय प्रक्रिया एवं सामाजिक न्याय से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना है ताकि वे व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर सकें और विधि के क्षेत्र मं व्यावहारिक दक्षता प्राप्त करें। इस कार्यक्रम के संचालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , वाराणसी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय परिवार की ओर से श्री आलोक कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, को उनके मार्गदर्शन और सौजन्य के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।





**विधि महाविद्यालय गाइडलाइन पर होता है संचालित**

महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम विधि विद्यार्थियों को समाज में न्याय के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने में सहायक सिद्ध होंगे। बताया कि लोग बंधु विधि महाविद्यालय बार काउंसिल और संबंधित विश्वविद्यालय की गाइडलाइन पूरी करता है। जिसके तहत शिक्षण कार्य संचालित होता है और विधि महाविद्यालय में मूट कोर्ट भी चलाया जाता है। विधि छात्रों को न्याय प्रणाली से जुड़ी संस्थाओं का भी भ्रमण कराया जाता है। अभिषेक सिंह ने बतायाकी यह इंटर्नशिप कार्यक्रम छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके द्वारा विधि छात्रों की अपनी व्यावसायिक अवधारणा और पुष्ट होगी।

# आक्सफोर्ड इंन्टरनेशनल स्कूल में दीपोत्सव पर रंगोली प्रतियोगिता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल क्षेत्र के आक्सफोर्ड इंन्टरनेशनल स्कूल अवथहीं में दीपावली एवं छठ पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली सहित दीपक , कैंडल, रंगोली एवं बोडड्ट डेकोरेशन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगोली में आपरेशन सिन्दूर को रंगों से अलंकृत कर देश भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, विकसित भारत, स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की थीम पर जोरदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीओ रवीन्द्र कुमार ने कहा कि रचनात्मक कार्य, कला और कौशल मनुष्य के आंतरिक और बाहरी विकास के लिए आवश्यक है।यह भावना, ज्ञान और अभिव्यक्ति के माध्यम को प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक भानूप्रताप राय ने शिक्षकों व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कला का अर्थ है कलात्मकता के कौशल को पहचानना। रचनात्मक कार्य किसी भी क्षेत्र में कुछ नया, मौलिक और उपयोगी बनाया जा सकता है। इसमें विचारों को उत्पन्न करना है।अंत में उन्होंने सभी बच्चों को दिपावली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर ज्योति शर्मा,अमीत पांडा, तरन्नुम,सागर सुब्बा,पूनम ठाकुर अभिषेक समेत सभी छात्र छात्राऐं एवं शिक्षक मौजूद रहे।



# पाकिस्तान की हर इंच जमीन अब ब्रह्मोस की पहुंच में है: श्री राजनाथ सिंह

रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करते हुए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने 18 अक्टूबर, 2025 को लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के एक प्रमुख घटक, इस अत्याधुनिक सुविधा का 11 मई, 2025 को रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया और पांच महीनों के अंदर, मिसाइलों की पहली खेप तैनाती के लिए तैयार हो गई।
रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह इस अवसर पर कहा कि ब्रह्मोस केवल एक मिसाइल नहीं, बल्कि राष्ट्र की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल में एक पारंपरिक वारहेड और एक उन्नत निर्देशित प्रणाली है और यह सुपरसोनिक गति से लंबी दूरी तक वार करने की क्षमता रखती है। गति, सटीकता और शक्ति का यह संयोजन ब्रह्मोस को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों में से एक बनाता है। यह हमारे सशस्त्र बलों की रीढ़ बन गई है। श्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस की भूमिका पर कहा कि इस मिसाइल ने यह साबित कर दिया है कि यह परीक्षण से कहीं आगे बढ़ चुकी है और राष्ट्रीय सुरक्षा का सबसे बड़ा व्यावहारिक प्रमाण बन गई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हर इंच जमीन अब ब्रह्मोस की पहुंच में है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि जीत हमारी आदत बन गई है और अब हमें अपनी क्षमताओं को और बढ़ाना होगा। यह ऑपरेशन तो बस एक ट्रेलर था। इसने पाकिस्तान को एहसास दिला दिया है कि आगे क्या हो सकता है।
रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत उस मुकाम पर खड़ा है जहां वह अपनी सुरक्षा को मजबूत कर रहा है और दुनिया को दिखा रहा है कि वह रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय साझेदार है। ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों ने साबित कर दिया है कि मेड-इन-इंडिया अब एक नारा नहीं, बल्कि एक वैश्विक ब्रांड बन गया है। उन्होंने कहा कि चाहे फिलीपींस को ब्रह्मोस का निर्यात हो या भविष्य में अन्य देशों के साथ सहयोग, भारत अब सिर्फ. लेने वाले की नहीं, बल्कि देने वाले की भूमिका निभा रहा है। यही आत्मनिर्भर भारत की असली पहचान है, जिस विजन के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वर्ष 2014 में अपनी यात्रा शुरू की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने हमें एक ऐसे भारत का विजन दिया है जो पूरी तरह विकसित, आत्मनिर्भर हो और वर्ष 2047 तक दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो। इस प्रयास में रक्षा क्षेत्र की भूमिका निर्णायक होगी।
श्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ब्रह्मोस टीम ने पिछले एक महीने में दो देशों के साथ लगभग 4,000 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में, कई देशों के विशेषज्ञ लखनऊ आएंगे, जिससे यह शहर ज्ञान का केंद्र और रक्षा प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनेगा। अगले वित्तीय वर्ष से ब्रह्मोस की लखनऊ इकाई का कारोबार लगभग 3,000 करोड़ रुपये होगा और जीएसटी संग्रह लगभग 500 करोड़ रुपये होगा।
कुल 380 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 200 एकड़ में फैले ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल एक रक्षा सुविधा है, बल्कि रोजगार और विकास का एक नया अवसर भी है। उन्होंने कहा कि उत्पादन की दृष्टि से, इस सुविधा केंद्र में हर साल लगभग 100 मिसाइल प्रणालियों का उत्पादन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में आ रहे निवेश और राज्य में हो रही प्रगति को देखते हुए, यह क्षेत्र विकास और रक्षा, दोनों के एक नए युग का प्रतीक बनने के लिए तैयार है। कुछ देशों द्वारा रक्षा कलपुर्जों की आपूर्ति श्रृंखलाओं से संबंधित रिपोर्टों का उल्लेख करते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने उन छोटे उद्योगों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया जो किसी प्रमुख हथियार प्रणाली के एकीकरण के लिए आवश्यक हजारों कलपुर्जों और तकनीकों का उत्पादन करते हैं ताकि दूसरों पर निर्भरता कम हो। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तकनीकी विकास होता है,

# रावट्र्सगंज-खलियारी राजमार्ग की तत्काल कराई जाए मरम्मतः - अभय पटेल

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। रावट्र्सगंज-खलियारी राजमार्ग की दुर्व्यवस्था चरम पर है। सैकड़ों जगह पर सड़कों का टूटना - फूटना आए दिन घट रही दुर्घटना का बड़ा कारण बन गया है। इस पर चल रहे राहगीरों के लिए सड़क काल बन गई है। दुर्घटना में लोगों का घायल होना और कुछेक की तत्काल मृत्यु हो जाना लोगों को आवागमन में डर पैदा कर रही है। जगह-जगह लगे ब्रेकर टूट चुके हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विशेष रूप से मरकरी नहर के पास तथा बरइल स्कूल से पुरना चौराहे तक सड़क काफी टूटी हुई है, जिसके मरम्मत की तत्काल आवश्यकता है। साथ ही रावट्र्सगंज से खलियारी राजमार्ग पर तथा सड़क से 300 मीटर के दायरे में स्थित तमाम विद्यालयों के पास ब्रेकर बनवाये तथा गति सीमा निर्धारित किए जाने की नितान्त आवश्यकता है। आम जन की इन समस्याओं के समाधान की मांग युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव अभय सिंह पटेल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा जिलाधिकारी सोनभद्र से की गई है।

# प्राथमिक विद्यालय बेलवनिया में 'उमंग' प्रतिभा परीक्षा का आयोजन

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। घोरावल क्षेत्र के बेलवनिया ग्राम सभा स्थित प्राथमिक विद्यालय बेलवनिया में प्रतिभा खोज परीक्षा उमंग का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 4 से मंगलेश राव (प्रथम), आशुतोष (द्वितीय) और उजाला (तृतीय) जबकि कक्षा 5 से अपसाना ( प्रथम), पुलकित ( द्वितीय) एवं ओमप्रकाश (तृतीय) स्थान पर रहे। विजेताओं को गांव के पूर्व छात्र व वर्तमान में महाराष्ट्र की एक निजी कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत मेराज खान द्वारा बैग, कॉपी, कलम, ज्योमेट्री बॉक्स और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को भी कॉपी और कलम वितरित की गई। मेराज खान के पिता मोहम्मद हदीस ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतिभा परीक्षा हर चार माह में आयोजित की जाएगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को साइकिल भी प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और उनकी प्रतिभा निखरती है। शिक्षा मित्र रामदुलारे एवं शीला सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक सरोज यादव ने किया। इस अवसर पर सुरेश मौर्य, अरविंद, नीरज, शौकत अली, शहजादे, नवीन, कलाम, महेंद्र यादव, नसीम अली, अमन अली सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय न्याय पंचायत खेल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



जुगैल/ सोनभद्र। जनपद के रेणूका नदी पार आदिवासी क्षेत्र कहा जाने वाला ग्राम पंचायत जुगैल में एक दिवसीय न्याय पंचायत खेल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान जुगैल सुनीता यादव प्रतिनिधि दिनेश यादव ने शुभारंभ किया। जिसमें न्याय पंचायत जुगैल के सभी विद्यालय के बालक-बालिकाओं के खेल कुद प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिए। जैसे कि खेल प्रतियोगिता खो खो, कबड्डी, दौड़ और कई बालक-बालिकाओं खेलाया गया। जिसमें 200 मीटर कि दौड़ में विजेता कम्पोजिट विघालय देवखर कि टीम, उप विजेता कि टीम प्राथमिक विद्यालय जुगैल, खो खो में बालिका वर्ग में विजेता कम्पोजिट विघालय देवखर, उप विजेता कि टीम उच्च प्राथमिक विद्यालय जुगैल, कबड्डी के विजेता टीम जुगैल U.P.S उप विजेता जोरबा U.P.S बालिका वर्ग कम्पोजिट विद्यालय पिपरा, उपविजेता टीम कंपोजिट विद्यालय, करवनिया, बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय विजेता कंपोजिट विद्यालय देवखर, उपविजेता कंम्पोजिट विद्यालय करवनिया। जिसमें 200 मीटर की दौड़ में के विजेता उच्च प्राथमिक स्तर (1) सूरज उच्च प्राथमिक जुगैल, (2) फैजान उच्च प्राथमिक देवखर, (3) कमलेश उच्च प्राथमिक जुगैल, और 100 मी कि दौड़ में (1) प्रदीप कम्पोजिट विद्यालय देवखर, (2) विकास कंम्पोजिट विद्यालय देवखर (3) विमलेश कंपोज विद्यालय देवखर, बालिका वर्ग में 200 मी (1) संजू कंपोजिट विद्यालय देवघर (2) किरण कंपोजिट विद्यालय पिपरा, (3) गुनबसिया कंम्पोजिट विद्यालय पिपरा और बालिका वर्ग 100 मीटर की दौड़ मे (1)चंदा प्राथमिक विद्यालय बहेराडाड,(2) शकुंतला प्राथमिक विद्यालय देवखर, (3)रीना प्राथमिक विद्यालय बहेराडाड, 50 मीटर कि दौड़ में (1)खुशबू प्रजापति कंपोजिट विद्यालय पिपरा, (2) चंदा प्राथमिक विद्यालय बहेराडाड, (3)शकुंतला कंपोजिट विद्यालय देवखर, जिसमें न्याय पंचायत का खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ के आदिवासी स्कूल के बच्चे हिस्सा लिए और हर्ष उल्लास के साथ खेलते हुए नजर आए। विजेता बालक बालिका को खंड विकास अधिकारी चोपन द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस इस कार्यक्रम में उपस्थित सुरेश राम, आद्याया प्रसाद, आशाय मिश्रा, संजय, अमरजीत, सतीश विनोद, कन्हैया आदि सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# मां की कसम नाटक ने रुलाया भी, सोचने पर भी किया मजबूर

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र में श्री शंकर झंकार नाट्य कला मंच महुली महुअरिया में चल रहे नाट्य समारोह के चौथे दिन शुक्रवार की रात मां की कसम उर्फ डाकू सोना सिंहह्व नाटक का भव्य मंचन हुआ। यह नाटक समाज में व्याप्त अन्याय, शोषण और प्रतिशोध की एक मार्मिक गाथा के रूप में मंच पर जीवंत हो उठा, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नाटक की कहानी में धर्मेंद्र नाम का एक अय्याश जमींदार दिखाया गया, जिसका किरदार अवधेश कुमार शर्मा ने बखूबी निभाया। धर्मेंद्र की अय्याशी और अत्याचार से गांव त्रस्त रहता है। उसका नौकर धर्मु उर्फ धर्मजीत (जसवंत शर्मा) हर आदेश पर सिर झुकाता है, जबकि उसकी बहन पूजा (सरला का किरदार) संवेदना और इंसानियत का प्रतीक बनी रहती है। गांव की एक गरीब महिला शांति (जोगेंद्र सिंह) अपने बेटे सोनू (कयामुद्दीन) और बेटी सरला (अंकित शर्मा) के साथ अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है। धर्मेंद्र के जुल्मों से त्रस्त सोनू जब अपनी बहन की इज्जत पर खतरा देखता है, तो वह प्रतिशोध की राह पकड़ लेता है। मां की कसम खाकर वह डाकू सोना सिंह बन जाता है – एक ऐसा डाकू जो सिर्फ अत्याचार के खिलाफ लड़ता है और समाज में न्याय का संदेश छोड़ जाता है।नाटक के अंत में डाकू सोना सिंह अपनी मां की कसम निभाते हुए धर्मेंद्र के अत्याचार का अंत करता है। मंच पर जब बदले का यह दृश्य आया तो तालियों की गड़गड़ाहट से पंडाल गूंज उठा। मुख्य कलाकारों में अवधेश कुमार शर्मा, जसवंत शर्मा, जोगेंद्र सिंह, क्लामुदीन, विक्की शर्मा, नयूम खा, अंकित, अब्दुल कलाम और शिवदास शर्मा ने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष अरविंद जायसवाल, उपाध्यक्ष सेकरार अहमद (जिला उपाध्यक्ष बसपा), प्रबंधक प्रदीप जायसवाल, भगवानदास कन्नौजिया, राजेश शर्मा, चंद्र प्रकाश प्रजापति (पूर्व ग्राम प्रधान महुली) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पंडाल दर्शकों से खचाखच भरा रहा और हर संवाद पर तालियां गूंजती रहीं।

# गंभीर अपराध में वांछित अभियुक्तों पर ₹25,000-₹25,000 का पुरस्कार घोषित

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना हाथीनाला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 31/2025 धारा 103(1), 238, 61(2) बीएनएस से सम्बन्धित दो शातिर अभियुक्तों पर पुरस्कार घोषित किया गया है।

उक्त अभियुक्त घटना के पश्चात से फरार चल रहे हैं, जिनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी/गिरफ्तारी योग्य सूचना देने वाले व्यक्ति को ₹25,000-₹25,000 (कुल ₹ 50,000) का नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

घोषित अभियुक्त 01. राकेश पुत्र द्वारिका साव, निवासी ग्राम मोतीपुर थाना नौबतपुर जनपद पटना (बिहार)। 02. मुकेश पुत्र द्वारिका साव, निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना नौबतपुर जनपद पटना (बिहार)।

इन अभियुक्तों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

# कमरीडांड में युवक पर चाकू से हमला, एक गंभीर – आरोपी गिरफ्तार

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के पड़री ग्राम पंचायत के कमरीडांड टोला में शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में सारनाथ यादव (36 वर्ष) पुत्र श्याम नारायण यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के दौरान बीच-बचाव करने पहुँचे दीवान पुत्र भगवानदास भी घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पीआरवी टीम ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर पहुँचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सारनाथ को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि दीवान को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

उधर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमेरिका को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी कमल नयन दूबे ने बताया कि घायल की हालत स्थिर है तथा आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कचनरवा में पानी को लेकर ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन, जिम्मेदार मौन

**विकास खंड कोन के कचनरवा, कुड़वा सहित फ्लोरोसिस गांवों में जलापूर्ति ठप, हैंडपम्प ध्वस्त**

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



कोन/ सोनभद्र। विकास खंड कोन अंतर्गत जल जीवन मिशन की योजना हर घर नल योजना धरातल पर धाराशायी हो गया है। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार कई ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन का कार्य पूरा नहीं सका किन्तु कागजों पर पूर्ण दिखा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के आधार कार्ड के आधार पर कनेक्शन दिए गए, लेकिन कई महीनों से नलों से एक बूंद पानी नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित विभाग द्वारा महीनें में एक दो दिन पानी 10 मिनट चलवाकर जिस क्षेत्र में पानी जाता है वहाँ का फोटो और लोगों को झूठी अश्वासन देकर फर्जी वीडियो संबंधित विभाग को भेजा जाता है जो लोगों के समझ से परे है। बतातें चलें कि कचनरवा, असनाबांध नरोईयादाम, मधुरी, रोहिनवादामर, शिकारीखोली बड़ाप, बागेसोती, सिंगा, डुबवा, कुड़वा, धौरवादामर, सेमरवादामर, गोबरदाहा , डीलवाहा, शिवाखाड़ी, धीचोरवा, पीपरखाड़, बिछमरवा, केवाल, मिश्री, डोमा, बहुआरा, रगरम, खरौंधी, चांचीकला , नकतवार सहित कई गांवों में हर घर नल योजना के तहत पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिसके क्रम में प्रदीप चंद्रवंशी की अगुवाई में ग्राम पंचायत कचनरवा के टोला असनाबांध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि हर घर नल योजना क्षेत्र में फ्लाप साबित हो रहा है यहाँ तक कि कई जगहों पर नल कनेक्शन तक नहीं है और यहाँ कई हैंडपम्प विगत कई वर्षों से मरम्मत के अभाव बंद पड़ा है। जिसके क्रम में पूर्व में स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित जन प्रतिनिधि को अवगत कराई गई थी किन्तु संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की बातों को अनसुना कर दिया गया और वहीं लोग नदी नाले से लेकर दूर से पानी पीने को मजबूर है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जिसके क्रम में वरिष्ठ बिहारी प्रसाद यादव ने कहा कि क्षेत्र में आज भी लोग लोग नदी नाले का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं जो कि ग्राम पंचायत कचनरवा का रोहिनवादामर व कुड़वा में फ्लोरोसिस की मात्रा अत्यधिक है और वहीं कचनरवा के बड़ाप, बागेसोती के सिंगा, कुड़वा के धौरवादाम, शिवाखाडी, डीलवाहा, सहित कई जगहों पर आज तक लोगों को नल कनेक्शन नहीं मिल सका। उन्होंने आगे कहा कि जहाँ कनेक्शन है वहाँ भी कई महीनों से पानी नहीं मिल रहा है जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसी तरह आगे उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में जगह जगह पानी टंकी का निर्माण हुआ था जो मात्र शो पीस बन कर रह गया और वहीं कई ग्राम पंचायतों में कई हैंडपंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कार्यदायी संस्था द्वारा कागजों पर पूर्ण दिखा दिया गया है जो कि स्वतः ही जाँच का विषय है। सबसे बड़ा सवाल है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की सबसे महत्त्वपूर्ण योजना स्वच्छ जल मिशन के तहत हर घर नल योजना के परियोजना के अधिकारियों द्वारा जनहित को देखते हुए बड़ी तेजी से कार्य किया गया किन्तु संबंधित कार्यदायी संस्था के उदासीनता व कार्य प्रणाली के कारण लोगों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है बल्कि उन्हें लॉली पॉप दिया जा रहा है और वह केवल कागजों में सिमट कर रह गया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, नंदलाल चेरो, रमेश, लकठु, कृष्णा, अखिलेश, सोनी, पूनम, प्रमिला आदित्यनाथ शामिल रहे। जिसके क्रम में स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शुद्ध पेयजल व हैंडपम्प मरम्मत कराने की मांग की है। इस बावत अधिशासी अभियंता अरुण सिंह ने कहा कि नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण समस्या आ रही है जल्द ही पानी सप्लाई बहाल करा दी जायेगी।

# दो दोषियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

**- प्रत्येक पर साढ़े 15 हजार रुपये अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**

**- जेल में बितायी अवधि सजा में होगी समाहित**

**- करीब 2 वर्ष पूर्व लाठी डंडे से मारपीट कर विशाल पटेल को गम्भीर चोट पहुंचाने का मामला**

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब 2 वर्ष पूर्व पुरानी रंजिश के चलते लाठी डंडे से विशाल पटेल को मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने के मामले में शनिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों आकाश पटेल व सतीश उर्फ गुड्डू को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक पर साढ़े 15 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक विमलेश कुमार सिंह पुत्र रामबली सिंह निवासी दुगौलिया , थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र ने 18 नवंबर 2023 को थानाध्यक्ष शाहगंज को दी तहरीर मे अवगत कराया था कि शाम 8 बजे उसका भतीजा विशाल पटेल पुत्र संजय सिंह कस्बा शाहगंज से घर जा रहा था कि पुरानी रंजिश के चलते मराची रोड शाहगंज पहुंचते ही लाठी डंडे से गाली देते हुए मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। लोगों के आने के बाद जान मारने की धमकी देते हुए भाग गया। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में आकाश पटेल पुत्र राजेंद्र पटेल व सतीश उर्फ गुड्डू पुत्र स्वर्गीय गंगा निवासीगण कस्बा शाहगंज, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दो दोषियों आकाश पटेल व सतीश उर्फ गुड्डू को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक पर साढ़े 15 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# किसानो को खाद के लिए नही जाना पड़ेगा अब दूरः अवधेश सिंह

**मधुपुर मे होगा नई बीपैक्स का गठन, संचालक मंडल की बैठक में लिया गया निर्णय**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मधुपुर मे एक नई सहकारी समिति का गठन होगा।इस संबंध मे बटबंतरा बीपैक्स के संचालक मंडल की बैठक मे यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष निशा देवी ने की।बैठक मे एडीसीओ सदर अवधेशसिंह ने नई समिति के गठन के नियम और प्रक्रिया के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। एडीसीओ सदर अवधेश सिंह ने कहा कि नई समिति के गठन से किसानो को खाद लेने अब दूर नही जाना पड़ेगा और खाद की उपलब्धता भी पहले से बेहतर होगी। बैठक मे सचिव प्रदीप सिंह, के अलावा कर्मवीर मौर्य, धीरज कुमार, धर्मेन्द्र, कृष्णकुमार, जय प्रकाश ,महेन्द्र समेत सभी संचालक मौजूद रहे।

# हनुमान जयंती के पावन पर्व पर होगा अखण्ड पाठ, बिरहा एवं भण्डारे का आयोजन

**सभी कार्यक्रम 19-20 अक्टूबर को आयोजित**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मारकुण्डी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर और पटवध खडेश्वरी मंदिर पर 19 अक्टूबर 2025 को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अखण्ड रामचरितमानस पाठ के साथ 20 अक्टूबर को हवन पूजन के पश्चात भण्डारे का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में पटवध खडेश्वरी मंदिर के प्रागंण में हनुमान जयंती के पावन पर बिरहा मुकाबला का भी आयोजन किया गया है। आयोजित बिरहा मुकाबला बिरहा गायक कलाकार प्रमोद लाल यादव गाजीपुर तथा बिरहा गायिका अंशिका कुशवाहा गाजीपुर के बीच संपन्न होगा। उक्त आशय की जानकारी आयोजक समाजसेवी राजकुमार मिश्रा और पटवध खंडेश्वरी मंदिर के कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा दी गई।

# जनपद के चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**विजय कुमार अग्रहरी/ ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**




सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में अक्टूबर महीने के तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर शंका समाधान के साथ ही निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये, उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण समय से करना सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0 जी0 आर0एस0, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी के लिए लगाये गये कैम्प का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने से सम्बन्धित जो भी प्राप्त हुए हैं, उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाये, सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले इन कैम्पों का आम जनमानस के बीच व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि अधिक से अधिक लाभार्थी कैम्प में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें, सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज के कैम्प में 02 लाभार्थियों का फार्मर रजिस्ट्री करते लाभार्थियों को फार्मर रजिस्ट्री में लगने वाले प्रपत्रों की जानकारी दी गयी, श्रम विभाग में 7 लोगों को श्रम पंजियन की जानकारी दी गयी। इस दौरान राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय व आयुर्वेदिक एवं युनानी विभाग द्वारा लगाये गये कैम्प में काफी संख्या में लोगों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए स्वास्थ्य लाभ का फायदा उठाया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी आदि ने 63 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 51 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें। 02- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, तहसीलदार ओबरा आदि ने 34 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 4 मामले निस्तारित हुए, बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। 03- सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष कुमार त्रिपाठी व तहसीलदार घोरावल आदि ने 44 शिकायतों को सुनते हुए ,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 40 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं।

04-सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील दिवस में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी, सी0ओ0 दुद्धी व पिपरी आदि ने 21 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 01 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 20 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

# चोपन पुलिस ने मा0 न्यायालय से निर्गत वारंट के क्रम में 02 वारण्टी को किया गिरफ्तार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में वारण्टी/ वांछित अभियु क्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सोनभद्र द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम मे मु0नं0-211/24 सुनीता बनाम बाल्मिकी थाना दुद्धी धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित वारंटी बाल्मिकी गिरी पुत्र स्व0 कल्पनाथ गिरी निवासी सलखन थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 73 वर्ष तथा मा0 न्यायालय सी0जेएम सोनभद्र के द्वारा निर्गत वारंट के क्रम मे मु0नं0-4236/2022 थाना चोपन धारा 41/42 व 63 वन अधि0 से सम्बन्धित वारंटी मुन्ना पुत्र कालेश्वर निवासी कुरहुल थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 36 वर्ष, को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# कन्नौज: विधायक, डीएम और सीडीओ ने संयुक्त रूप से किया स्वदेशी मेले का समापन

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। तिर्वा विधायक, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय बोर्डिंग ग्राउंड परिसर में बीते दस दिनों से चल रहे स्वदेशी मेले का समापन किया।

बोर्डिंग ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला का समापन तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति एवं सांस्कृतिक रंगों से ओतप्रोत अनेक मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इस अवसर पर अनुष्का दुबे एवं मोनी ने देशभक्ति गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। रीना कौर, राधा सिंह और नैंसी ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि नव्या दुबे ने देशभक्ति गीत की सोलो प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी कलाकारों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी मेले के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकार बंधुओं को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।अपने संबोधन में विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि प्रदेश के सभी जनपदों में स्वदेशी मेलों का आयोजन स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ह्लविकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर ह्रहर घर स्वदेशीझ्रघर घर स्वदेशी का संकल्प पूरा करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद कानून का राज स्थापित हुआ है; अपराधियों के लिए अब प्रदेश में कोई स्थान नहीं बचा है। जो अपराधी सुधार नहीं करते, वे या तो जेल में हैं, प्रदेश छोड़ चुके हैं, या फिर परलोक को प्राप्त हो चुके हैं। अब कोई भी व्यक्ति यदि बहन-बेटी के सम्मान से खिलवाड़ करेगा तो उसे सीधे यमराज के पास स्थान मिलेगा।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी मेला स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ कृषि, शिक्षा, परिवहन सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गोष्ठियाँ आयोजित की गईं तथा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जिससे जनता को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, जिला समन्वयक अजय यादव, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पर्यटन अधिकारी सहित अनेक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# कन्नौज: सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने दिए संविदा कर्मियों को तुरंत मानदेय भुगतान के आदेश

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में संपूर्ण समाधान दिवस तिर्वा तहसील में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में तहसील तिर्वा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 17 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शेष 53 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि ह्लविगत माह की अपेक्षा इस माह आई.जी.आर.एस. रैंक में गिरावट आई है, जो अत्यंत चिंताजनक है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे 186 संदर्भ, जो 23 अक्टूबर पर डिफाल्टर हो रही हैं, उनका आज सायं तक हर हाल में निस्तारण कर दिया जाए। अन्यथा संबंधित




अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सीएम हेल्पलाइन, थाना दिवस, 1076 पोर्टल आदि पर प्राप्त संदर्भों का निस्तारण शासन की भावना के अनुरूप समय पर और गुणवत्तापूर्ण रूप से किया जाना चाहिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि संविदा कर्मियों के वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब न हो। जिन विभागों द्वारा अभी तक वेतन नहीं किया गया है, वे आज का आज ही भुगतान सुनिश्चित करें, क्योंकि आज वर्किंग डे है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लेखपालों के क्षेत्रों से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनकी सूची तत्काल प्रस्तुत की जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन कृषकों की खतौनी में त्रुटियाँ पाई गई हैं, उन्हें अभियान चलाकर यथाशीघ्र सही कराया जाए। उन्होंने कृषकों से फार्मर रजिस्ट्री समय से पूर्ण करवाने का आग्रह किया, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 5 कृषकों को संशोधित खतौनी वितरण एवं 08 पंजीकृत किसानों को चना एवं सरसों बीज वितरण किट प्रदान कीं, जिससे जिले में तिलहन एवं दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को राहत प्रदान करना है, अतः प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपजिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार, तहसीलदार तिर्वा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौज: समाज कल्याण मंत्री ने खत्म कराई तिर्वा के अधिवक्ताओं की हड़ताल

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। तहसील तिर्वा परिसर में हसेरन को तहसील का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बीते 15 दिनों से चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आज अपने आश्वासन के उपरांत समाप्त कराया।

मंत्री श्री अरुण ने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि ह्लआज धनतेरस



का शुभ दिन है, हम आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि हसेरन को नई तहसील बनाए जाने संबंधी प्रस्ताव को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इस विषय पर सकारात्मक समाधान निकाला जा सके।

मंत्री ने उपस्थित अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि त्योहार के अवसर पर परिवार के साथ हर्षोल्लासपूर्वक पर्व मनाएं तथा प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन स्तर पर इस विषय पर संतुलित एवं व्यवहारिक समाधान अवश्य निकाला जाएगा।

मंत्री के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने अपनी हड़ताल समाप्त करने की घोषणा करते हुए न्यायिक कार्यों का पुनः प्रारंभ किया।

इस अवसर पर पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित जनप्रतिगण उपस्थित रहे।

# मानव श्रृंखला बना दीपोत्सव कार्यक्रम किया गया आयोजित

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

दीपावली के अवसर पर वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षुओं ने देशभक्ति और सामाजिक संदेश के साथ त्योहार मनाया। मानव श्रृंखला बनाकर दीप जलाए गए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। दीपावली के मौके पर फतेहपुर जिले की वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी आर्मी ट्रेनिंग सेंटर में अनोखा आयोजन देखने को मिला। यहां प्रशिक्षुओं ने मानव श्रृंखला



बनाकर दीप प्रज्वलन किया और रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर उत्सव का रंग जमाया।इस दौरान सभी ने देश के वीर शहीदों की याद में दीप जलाकर उन्हें नमन किया।आर्मी ट्रेनिंग सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष अभिनेष मौर्य ने कहा यह पहल न सिर्फ दीपावली का उत्सव, बल्कि देशभक्ति और एकता का संदेश भी देती है। कार्यक्रम में अध्यक्ष अभिनेष मौर्य समेत प्रशिक्षक और छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए और ह्यजय हिंदह्ण के नारों से माहौल गूंज उठा।वीरांगना स्पोर्ट्स एकेडमी की यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि त्योहार केवल खुशियों का नहीं, बल्कि देश और शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है।

# कन्नौज: युवा उद्यमी, लखपति दीदी, पीएम सूर्यघर योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, लखपति दीदी योजना, पीएम सूर्य घर योजना एवं जल जीवन मिशन से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई।




बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन, लाभार्थियों के चयन एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित 1700 लक्ष्यों के सापेक्ष 758 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं तथा 711 लाभार्थियों को ऋण वितरण कर लाभान्वित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बैंक, विशेषकर निजी बैंक, अपनी सहभागिता बढ़ाएँ और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि बीते दो सप्ताह में 41 सोलर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। निर्धारित 1057 लक्ष्यों के विरुद्ध अब तक 799 सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दिसंबर माह तक शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित की जाए।

जल जीवन मिशन की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर घर जल सर्टिफिकेशन के अंतर्गत अब तक 61.77 प्रतिशत घरों में जल प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) का कार्य पूर्ण हुआ है, जिसे और गति प्रदान करने की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्रवार चार्ट तैयार कर यह दशार्या जाए कि कितने वर्कर सक्रिय हैं तथा कितना कार्य शेष है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, उपायुक्त उद्योग धनंजय सिंह, यू0पी0 नेडा अनुपम राय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विवाहिता के आत्महत्या मामले में पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**
**फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर ससुरालियों की प्रताड़ना और पति की पिटाई से आहत विवाहिता ने शुक्रवार को फंदा लगाकर जान दे दिया था। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सास, ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

बिंदकी कोतवाली के खूंटा गांव निवासी कुंआरे निषाद की पुत्र प्रीती देवी (20) की शादी 15 मई को ललौली थाना क्षेत्र के छीट का पुरवा गांव निवासी महेश निषाद के साथ हुई थी। शुक्रवार को ससुरालियों की प्रताड़ना और पति महेश निषाद की पिटाई से आहत विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दे दिया था।

मृतका के पिता ने ललौली थाने में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि पुत्री की शादी के बाद से ही उसके पति महेश निषाद,ससुर गोरेलाल और सास मीना देवी ने दहेज कम देने और 50 हजार रुपए दहेज में अतिरिक्त देने की मांग कर रहे थे। नहीं देने पर उसकी पुत्री से आए दिन गाली गलौज कर मारपीट करते थे। उसकी पुत्री अपने पति ,सास और ससुर की प्रताड़ना से तंग होकर जान दे दिया। पुलिस ने आरोपी पति महेश निषाद को पकड़कर थाने में पूंछतांछ कर रही है। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# जांच टीम ने शिक्षक की कालीकरतूत का किया पदार्फाश!

## शिक्षक ने एसडीआई पर लगाया था प्रताड़ना का आरोप।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। वास्तव में सत्य ही कहा गया है कि असत्य भले ही कुछ समय के लिए अपना बनावटी रूप दिखाकर समाज के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर ले, लेकिन, सत्य से उसका सामना एक न एक दिन जरूर पड़ना लाजमी है, ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है,जहां पर एक शिक्षक ने एसडीआई पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जहर खाने का नाटक कर लिया, तीन सदस्यसीए जांच टीम ने गहनता से जांच करते हुए शिक्षक के काले कारनामे का पदार्फाश कर दिया, अब देखिए क्या है मामला- इटवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भदोखर भादोखरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक शौकेंद्र ने कथित रूप से एसडीआई इटवा राजेश कुमार पर आरोप लगाया था कि एसडीआई राजेश कुमार, शिक्षक को लगातार विभिन्न ब्लॉकों जैसे भनवापुर डुमरियागंज और इटवा बुलाकर दबाव बनाते हैं, और रजिस्टर आधार सत्यापन और ऑनलाइन कार्यों को लेकर मानसिक उत्पीड़न भी करते हैं, और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, इतना ही नहीं पिछले दो महीने से शिक्षक का वेतन भी रोके हैं, बताते चलें कि शिक्षक उक्त कारणों से खुद को आहत बताकर जहर खाने का नाटक कर लिया था। जहर के फर्जी नाटक से शिक्षा विभाग में और प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गया, इतना ही नहीं शिक्षक का हालत नाजुक मानते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में भर्ती भी कर दिया गया, और हालात को देखते हुए मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया गया था, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच हेतु तीन सदस्यसीए टीम भी गठित कर दिया। जांच टीम के द्वारा गहनता से जांच करने पर रिपोर्ट सामने आया कि शिक्षक ने ओवरडोज दवा खाकर जहर खाने का नाटक कर लिया था, जन्म प्रमाण पत्र व स्कूल से गायब होने के कारण बेतन रोका गया था। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो इस जांच का दायरा बढ़ा तो इस षड्यंत्र में शामिल और भी चेहरों के बेनकाब होने की प्रबल संभावना को कत्तई नकारा नहीं जा सकता है। सूत्रों के अनुसार जांच का दायरा बढ़ाकर और भी चेहरों को बेनकाब करना समाज हित में सर्वोपरि होगा। ताकि और भी कोई शिक्षक व अन्य कर्मचारी इस प्रकार का षड्यंत्र रचकर अपने उच्च अधिकारियों पर फर्जी आरोप ना लगा सके।

# लापता ई-रिक्शा चालक का हत्यायुक्त शव पुलिस ने किया बरामद

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहिमाल बाबा के समीप नहर पुल से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने लगभग 45 वर्षीय अज्ञात युवक का हत्या युक्त शव बरामद किया है। वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये है। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक की शिनाख्त करते हुये भाई गोलू निषाद ने बताया कि उसका भाई नीरज पुत्र ननका निषाद निवासी देवरानार हुसैनगंज ई-रिक्शा चलाता था और अपने परिवार का पालन पोषण करता था। गुरूवार को ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनो ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग न लगा। शुक्रवार को परिजनों ने थाने में गुमसूदगी की रिर्पोट दर्ज करायी। पुलिस ने युवक की तलाश ही कर रही थी। तभी ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रहिमाल बाबा नहर पुलिस के पास से पुलिस ने गला कटा अज्ञात युवक का शव बरामद किया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उन्होने पोस्ट मार्टम पहुंच मृतक की पहचान नीरज निषाद के रूप में किया। हालाकि नीरज की हत्या किन कारणों से हुयी इसका राज खोलने में पुलिस ने खोजबीन में लग गयी।

# एसओजी, सर्विलांस व इटवा पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी की घटना का किया पदार्फाश

## एसपी ने टीम को 20,000 रूपए से किया पुरस्कृत

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। वीते 8 अगस्त को राहुल कुमार पाठक पुत्र श्री हरी प्रकाश पाठक निवासी सहदेईया थाना इटवा के घर कुछ अज्ञात व्यक्तियो द्वारा घर के पीछे से छत के रास्ते घर मे घुस कर आलमारी बक्सा व अटैची का ताला तोड़कर एक अदद् लाइसेंसी शस्त्र रिवाल्वर नंम्बर P8959 शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या 354 थाना इटवा 06 अदद कारतूस व 02 अदद मोबाइल और कुछ नगद रुपये चोरी कर लिये थे जिसके संबंध मे थाना इटवा पर दिनांक 10.08.2025 को मु0अ0सं0 146/2025 धारा 331(4),305(अ) बीएनएस पंजीकृत किया गया, तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के अनावरण हेतु एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था । डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन पर व सुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में जनपदीय एसओजी व थाना इटवा पुलिस के संयुक्त टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0146/2025 धारा 331(4),305(अ) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त शिवराम यादव पुत्र नामी यादव निवासी पिपरा पाण्डेय थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को दिनांक 17.10.2025 को करहिया पुल के पास रमवापुर जाने वाली सड़क के पास से समय करीब 19:40 बजे गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को मु0अ0सं0 146/2025 धारा 331(4),305(अ),317(2)



बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट मे आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का अनावरण करने वाली टीम को 20,000/- पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-1.शिवराम यादव पुत्र नामी यादव निवासी पिपरा पाण्डेय थाना इटवा बरामदगी का विवरण- 01.एक अदद लाइसेंसी शस्त्र रिवाल्वर नंम्बर P8959 शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या 354 थाना इटवा 06 अदद खोखा कारतूस 32 बोर, 02.दो अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन (चोरी का) व 700 नगद, पुछ-ताछ का विवरण- पूछताछ किया गया तो पकड़े गये अभियुक्त शिवराम ने बताया कि साहब दिनांक 09.08.2025 की रात में ग्राम सहदेईया गांव के तरफ मैं व मेरा एक साथी चोरी करने के नियत से घुम रहे थे तभी देखा कि सामने रोड़ पर स्थित बने एक घर के पीछे ऊपर की सीढ़ी का दरवाजा खुला है हम दोनों उस घर के पास जाकर देखे घर के लोग घर के बाहर सो रहे थे फिर हम दोनों ने दरवाजे पर हाथ से धक्का दिया तो दरवाजा खुला मिला फिर हम दोनों घर के अन्दर चुपके से घुस गये और घर में रखे कीमती सामानों की तलाश करने लगे कि डेहरी के ऊपर रखा एक सूटकेश मिला जिसको उठा लिये वहीं कमरे की खिड़की के पास बच्चे सो रहे थे उसी खिड़की पर दो मोबाईल फोन व एक टैबलेट रखा था जिसको हम दोनों ने उठा लिये । सभी सामान लेकर हम लोग खिड़की से घर के बाहर 50 -60 कदम दूर बाग में अन्दर ले जाकर सूटकेस को खोलकर देखा तो सूटकेश में कुछ कागजात व यह रिवाल्वर मिला जिसको मैं अपने पैण्ट में खोस लिया तथा कागज, सूटकेश को वहीं फेंक दिया तथा जाते समय रास्ते में ही कहीं खेत में टैबलेट खिसक कर गिर गया जिसे हम लोग तलाशे लेकिन नहीं मिला फिर हम लोग पकडण्डी व सिवान के रास्ते अपने गांव चले गये तथा एक मोबाईल मै और एक मोबाईल मेरा साथी ले लिया तथा उक्त रिवाल्वर मै अपने पास रख लिया जिसको आज मै लेकर बाहर भागने के फिराक मे था कि आप लोगो द्वारा मुझे पकड़ लिया गया, गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- नि0 बृजभान यादव प्रभारी थाना इटवा,उ0नि0 जीवन त्रिपाठी एसओजी प्रभारी मयफोर्स, उ0नि0 हरेन्द्र चौहान सर्विलांस प्रभारी, मु0आ0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, दिलीप कुमार, आशुतोषधर दूबे, जनार्दन आरक्षी वीरेंद्र तिवारी, रोहित चौहान, सत्येन्द्र यादव, छविराज यादव, एसओजी टीम 5.का0संजीव कुमार, राकेश मौर्या, नरेन्द्र देव चौहान थाना इटवा शामिल रहे।

# "कांग्रेस" की "हलचल" से "नेताओं" में न्याय, संवेदना एवं सहायता की "होड़"

- हरिओम के परिवार के लिए मसीहा बनने की लगी है दौड़!
- राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले विरोध का खेल!
- सत्ताधारी रहे पर्दे के पीछे,अपनाए गए हर हथकंडे!
- भाजपा के लिए छूट तो विपक्ष के लिए हाउस अरेस्ट रहा परिवार!
- भले ही वोट बैंक की रही हो राजनीति पर चल पड़े उधर ही सभी!
- बसपा की चुप्पी ने भी सबको चौंकाया!
- सत्ता,विरोध,दबाव,प्रशासनिक खेल की खूब दिखीं कट पीसें!

**समाज जागरण**
**फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर के हरिओम वाल्मीकि की रायबरेली में माब-लीचिंग के जरिए हुई नृशंस हत्या के बाद सक्रिय हुई कांग्रेस की मंशा भले ही दलित वोट बैंक पर रही हो लेकिन कांग्रेस की सक्रियता का ही नतीजा रहा कि पीड़ित परिवार से मुंह फेरने वाले सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों की तेजी इस तरह से बढ़ गई कि न्याय दिलाने,संवेदना एवं सहायता की होड़ मच गयी।राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले और बाद तक सत्ता,दबाव,विरोध,प्रशासनिक खेल की कई कट पीसें भी देखनें को मिलीं राहुल गांधी के दौरे से पहले और दौरे के दिन तक सत्ताधारी पार्टी ने वह सब कुछ कर डाला जिसके लिए शायद परिवार को पाने हेतु न जाने कितने पापड़ बेलने पड़ते। नेता पीड़ित परिवार के रहनुमा बने हैं तो दलित वोट पर भी निगाह कहीं न कहीं टिकी जरूर है हलांकि अपने दौरे में राहुल गांधी ने साफ कहा है कि परिवार उनसे मिले या न मिले विषय यह नहीं है उसे न्याय मिले,जरूरी ये है।

शहर के तुराबअली का पुरवा के रहने वाले हरिओम वाल्मीकि की रायबरेली में हुई हत्या का मामला उस समय सुर्खियों में आ गया जब कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के नेताओं का हरिओम के घर आना-जाना शुरू हुआ। *राहुल गांधी के आने की संभावना के चलते सरकार में भी हलचल मची तो पूरा का पूरा प्रशासनिक अमला उसे सहायता देने के लिए दौड़ पड़ा।हालात ये हो गए की विपक्ष के नेताओं को परिवार से मिलने तक में रोक लगानी शुरू कर दी गई।पीड़ित परिवार पर पुलिसिया पहरा बैठा दिया गया। आनन-फानन सरकार के दो मंत्रियों ने पहुंचकर आर्थिक सहायता व न्याय का भरोसा दिलाया।पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सहित भाजपा के अन्य नेताओं ने भी पीड़ित परिवार से मिल उनके प्रति संवेदना व्यक्त की।सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल के साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जाकर आर्थिक सहायता दी तो बसपा की चुप्पी ने सबको चौंकाया।

हरिओम की हत्या का मामला सुर्खियों में आने के बाद रहनुमा बनने की क्रेडिट लेने की मची होड़ में मानों आगे निकलने की चाहत ने सत्ताधारियों को सब कुछ करने की छूट सी मिल गई।हालत यह हो गई कि परिवार हाउस अरेस्ट हो गया जिसका दुखड़ा उन्होंने राहुल गांधी के कार्यक्रम के दौरान रोया। इतना ही नहीं राहुल गांधी के कार्यक्रम से पहले रात में विरोध के पोस्टर चिपकाए गए। पोस्टर किसने चिपकाए यह कोई बताने को तैयार नहीं है लेकिन हकीकत से वाकिफ सभी हैं और तो और राहुल के कार्यक्रम की रात में लगाए गए पोस्टरों को हटवाने तक की जहमत प्रशासन द्वारा न उठाया जाना कहीं न कहीं सत्ताधारियों की ओर ही इशारा करता है। कार्यक्रम के ठीक पहले सुबह-सुबह ही मृतक हरिओम की बहन को मेडिकल कॉलेज में संविदा नर्स की नौकरी का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया जबकि भाई का एक वीडियो जारी हुआ जिसमें कहा कि राहुल गांधी सहित अन्य नेता उनके यहां राजनीति करने न आए वह सरकार की कार्रवाई व सहायता से संतुष्ट है लेकिन हकीकत में क्या यह संतुष्टि उसके मन की पुकार थी या फिर पर्दे के पीछे खेला गया खेल था? भाई के सामने आते ही भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया टीम मानो उस वीडियो को लेकर हवा में उड़ चली।सोशल मीडिया हेड अमित मालवीय ने ट्वीट किया तो कई मीडिया चैनलों ने राहुल गांधी के कार्यक्रम को विरोध का अड्डा बता दिया लेकिन यह करतूत बहुत देर छिपी नहीं रह सकी।

हकीकत उस समय सामने आ गई जब राहुल गांधी सहित रायबरेली,बाराबंकी के सांसद प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की तो उन्होंने हर राज उगल दिया कि किस तरह से उन पर न मिलने का दबाव डाला जा रहा था। उसकी बहन ने तो रो-रो कर यहां तक कहा कि उसने कहा था कि चाहे जान चली जाए लेकिन वह राहुल सर से मिलेगी। करीब 25 मिनट के अपने कार्यक्रम में राहुल गांधी ने न्याय एवं सहायता का भरोसा दिया।परिवार को दिल्ली बुलाया है। मीडिया से मुखातिब हुए और दो टूक शब्दों में कह दिया कि विषय यह नहीं है कि परिवार उनसे मिलना चाह रहा है या नहीं जरूरत इस बात की है कि उस परिवार को सही न्याय एवं सहायता मिले। अब यह सवाल जरूर खड़ा हो सकता है कि कांग्रेस हरिओम की मौत पर राजनीति कर रही है।अगर ऐसा है तो कांग्रेस की सक्रियता के बाद ही तो सत्ताधारी पार्टी सहित समाजवादी पार्टी के नेताओं के कानों में भी जूं रेंगी और आगे निकलने की दौड़ में शामिल हैं। आज हालात यह है कि हरिओम के परिवार के लिए मसीहा बनने की होड़ मच गई है।

# शिक्षा निकेतन हाई स्कूल कोर्रा में हुई रंगोली प्रतियोगिता ।

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग**

दीपावली के शुभअवसर पर शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन मधुप मनोहर के देख- रेख में किया गया । जिसमें कक्षा चतुर्थ से दशम तक के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने भाग लिया । जिसमें आलिया परवीन, गुलनाज परवीन, कंचन कुमारी, सुलेखा कुमारी, मौसम



कुमारी, प्रतिज्ञा कुमारी, साफिया परवीन, शिवानी वर्मा, रोशनी परवीन, खुशी गुप्ता, अर्चना रानी, आयुषी लकड़ा, सिमरन कुमारी, सुमन कुमारी, मुस्कान कुमारी, तनु प्रिया, परी कुमारी, रोशन कुमार, कार्तिक राज, प्रिया कुमारी, गुनगुन कुमारी, खुशी कुमारी ने भाग लिया । कार्यक्रम का आयोजन में विद्यालय के सीनियर शिक्षकों ने अहम योगदान रहा ' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आयुषी लकड़ा द्वितीय स्थान पर आलिया प्रवीण एवं तृतीय स्थान मुस्कान और सुमन ने प्राप्त किया । स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं से सभी विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया '

# गोरहर थाना से महज दो सौ मीटर पर नकाबपोश अपराधियों का तांडव

**व्यवसायी परिवार को बंधक बनाकर 6 लाख नकद व जेवरात लूटे।**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

बरकट्ठाः गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम सूर्यकुण्ड स्थित जीटी रोड पर शुक्रवार की रात करीब 7.30 बजे हथियारबंद छह नकाबपोश अपराधियों ने सूर्यकुण्ड ट्रेडर्स नामक दुकान और मकान में धावा बोलकर करीब छह लाख रुपये नकद व



सोना-चांदी के जेवरात लूट लिए। अपराधियों ने दुकान संचालक सुनील कुमार पांडेय, उनकी पत्नी नीलम देवी और पुत्र समीत पांडेय के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित सुनील पांडेय ने बताया कि अपराधी एक ऑल्टो कार और मोटरसाइकिल से आए थे। सभी अपराधियों ने चेहरा नकाब और हेलमेट से ढका हुआ था।

उन्होंने बताया कि अपराधियों ने पहले उन्हें दुकान के ऊपरी तल्ले पर ले जाकर मुंह में टेप चिपका दिया और हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से पीटा। इस दौरान दुकान में मौजूद उनके छोटे पुत्र समीत पांडेय को भी बंदूक की बट से घायल कर दिया गया। बाद में अपराधी उसे बंदूक की नोक पर घर के भीतर ले जाकर लूटपाट करते रहे। अपराधियों ने दुकान से दो लाख रुपये नकद, और घर से चार लाख रुपये नकद के साथ सोना-चांदी के गहने लूट लिए। भागने की जल्दबाजी में एक अपराधी की मोटरसाइकिल (नं. BR02U-7003) मौके पर ही छूट गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल और गोरहर थाना प्रभारी नितीश कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। घायल सुनील पांडेय, उनकी पत्नी नीलम देवी और पुत्र समीत पांडेय का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरकट्ठा में कराया गया। बेहतर इलाज हेतु शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा गया। घटना के बाद इलाके में व्यवसायी वर्ग और आम लोगों के बीच दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस ने अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन तेज कर दी है।

# सदर विधायक के प्रयासों से हजारीबाग की जर्जर सड़कों पर लौटी रौनक

**हजारीबाग की जनता की आवाज अब विकास के रूप में दिख रही है : विधायक प्रदीप प्रसाद**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की बदहाली लंबे समय से जनता की सबसे बड़ी समस्या रही है। शहर के कई प्रमुख मार्गों पर गड्ढों, जलजमाव और कीचड़ ने लोगों का जीना दूभर कर दिया था। आम नागरिकों से लेकर विद्यार्थियों, दुकानदारों, रिक्शा चालकों और वाहन चालकों तक, सभी इस स्थिति से परेशान थे। शहर के विकास का चेहरा मानी जाने वाली सड़कें, बदहाली का प्रतीक बन चुकी थीं। इन परिस्थितियों में क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता की तकलीफ को समझा और बार-बार नगर निगम, जिला प्रशासन और राज्य सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। जब कई बार निवेदन के बावजूद सुधार कार्यों में गति नहीं आई, तब उन्होंने जनता की भावना को व्यक्त करते हुए लेपो रोड पर बैल से हल जोतकर एक अनोखे और प्रतीकात्मक विरोध का मार्ग अपनाया। वह विरोध केवल प्रतीक नहीं था। वह उस आक्रोश, पीड़ा और उम्मीद की आवाज थी, जो हर हजारीबागवासी के दिल में थी। विधायक प्रदीप प्रसाद का यह कदम जनता की भावनाओं से सीधा जुड़ा, और उस आवाज ने पूरे क्षेत्र में चर्चा



और प्रशासनिक चेतना दोनों को जगाया। आज वह संघर्ष और निरंतर प्रयास रंग ला रहे हैं। लेपो रोड सहित नगर निगम क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कों का पुनर्निर्माण पूर्ण हो चुका है। जहाँ कभी गड्ढे और कीचड़ थे, वहाँ अब पक्की, स्वच्छ, और सुगम सड़कें हैं। नागरिकों को अब राहत की अनुभूति हो रही है। यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि हजारीबाग की जनता की सामूहिक जीत है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि, जब जनता की आवाज को ईमानदारी से उठाया जाता है, तो नतीजे अवश्य मिलते हैं। यह सड़कों का पुनर्निर्माण केवल विकास नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और जनशक्ति की जीत है। हमेशा जनता की समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी माना है, और आगे भी जनहित से जुड़े हर मुद्दे को उतनी ही मजबूती से उठाता रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य जनता, प्रशासन और जनप्रतिनिधि तीनों के समन्वय का परिणाम है। नगर निगम और संबंधित विभागों ने जिस तत्परता से सड़क निर्माण कार्यों को पूरा किया, वह सराहनीय है। उन्होंने इन सभी अधिकारियों और कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी हजारीबाग के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। प्रदीप प्रसाद ने बताया कि नगर निगम, एन एच सड़कों, नालों और जल निकासी व्यवस्था के सुधार हेतु भी योजनाएँ तैयार की जा रही हैं। आने वाले चरणों में शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को भी दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हजारीबाग के नागरिकों की सुविधा और सम्मान मेरी प्राथमिकता है। जनता का विश्वास ही मेरी ताकत है और जनता की सेवा ही मेरा धर्म। हजारीबाग के विकास की इस यात्रा में हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाएंगे। अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि नए निर्मित सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सुरक्षा में सभी लोग सहभागी बनें ताकि विकास के ये प्रयास लंबे समय तक टिके रहें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर हजारीबाग का निर्माण हो सके।

# धनतेरस पर पदमा प्रखंड के बाजारों में रही रौनक, खरीदारी करते नजर आए लोग

**संवाददाता पदमा, समाज जागरण**

पदमा -प्रखंड में धनतेरस के अवसर पर बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों का बाजारों की ओर





रुख शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। बाजारों में दीपावली की रौनक साफ झलक रही थी, और हर कोई उत्साह से भरा नजर आ रहा था। धनतेरस पर धातु से बनी वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। इस परंपरा को निभाते हुए महिलाओं की भीड़ बर्तन, चांदी के सिक्के और गहनों की दुकानों पर उमड़ पड़ी। दुकानों पर रंग-बिरंगी सजावट और चमचमाती वस्तुओं ने ग्राहकों को खूब आकर्षित किया। परंपरागत चीजों के साथ-साथ आधुनिक खरीदारी का भी जोर रहा। युवाओं में इलेक्ट्रॉनिक सामानों के प्रति खासा उत्साह देखा गया। मोबाइल, हेडफोन जैसे गैजेट्स की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। दुकानदारों द्वारा दिए जा रहे विशेष ऑफर्स और छूट का लाभ उठाते हुए लोगों ने जमकर खरीदारी की। बाजार दीपावली की सजावट से दमक रहे थे – कहीं रंग-बिरंगी लाइटें तो कहीं पारंपरिक झालरों और फूलों से सजी दुकानें लोगों का मन मोह रही थीं। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर किसी के चेहरे पर त्योहार की खुशी झलक रही थी। धनतेरस की खरीदारी के बहाने लोगों ने अपनों के लिए उपहार भी खरीदे और घरों में सुख-समृद्धि की कामना की।

# दिव्यांग जनों संग मनाई धनतेरस, शेफाली गुप्ता ने बाँटी खुशियाँ

**भाजपा नेत्री व समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने हजारीबाग में किया दीप प्रज्वलन कार्यक्रम, समाज में संवेदनशीलता और समानता का संदेश दिया**

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबागः धनतेरस को समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने एक अलग अंदाज में मनाया। उन्होंने दिव्यांग जनों के साथ समय बिताने और उनके साथ दीप प्रज्वलित करने का कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन हजारीबाग के सिमेट्री रोड स्थित परिसर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारीबाग के विभिन्न इलाकों से दिव्यांग जन आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से रानी शुक्ला, दिव्यांग संघ से जुड़े दीपक शर्मा, तथा पत्रकार भावेश मिश्रा और अपराजिता पांडे उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर दिव्यांग साथियों के बीच दीप जलाया और मिठाई बाँटकर इस विशेष दिन को यादगार बनाया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि समाज अक्सर दिव्यांग जनों को एक अलग दृष्टि से देखता है, जबकि उनकी दिव्यांगता



उनकी कमजोरी नहीं बल्कि भगवान का दिया हुआ विशेष वरदान है। कई लोग इसी दिव्यांगता के साथ अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करते हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।" उन्होंने आगे कहा कि त्योहारों का असली अर्थ तभी पूरा होता है जब हम समाज के हर वर्ग को उसमें शामिल करें। दिव्यांग जन हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं, और उनके साथ यह दीपावली मनाकर मुझे अपार खुशी मिली। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संवेदन शीलता, समरसता और समानता का संदेश फैलाते हैं। दीपावली से पहले मनाए गए इस कार्यक्रम ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी और यह संदेश दिया कि सच्ची खुशी दूसरों की खुशी में शामिल होने से ही मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में शेफाली गुप्ता ने सभी दिव्यांग जनों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और भरोसा दिलाया कि आगे भी उनके कल्याण के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# गरीबी लाचारी, बेबसी उसपर बीमारी की मार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अप्पू यादव**

दारूः- दारु बक्शीडीह निवासी किरण देवी पति बेनी राम कि जिंदगी मे दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। किरण आज से सात आठ महीने पूर्व बिल्कुल स्वस्थ थी और वह हसीं खुशी अपने परिवार के साथ जीवन ब्यतीत कर रही थी। पेट के इलाज के लिए वह हजारीबाग के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर ओमप्रकाश के पास गयी जहाँ उन्होंने अपेंडीश का ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के बाद भी उसकी समस्या बढ़ती गयी और उसके पेट मे तकलीफ रहने लगा। कर्ज कर रांची गयी जहाँ



डॉक्टरो ने उसके कैंसर होने कि पुष्टी कर दी। बीमारी कि जानकारी मिलने के बाद उसके ऊपर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। किरण कर्ज कर शुरूवात मे अपना इलाज कराई जहाँ डॉक्टरो ने उसे कीमो करने कि सलाह दिया। कीमो मे शुरूवाती खर्च 50 हजार बताया गया पर पिछले तीन महीने से प्रयास करने के बाद भी वह पैसा का इंतजाम अबतक नही कर पायी और दिन ब दिन वह मौत के मुँह मे समाती जा रही है। किरण ने बताया कि उसका कैंसर अभी शुरूवाती स्टेज मे है इलाज होने पर उसकी जांच बच जाएगी उसे इंतजार है किसी ऐसे मशीहा का जो उसकी आर्थिक मदद कर सके और इसके लिए वह रोज प्रार्थना कर रही है। किरण कि आंखे हमेशा दरवाजे पर किसी रहनुमा कि ढूंढती रहती है जो उसकी मदद कर सके।

# राजद नेता कुंज बिहारी साव ने दी बधाई

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के द्वारा संगठन विस्तार की दूसरी सूची जारी की गई । कूल पाँच जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गए , जिसमें सुनील कुमार कुशवाहा - रामगढ़ , रवि कुमार गुप्ता - बोकारो , सत्येन्द्र कुमार शर्मा - धनबाद , बलराम प्रसाद साहू -



लातेहार एवं बिरेन्द्र कुमार साव - कोडरमा शामिल हैं । हजारीबाग जिला के बड़कागांव से राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी साव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इसके पहले भी कुछ जिलाध्यक्षों की घोषणाएं की गई थी और सभी अपने-अपने जिला में संगठन विस्तार हेतु बेहतर प्रयास कर रहे हैं । श्री साव ने आगे बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू सभी जिला का दौरा एवं प्रवास करने के बाद सहमति उपरांत ही घोषणा की गई है । श्री साव ने रामगढ़ जिलाध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा समेत सभी घोषित जिलाध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और विश्वास भी जताया कि दल हित में सभी बेहतर कार्य करेंगे ।

# टर्बो गाड़ी एवं मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर ,मोटरसाइकिल में सवार चार लोग घायल।

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांवः टर्बो गाड़ी एवं मोटरसाइकिल में बरवाडीह के पास जोरदार टक्कर हो गया। इसमें मोटरसाइकिल में सवार चार लोग घायल हो गए । मोटरसाइकिल सवार में कुलदीप कुमार पिता तिलेश्वर महतो , रौशन कुमार पिता गोविंद भुईयां, सुरेंद्र कुमार पिता मोहन प्रजापति ,राजकुमार पिता स्व. कारीनाथ महतो शामिल है। सभी घायल बड़कागांव प्रखंड के ग्राम



चेपकला के निवासी है । बताया जा रहा है कि यह चारों लोग एक ही मोटरसाइकिल में सवार होकर सफर कर रहे थे और अचानक टर्बो गाड़ी से जा टकराए और घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव पहुंचाया गया । स्थिति को नाजुक देखते हुए सभी को हजारीबाग सदर भेज दिया गया है । चेपकला के स्थानीय लोगों से बात कर जानकारी लेने से पता चला कि कुलदीप कुमार पिता तिलेश्वर महतो की स्थिति नाजुक है ।बाकी तीन लोगों की स्थिति ठीक है।

# उपायुक्त ने इचाक प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत भवन का निरीक्षण किया

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने को इचाक प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संपूर्ण अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सर्वप्रथम दवा भंडार गृह में जाकर दवाओं की उपलब्धता की जांच की तथा स्टॉक पंजी से वास्तविक स्टॉक का मिलान किया। बच्चों को दिए जा रहे टीकाकरण



की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने सिविल सर्जन को मॉनिटरिंग मैकेनिज्म को और सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया। अस्पताल में एंटी वेनम एवं एंटी रेबीज की उपलब्ध दवाओं की स्थिति की भी जांच की। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म लेने वाले प्रत्येक शिशु के संपूर्ण स्वास्थ्य का ट्रैक रिकॉर्ड नियमित रूप से संधारित किया जाए। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र और इम्यूनाइजेशन वैक्सीन से संबंधित डेटा को भी समय पर दर्ज रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पिछले दो महीनों से ऑनलाइन स्टॉक संधारण नहीं किया गया है। इस पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित क्लर्क से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने खांसी से पीड़ित मरीजों की अनिवार्य रूप से टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नेत्र जांच वार्ड में उन्होंने तकनीशियन से जांच की संख्या की जानकारी ली और मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने मोतियाबिंद जांच हेतु 15 नवंबर तक विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। प्रसव कक्ष में निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवजात शिशु एवं माताओं के वजन की ट्रैकिंग सुनिश्चित करने को कहा और वेंटीलेटर की कार्य स्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं, जिन्हें उपायुक्त ने गंभीरता से सुना और सिविल सर्जन को स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने करियातपुर पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन की साफ-सफाई बनाए रखने तथा योजना में चयनित लाभुकों की सूची दीवार लेखन के माध्यम से अंकित करने का निर्देश दिया। वीएलई कक्ष में जाकर उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र निर्गतीकरण प्रक्रिया की जांच की। इस दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा ट्राई साइकिल की मांग पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को उनका नाम-पता नोट कर शीघ्र लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया।

# धनतेरस की जमकर हुई खरीदारी झाड़ू की खूब हुई बिक्री, जेवर दुकान चमके

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव प्रखंड में धनतेरस को लेकर प्रखंड के तमाम बाजारों में रौनक देखी गई सभी दुकानों में खरीदारों की भीड़ रही। जिसमें सबसे अधिक झाड़ू की खरीदार करने वाले संख्या अत्यधिक देखी गई। सभी जेवर दुकान, बर्तन दुकान,



इलेक्ट्रॉनिक दुकान, बाइक शोरूम, राजधानी वस्त्रालय ,गायत्री वस्त्रालय , बजाज शोरूम, हीरो शोरूम, टीवीएस शोरूम, लवली म्यूजिक, न्यू स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वाति इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रदीप ज्वैलर्स एंड प्रियंका बर्तन भंडार, आरपी ज्वेलर्स ,लक्ष्मी अलंकर ज्वैलर्स, सूरज ज्वेलर्स, अलंकृत ज्वेलर्स, पूजा ज्वेलर्स, बर्तन घर के अलावा अन्य संस्थानो एवं दुकानो में खरीदारों की भीड़ देखी गई। देर रात तक दुकाने खुली रही। एक अनुमान के अनुसार प्रखंड में लगभग 10 करोड रुपए का कारोबार होने का अनुमान लगाया गया है।

# भाजपा द्वारा वोटों की चोरी कर सरकार बनाने के षड़यंत्र में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण योगदान : निसार खान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ समाज जागरण हजारीबाग।**

चुरचू / हजारीबाग : जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल के निदेर्शानुसार चुरचू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चुरचू प्रखंड के चनारो पंचायत सचिवालय में " वोट चोर गद्दी छोड़ " अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता चुरचू प्रखंड के अध्यक्ष नौशाद आलम ने की । मुख्य अतिथि जिला मीडिया अध्यक्ष सह प्रखंड पर्यवेक्षक निसार खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा वोटों की चोरी कर सरकार बनाने के षड़यंत्र में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण योगदान है । भाजपा ने संवैधानिक मुल्यों की हत्या कर चुनाव आयोग के सहयोग से आम जनता के वोटों को काटकर वोट चोरी के नियत से अप्रत्याशित रूप से फर्जी वोटों का जोड़ने के विरोध में कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है । इस कार्यक्रम को गतिशील बनाने के लिए तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए युद्ध स्तर पर कांग्रेसी





कार्यकताओं कार्य करने की आवश्यकता है । चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम नें बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा अधिक से अधिक हस्ताक्षर करा कर भाजपा की केन्द्र सरकार को जड़ उखाड़ने का समय आ गया है । उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या का प्रयास विभिन्न माध्यमों से कर रही है, और चुनाव आयोग भी इस षड़यंत्र में केन्द्र सरकार के साथ है । कार्यक्रम के पश्चात चुरचू प्रखंड के पर्यवेक्षक निसार खान द्वारा आठों पंचायत के चुने हुए सदस्यों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया । बैठक का संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष चोलेश्वर महतो जबकी धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड उपाध्यक्ष आरिफ अंसारी ने किया । मौके पर विशिष्ट अतिथि एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव दिलीप कुमार रवि जिला महासचिव जय प्रकाश यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा मुखिया देवकी महतो चुरचू मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह युवा नेता कैफ रजा प्रखंड महासचिव सज्जाद हुसैन चरही पंचायत अध्यक्ष मुस्लिम अंसारी,युवा प्रखंड अध्यक्ष मतीन अंसारी बहेरा पंचायत अध्यक्ष जावेद असगर चुरचू पंचायत अध्यक्ष मुस्तकीम अंसारी हेन्देगढ़ा पंचायत अध्यक्ष नरेश राम, इंदरा पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर महतो, सुषमा कुमारी, आंगों पंचायत अध्यक्ष अनिल हेमरम चनारों पंचायत अध्यक्ष अमृत महतो, जियारत अंसारी, एहसान अंसारी,आजाद खान, निखिल किस्कू, सचिन मरांडी, बिक्रम हेम्ब्रम ,फूलचंद महतो, प्रभु करमाली, चिंता मानी रविदास, शमेघनाथ करमाली, संजय रजक, भुनेसर तुरी, सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# त्योहारों को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन छापेमारी,

**मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु भेजे गए।**

**समाज जागरण**

आगामी त्योहारों को देखते हुए उपायुक्त एवं अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निदेर्शानुसार आज हजारीबाग शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मो॰ मंजर हुसैन के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी के दौरान फ्रेन्टीयर के विनिर्माण इकाई, सक्षम स्वीट्स, उत्तम स्वीट्स, लालु भाई होटल, प्रभु मिष्ठान भण्डार एवं राज जनरल स्टोर डिपुगढ़ा का निरीक्षण किया गया। इस



क्रम में सक्षम स्वीट्स से बादाम बर्फी तथा लालु भाई होटल से लड्डू का नमूना एकत्र कर जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम रांची भेजा गया। निरीक्षण के दौरान होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा मिलावट रहित खाद्य सामग्री के ही विक्रय का निर्देश दिया गया। साथ ही किचन में कार्यरत रसोई कर्मियों को मास्क, केप एवं एप्रन पहनकर ही खाद्य निर्माण करने का सख्त निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने ठेला एवं खोमचा संचालकों को भी स्पष्ट निर्देश दिया कि वे किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित रंगों एवं रसायनों का उपयोग न करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## नबीनगर में धनतेरस के अवसर पर बाजार में उमड़ी भीड़

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर में धनतेरस के अवसर पर बाजार में जबरदस्त रौनक देखने को मिली। लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिसमें सजावट, आतिशबाजी, मिट्टी के दिए और झाड़ू की मांग सबसे अधिक रही। सोने-चांदी के बढ़ते दामों के बावजूद लोगों ने इनकी खरीदारी की, हालांकि आसमान छूती कीमतों का असर भी देखने को मिला। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया।धनतेरस के अवसर पर सोने-चांदी के अलावे वर्तन की खरीदारी भी जोरों पर रही।इस दौरान लोगों ने सोने-चांदी के गहनों और सिक्कों की खरीदारी किया। धनतेरस के अवसर




पर बिजली और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की भी जमकर खरीदारी हुई। लोगों ने अपने घरों के लिए नए इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदे, जिसमें टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और एसी जैसे सामान शामिल हैं।धनतेरस के अवसर पर हुई खरीदारी से व्यापारियों में काफी उत्साह है। उनका कहना है कि इस बार धनतेरस पर खरीदारी अच्छी रही है, जिससे उन्हें उम्मीद है कि इस त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री होगी ।वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाजार में पुलिस की गस्ती दिन भर जारी रहा।

## पटना में अभियंता के ठिकानों पर निगरानी जा छापा

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने पटना में ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार के ठिकानों पर छापेमारी किया। टीम ने कंकड़बाग स्थित उनके आवास और हज भवन के पास स्थित कार्यालय में एक साथ छापेमारी शुरू की।यह कार्रवाई डीएसपी स्तर के पदाधिकारी के नेतृत्व में की गयी है। अब तक की छापेमारी में करीब 7 लाख रुपये से अधिक कैश और कीमती आभूषण बरामद किए गए हैं। टीम दस्तावेजों और संपत्तियों की जांच कर रही है। अधीक्षण अभियंता की संपत्ति उनकी ज्ञात आय से कहीं अधिक होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार निगरानी ने बीते 15 अक्टूबर को ग्रामीण कार्य विभाग में पटना में तैनात अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार, जो पूर्वी इंदिरा नगर,



कंकड़बाग, पटना के रहने वाले हैं। उनके खिलाफ आय से करीब 1 करोड़ 12 लाख 58 हजार 41 रूपया का अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया था। अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार पर अपनी आय से करीब 44.38% अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। स्पेशल कोर्ट के आदेश पर निगरानी विभाग की टीम ने आरोपी इंजीनियर के दो ठिकानों पर आवास कार्यालय की तलाशी किया है। तलाशी के क्रम में अभियुक्त संजीव कुमार के ठिकानों से नगद 7, 56, 000/- रु०, 05 विभिन्न बैंकों का पासबुक, 10 जमीन का मूल डीड, विभिन्न म्यूचुअल फण्ड / शेयर में निवेश के कागजात, 01 पी०एन०बी०, कंकड़बाग शाखा में लॉकर, एक टाटा नेक्सॉन कार बरामद हुई है। वही प्राप्त कागजातों का विश्लेषण किया जा रहा है।

## पटना जिले के पालीगंज में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज बाजार व ग्रामीण इलाकों में शनिवार की शाम दीपावली, छठ पर्व तथा विधानसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पालीगंज एसडीपीओ 1 के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया।
जानकारी के अनुसार आनेवाली दिनों में दीपावली तथा छठ पर्व के अलावे बिहार विधानसभा चुनाव भी है। जिसको देखते हुए पटना पुलिस एलर्ट मूड




में है। जिसके दौरान इलाके में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस द्वारा जगह जगह पर चेक पोस्ट स्थापित करने के अलावे गांव तथा बाजारों में फ्लैग मार्च की जा रही है। इसी क्रम में पटना जिले के पालीगंज बाजार तथा ग्रामीण इलाकों में शनिवार की शाम पालीगंज एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह के नेतृत्व में पटना पुलिस व केंद्रीय बल के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला. जिसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ 1 राजीव चन्द्र सिंह ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य असमाजिक तत्वो से लोगो को भय मुक्त करना है। वही एसडीपीओ ने लोगो से अपील किया कि पर्व को खुशी पूर्वक शांतिपूर्ण माहौल में मनाए। वही उन्होंने कहा कि आगामी पर्व व चुनाव को देखते हुए इलाके में जांच तेज कर दी गयी है। असमाजिक तत्वो की खैर नही है। गलत करते हुए पकड़े जाने पर अपराधियो को बख्शा नही जाएगा।

## अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद व महामंत्री आरके सिंह से शिष्टाचार भेंट किया टीसी कर्मचारी यूनियन ( कमिंस ) का प्रतिनिधिमंडल।

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर : नव गठित टीसी कर्मचारी यूनियन का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय पहुंचकर यूनियन के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। यहां दोनों नेताओं को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। उधर टीसी कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अविनाश अनुपम समेत तमामआगंतुक यूनियन पदा धिकारियों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की ओर से भी अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया।
महामंत्री आरके सिंह, सभी आगंतुक यूनियन पदाधिकारियों को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कार्य करने की




शैली , यूनियन कार्यालय के रख - रखाव से लेकर यूनियन संचालन के कार्य पद्धति से रू-ब-रू कराएं। अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह टीसी कर्मचारी यूनियन को मजदूर एवं प्रबंधन दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दिये।
प्रतिनिधिमंडल में टीसी कर्मचारी यूनियन के महामंत्री अविनाश अनुपम , संयुक्त सचिव शंभू शरण , सहायक सचिव नितेश कुमार व अंजय कुमार, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष - रतन प्रमाणिक व प्रदीप साहू तथा कमेटी मेंबर राजन प्रकाश शामिल थे। इस दौरान टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी व कमेटी मेंबर भी मौजूद थे।

## पटना जिले के पालीगंज विधानसभा में 15 का नामांकन रद्द

### अधूरा कागजात बनी रद्द होने का कारण

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल कार्यालय में बिहार विधानसभा चुनाव में नामांकन को लेकर किये गए पर्चा दाखिल में अधूरा कागजात व रिक्त कॉलोमो के कारण 15 लोगो का नामांकन रद्द कर दी गयी है। जिसकी जानकारी देते हुए शनिवार को पालीगंज एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने बताई की बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्यासी के रूप में नामांकन कराने के लिए कुल 29 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था। जिनमे 15 लोगो का नामांकन रद्द कर दी गयी है। अब क्षेत्र में 14 उम्मीदवार ही रह गए है। नामांकन रद्द होने का कारण एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने बताई की कुछ प्रत्याशियों की प्रपत्र में कॉलम पूरी नही की गई थी तो कुछ के नामांकन प्रपत्र के साथ आवश्यक कागजात संलग्न नही थी। जबकि कुछ का प्रस्तावकों में कमी पाई गई। जिसे पूर्ण करने के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गई थी। जिनमे दो लोगो ने ही पूर्ण कर पाए। शेष 15 लोगो ने पूर्ण नही कर पाए। जिनकी नामांकन रद्द कर दी गयी है। सूचना के बाद नामांकन रद्द किए गए समर्थकों तथा उम्मीदवारों के बीच मायूसी छाई हुई है।

## आदित्यपुर में होटल-लॉज पर निगम की बड़ी कार्रवाई, 5 पर जुमार्ना

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण,**
**ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) : झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश के बाद आदित्यपुर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर क्षेत्र के होटल और लॉजों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया। शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई में कई होटलों की स्थिति मानकों से निचे पाई गई। निगम की टीम ने साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, फायर सेफ्टी उपकरण, सीसीटीवी कैमरे, रजिस्टर मेंटेनेंस और वैध ट्रेड लाइसेंस की बारीकी से जांच की।
इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल पांच होटल संचालकों पर जुमार्ना लगाया गया। अभियान का नेतृत्व उप नगर आयुक्त पारुल सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि कई होटल और लॉज में गंदगी की स्थिति




चिंताजनक पाई गई, फायर सेफ्टी उपकरण या तो नदारद थे या खराब पड़े थे। कई प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे बंद मिले, वहीं रजिस्टर और लाइसेंस का समुचित रखरखाव नहीं किया गया था। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह विशेष अभियान 15 नवंबर तक लगातार जारी रहेगा। इस अवधि में सभी होटल व लॉजों की चरणबद्ध जांच होगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी – जिसमें लाइसेंस रद्द करने से लेकर सीलिंग तक की प्रक्रिया भी शामिल हो सकती है। नगर निगम ने होटल संचालकों से अपील की है कि वे साफ-सफाई और सुरक्षा के मानकों का पालन करें, अन्यथा भविष्य में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## झारखंड बार-बेंच में टकराव दुर्भाग्यपूर्ण, बार काउंसिल को निकालना चाहिए समाधान : अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू

**दैनिक समाज जागरण**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर शहर के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा कि बार और बेंच के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध समाज और देश दोनों के हित में हैं। इनके बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न ही नहीं होनी चाहिए।
झारखंड हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति राजेश कुमार की पीठ में जो कुछ हुआ, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वरीय अधिवक्ता महेश तिवारी के पक्ष को धैर्यपूर्वक सुना जाना चाहिए था।
सुधीर कुमार पप्पू ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को अपने पेशे में अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। न्यायालय में लोग राहत पाने की उम्मीद लेकर जाते हैं, और वहां उनके प्रतिनिधि के रूप में बार, अर्थात अधिवक्ता ही होता है। हर व्यक्ति में व्यक्तिगत विशेषताएँ होती हैं, और अधिवक्ता



पर मुवक्किल को राहत दिलाने का मानसिक, पेशागत और आर्थिक दबाव भी होता है। प्रत्येक वकील का अपने पक्ष को रखने का तरीका अलग और विशिष्ट होता है। संभवतः बेंच ने इस पहलू को अन्यथा में लिया होगा। उन्होंने कहा कि बेंच की तीखी टिप्पणियों को बार सामान्य रूप से सीख के रूप में स्वीकार करता है, जिससे अधिवक्ता की कार्यशैली में निखार और प्रैक्टिस में परिपक्वता आती है। इसके विपरीत, बेंच हर प्रकार के बाहरी दबाव से मुक्त होता है। ऐसे में, इस विवाद का सर्वमान्य और सौहार्दपूर्ण पटाक्षेप करने के लिए झारखंड राज्य बार काउंसिल तथा बार काउंसिल ऑफ इंडिया को आगे आना चाहिए। बेंच को भी उदारता दिखाते हुए अवमानना प्रकरण के समापन की दिशा में कदम उठाना चाहिए। सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार, यदि इस प्रकरण का पटाक्षेप शीघ्र नहीं होता है, तो झारखंड राज्य बार काउंसिल को पेशे की मयार्दा एवं सम्मान की रक्षा के लिए ठोस निर्णय लेना चाहिए।

## रवि समेत सभी जिलाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएँ : योधन नायक

**भुनेश्वर कुमार महातो ,**
**संवाददाता-समाज जागरण**

बेरमो / डुमरी : राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी के द्वारा संगठन विस्तार की दूसरी सूची जारी करेंग। कूल पाँच जिलाध्यक्ष मनोनीत किये गए , जिसमें रवि कुमार गुप्ता - बोकारो , सत्येन्द्र कुमार शर्मा - धनबाद , बलराम प्रसाद साहू - लातेहार , सुनील कुमार कुशवाहा - रामगढ़ एवं बिरेन्द्र कुमार साव - कोडरमा शामिल हैं। वही बोकारो



थर्मल से राजद नेता योधन नायक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इसके पहले भी कुछ जिलाध्यक्षों की घोषणाएं की गई थी और सभी अपने-अपने जिला में संगठन विस्तार हेतु बेहतर प्रयास कर रहे हैं । नायक ने यह भी बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी सभी जिला का दौरा एवं प्रवास करने के बाद सहमति उपरांत ही घोषणा करते हैं। उन्होंने बोकारो जिलाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता समेत सभी घोषित जिलाध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और विश्वास भी जताया कि दल हित में सभी बेहतर कार्य करेंगे।

## एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में आयोजित

### शहीदों के याद में पौधारोपण भी किया गया

**अभय कुमार मिश्रा,**
**दैनिक समाज जागरण,**
**ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) :- स्वदेशी जागरण मंच के तत्वधान में जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख सह कार्यक्रम के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में दीपावली से पूर्व संध्या "एक दिया शहीदों के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया' सचिव अमित सिंह देव उपाध्यक्ष बाबू मिश्रा, कोषाध्यक्ष रश्मि साहू, शरदेंदु शेखर, राजन साव, रमेश कुमार विवेक कुमार, अनिमेष कुमार एवं कमेटी के सभी सदस्यों का योगदान रहा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सी आरपीएफ 157 बटालियन के डिप्टी कमांडेंट सुनील कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि खादी ग्रामोद्योग बोर्ड (भारत सरकार) के केंद्रीय सदस्य कार्यक्रम के संरक्षक मनोज सिंह, सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर राजू रंजन सिंह,




एन सी सी लेफ्टिनेंट रंजीत ए के कुमार, अखिल भारतीय संघर्ष वाहिनी सह प्रमुख श्री बदे शंकर जी, कर्नल आर० पी० सिंह, निवर्तमान पार्षद सिद्धनाथ जी, पूर्व मुखिया प्रभा देवी, रमेश हसदा, हिमांशु सरकार समाजसेवी संतोष सिंह, जलेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह के साथ क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मंच पर दीप प्रज्वलित कर किया गया' मनोज सिंह ने कहा कि आयोजक मंडली के द्वारा सभी शहीदों को एक साथ श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का बेहतरीन मंत्र है' दीपावली समेत दैनिक जीवन में उपयोग के लिए स्वदेशी वस्तुओं का ही खरीदारी के लिए अपील। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी एक वैश्विक मुद्दा है इसे पारंपरिक हुनर के माध्यम से स्वरोजगार के द्वारा बहुत हद तक समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने गम्हरिया निवासी बृजमोहन शर्मा का उदाहरण देते हुए कहा कि इन्होंने अपने हुनर से अपना परिवार का भरण पोषण करते हुए अनेकों सैलून को संचालक हैं और 25-30 लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। बेरोजगारी को खत्म करने के लिए ऐसे ऐसे छोटे प्रयास की अति आवश्यकता है। बांदे शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र के साथ-साथ विश्व का सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। कालांतर में भारत विश्व गुरु था हमें फिर से विश्व गुरु बनाना है इसके लिए स्वरोजगार स्वदेशी और स्वावलंबन तीनों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि हमारा देश तीन तरफ से दुश्मनों से घिरा है हमें बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की भी आवश्यकता है जिसमें प्रत्येक देशवासियों की भूमिका होनी चाहिए उन्होंने लोकतंत्र का महापर्व को देखते हुए सभी से अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। मंच संचालन रश्मि साहू एवं सरदिंदु शेखर के द्वारा किया गया 'वहीं धन्यवाद ज्ञापन अमित सिंह देव ने किया 'इस मौके सुधीर कुमार सिंह, कैप्टन अनिल कुमार महतो, संतोष कुमार शर्मा, शशांक शेखर बाग, विष्णु चरण प्रामाणिक समेत काफी संख्या में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति विद्या भारती स्कूल, गम्हरिया (ग्रुप डांस), ग्राम उन्नयन मिशन स्कूल, सुधापुर (ग्रुप डांस) पीहू एंड ग्रुप छोटा गम्हरिया (ग्रुप डांस), मनीषा मोदक (सोलो डांस) प्रीशा झा (सोलो सॉन्ग), भारती कुमारी (सोलो सॉन्ग), सार्थक महतो (बांसुरी वादक), कलाकारों की प्रस्तुति को देखकर वंदे मातरम, भारत माता की जय, जय हिंद की जयकारों से पूरा दुर्गा मैदान गूंज उठा । सभी कलाकार एवं बच्चों को मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया' सभी ने मिलकर शहीदों के नाम दीया जलाया और उन्हें नमन किया।
मौके पर गम्हरिया के संयोजक विवेक कुमार, राहुल सिंह, संतोष प्रसाद, अनिमेष कुमार, सुनीता मिश्रा, दुलारी झां, पूनम देवी, रणवीर कुमार सिंह, राजन साह, बीर सिंह सरदार, विशाल मोदक, समेत काफी कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

## बिरसानगर में कार्तिक पात्रो के हाथों होगी मां काली पूजा पट का उद्घाटन

**संवाददाता परमबीर पात्रों**
**समाज जागरण**

जमशेदपुर : बिरसानगर जोन नंबर 4 स्थित निर्मल संघ में इस वर्ष भी मां काली पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह पूजा उमाकांत दास द्वारा स्थापित निर्मल संघ में कई दशकों से परंपरागत रूप से आयोजित होती आ रही है। इस वर्ष पूजा पंडाल का उद्घाटन 20 अक्टूबर 2025 (सोमवार) की संध्या 7 बजे किया जाएगा। उद्घाटन कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति के केंद्रीय संरक्षक एवं समाजसेवी श्री कार्तिक पात्रो के कर-कमलों से संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के वरीय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार दंडपाट उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वरीय लिपिक एवं कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति के केंद्रीय महासचिव श्री हरीश चंद्र भंज तथा

सम्मानित अतिथि के रूप में उसी संगठन के जिला अध्यक्ष श्री लक्ष्मण पात्रो (गुरुदेव) शिरकत करेंगे।
कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन समिति ने सभी भक्तजनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## घाटशिला उपचुनाव में नई बयार – टाइगर जयराम महतो ने उतारा रामदास मुर्मू को मैदान में,

**संवाददाता परमबीर पात्रो**
**समाज जागरण**

घाटशिला उपचुनाव ने झारखंड की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। इस बार झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने अपने युवा और संघर्षशील नेता टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में रामदास मुर्मू को प्रत्याशी बनाकर चुनावी मैदान में उतारा है। इस घोषणा के बाद से ही पूरे कोल्हान क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। रामदास मुर्मू को जनता के बीच एक जमीनी और संघर्षशील कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने प्रचार अभियान की शुरूआत गांव-गांव जाकर जनसंवाद से की है। उनका कहना है – यह चुनाव सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि स्वाभिमान और झारखंडी अस्मिता की रक्षा का चुनाव है।
उनकी सादगी और मुद्दा आधारित राजनीति ने युवाओं, किसानों और मजदूर वर्ग में नई ऊर्जा भर दी है। वहीं, झारखंड की राजनीति के चर्चित नाम टाइगर जयराम महतो इस चुनाव को जनसंघर्ष की राजनीति का




प्रतीक मान रहे हैं। उन्होंने कहा – यह उपचुनाव जनता के आत्मसम्मान और झारखंड की पहचान का सवाल है। अब समय है कि जनता खुद अपना भविष्य तय करे। उनकी रणनीति और जोश ने पार्टी कार्यकताओं में नया उत्साह पैदा किया है। इस उपचुनाव में एक और नाम जो लगातार चर्चा में है, वह है कोल्हान की शेरनी बेबी महतो।
बेबी महतो महिलाओं और युवाओं के बीच एक लोकप्रिय चेहरा बन चुकी हैं।लोगों को झारखंडी अस्मिता के प्रति जागरूक कर रही हैं।
उनका कहना है – यह संघर्ष झारखंड की मेहनतकश जनता और नारी शक्ति की आवाज है। हम अपने अधिकारों और सम्मान की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जयराम महतो, बेबी महतो और रामदास मुर्मू की यह तिकड़ी घाटशिला में नई राजनीतिक लहर पैदा कर रही है।
दूसरी ओर, पारंपरिक दल जैसे भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा इस सीट को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाकर पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

## हर वोट कीमती: नीतू नवगीत द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान

**समाज जागरण संवाददाता**

पटना।19 अक्तुबर 25 जिला निर्वाचन आयोग की स्वीप आइकॉन एवं प्रसिद्ध लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत ने रविवार को गांधी मैदान, कारगिल चौक, खादी मॉल तथा आसपास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।जनसमूह को संबोधित करते हुए नीतू नवगीत ने कहा कि मतदान महादान हैह्व। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद मतदान ही है, इसलिए हर मतदाता को अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत का फैसला कई बार एक वोट




से तय होता है, ऐसे में हर वोट देश और राज्य के भविष्य को दिशा देने वाला होता है।
नीतू नवगीत ने लोगों से अपील की कि वे मतदान के दिन घर से जरूर निकलें और पहले मतदान, फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदान केंद्र पर जाकर अपनी भूमिका निभाएं।इस अवसर पर राजेश केशरी, कुमार संभव, कपिल देव, हर्ष कुमार, शाजिया परवीन, अजीत कुमार, सोनू कुमार, सतीश कुमार, आरती कुमारी और मोहित कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।स्वीप कार्यक्रम के तहत यह अभियान आम मतदाताओं को जागरूक कर अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## चांडिल बाजार में फैली गंदगी से लोगों को राहत - समाजसेवी हरे लाल महतो ने स्वयं किया सफाई अभियान की शुरूआत

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: - चांडिल बाजार के तांती बांध के समीप सड़क किनारे फैली गंदगी से परेशान स्थानीय लोगों को आखिरकार राहत मिलने लगी है। कचरा उठाव की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण विगत एक महीने से क्षेत्रवासी और दुकानदार सड़क किनारे ही कूड़ा-कचरा फेंकने को मजबूर थे। बदबू और अस्वच्छ वातावरण के कारण न केवल स्थानीय लोग बल्कि सड़क से गुजरने वाले राहगीर भी परेशान थे।
लोगों द्वारा बार-बार मांग किए जाने के बावजूद न तो प्रशासन की ओर



से सफाई अभियान चलाया गया और न ही स्थानीय विधायक ने कोई संज्ञान लिया। ऐसे में आगामी दीपावली और छठ पर्व को देखते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं समाजसेवी हरे लाल महतो ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और स्वयं सफाई का बीड़ा उठाया। शनिवार को हरे लाल महतो ने निजी स्तर पर जेसीबी मशीन की मदद से तांती बांध के समीप सड़क किनारे की सारी गंदगी की सफाई करवाई। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों और सहयोगियों के साथ बाजार क्षेत्र में फैले कचरे को हटाया और लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। हरे लाल महतो ने कहा कि, यह कार्य प्रशासन और स्थानीय विधायक की जिम्मेदारी है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि जिन्हें अपने कर्तव्यों का बोध होना चाहिए, वे मौन हैं। जनता की सुविधा के लिए हमें ही आगे आना पड़ता है। उन्होंने आगे बताया कि दीपावली और छठ जैसे बड़े पर्वों को ध्यान में रखते हुए चांडिल बाजार में निजी स्तर पर सफाई अभियान की शुरूआत की गई है, ताकि त्योहार के समय बाजार स्वच्छ और आकर्षक दिख सके। स्थानीय लोगों ने हरे लाल महतो के इस कदम की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि प्रशासन भी अब इस दिशा में स्थायी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

# तहसील सहावर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित, जिलाधिकारी ने कहा – शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता

**समाज जागरण संवाददाता अजय यादव / मुनन अहमद,**

कासगंज-सहावर जिलाधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को तहसील सहावर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आम जनमानस की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को उनके त्वरित, गुणवत्तापरक और निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि – "शिकायतों का शीघ्र और पारदर्शी निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले और किसी प्रकार की लापरवाही न हो।"

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में बिजली बिल की अधिक धनराशि, पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनाने, भूमि विवाद, अवैध कब्जा हटवाने, उत्पीड़न व आपसी विवाद जैसी समस्याएं



शामिल रहीं।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का प्रभावी एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन का शासन-प्रशासन में विश्वास बना रहे।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल, उपजिलाधिकारी सहावर सुरेंद्र नारायण त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी न्यायिक, डीपीआरओ, डीएसओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, सीओ शाहिदा नसरीन, तहसीलदार संदीप चौधरी, स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. मकसूद आलम, विकास खंड अधिकारी चरण सिंह, अवर अभियंता कमलेश कुमार, नगर पंचायत अधिकारी अजय निषाद, तथा थाना प्रभारी चमन गोस्वामी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दो अभियुक्त असलहा सहित पकड़े

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से असलाह बरामद किए है।

थाना दक्षिण ने पुलिस बल ने चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो



को मुस्ताबाद परमेश्वर गेट चौराहा से पकड़ा है। पुलिस पकड़े गए अभियुक्तों के नाम अर्जुन पुत्र राजू निवासी रामनगर पुलिस चौकी वाली गली रामनगर थाना लाइनपार तथा सोनू पुत्र नारायन निवासी नगला पचिया थाना दक्षिण बताया है।

अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर, तीन जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किए है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर दोनों के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनो को जेल भेजा है।

# 24 अक्टूबर को शाहजहांपुर में होगा 'मिठास मेला' – गन्ना किसानों को मिलेगी नई वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी

समाज जागरण ब्यूरो, कासगंज 18 अक्टूबर 2025: उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर द्वारा आगामी 24 अक्टूबर 2025 को प्रदेश स्तरीय किसान मेला 'मिठास मेला' का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य शरदकालीन गन्ना बुवाई को प्रोत्साहित करना एवं गन्ने के साथ अंतःफसल खेती अपनाकर कृषकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

गन्ना शोध परिषद के निदेशक महोदय के अनुसार, इस अवसर पर परिषद के वैज्ञानिकों द्वारा गन्ना उत्पादन की नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों पर जीवंत शोध प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें किसानों को नवीन उन्नत गन्ना किस्मों, बुवाई विधियों, पेड़ी प्रबंधन, सिंगल बड नर्सरी, अंतःफसली खेती, गन्ने में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त मेले में गन्ना खेती से संबंधित कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। किसानों को को.शा.18231 एवं को.शा.19231 किस्मों के मिनी सीड किट वितरित किए जाएंगे – विशेषकर उन्हें जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन बुकिंग कराई थी। 'मिठास मेला' में रसायन-मुक्त गुड़, जैव उत्पाद एवं कृषक उपयोगी साहित्य भी बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे। मेले के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिकों के व्याख्यान और कृषक-वैज्ञानिक संवाद संगोष्ठी का भी आयोजन होगा, जिससे किसानों को गन्ना उत्पादन में नई तकनीकों और नवाचारों का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। यह मेला प्रदेश भर के गन्ना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा, जहां उन्हें गन्ना उत्पादन के आधुनिक और टिकाऊ उपायों की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त होगी।

# सावधानी ही सुरक्षा – साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए मिशन शक्ति के तहत चला जनजागरूकता अभियान

समाज जागरण ब्यूरो, कासगंज 18 अक्टूबर 2025: उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित "मिशन शक्ति अभियान फेज-05" के अंतर्गत कासगंज पुलिस द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक / नोडल अधिकारी कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों ने गांव, कस्बों, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर



जाकर लोगों को विशेष रूप से साइबर अपराधों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड के कारणों, बचाव के उपायों और साइबर अपराधों से सुरक्षा के तरीकों की जानकारी दी। टीम ने लोगों को बताया कि –

**"सावधानी ही है, साइबर फ्रॉड से बचाव का प्राथमिक उपाय।"**

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो उसे तुरंत अपनी बैंक या पुलिस से संपर्क करना चाहिए, अथवा साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कर अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम में महिला एवं बालिकाओं को स्वस्थ संबंधों की समझ, न्यायिक कानूनों के सही उपयोग, और झूठे मुकदमों के दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही साइबर हिंसा, प्रेम संबंधों में घर से पलायन न करने, और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों व कानूनी अधिकारों के विषय में भी जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता का वातावरण बनाना है ताकि हर महिला और बालिका आत्मविश्वास के साथ जीवन जी सके।

# अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण – महिला सुरक्षा और स्वच्छता पर दिए विशेष निर्देश

समाज जागरण ब्यूरो, कासगंज 18 अक्टूबर 2025 : मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार गंगा प्रसाद ने जिला अस्पताल स्थित वन स्टॉप सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध संसाधनों की बारीकी से जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला पीड़िताओं के लिए बनाए गए आवासीय कक्ष, शौचालय, पेयजल व्यवस्था एवं वेंटिलेशन की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।



**निरीक्षण के प्रमुख बिंदु**

केंद्र की साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की गई।

महिलाओं के रहने के स्थान, बिस्तर और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई।

परामर्शदाताओं, सहायिकाओं और कर्मचारियों से बातचीत कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली गई।

रिकॉर्ड रजिस्टर, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया और आपातकालीन सहायता प्रणाली की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि केंद्र में प्रतिदिन साफ-सफाई, शुद्ध जल की उपलब्धता और पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जाए।

महिलाओं के आवासीय कमरों में सुविधा, सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने के साथ ही रात्रि सुरक्षा हेतु पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सहानुभूतिपूर्ण वातावरण में रखा जाए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर आँचल चौहान, थानाध्यक्ष महिला थाना श्रीमती शांति देवी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थानेदार ने खरीदे सारे दीए, अम्मा का धनतेरस बन गया खास

हापुड़, उत्तर प्रदेशः धनतेरस के दिन अम्मा के घर पर एक भी मिट्टी



का दीया नहीं बिका। लेकिन थानेदार विजय गुप्ता ने पूरे स्टाल के दीए खरीदकर अम्मा का धनतेरस खुशियों भरा बना दिया। यह छोटी सी पहल न केवल अम्मा के लिए खुशियों का कारण बनी, बल्कि समाज में मानवता और अपनत्व की भावना को भी उजागर किया।

## आईवी इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! आईवी इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को दीपावली का पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक दीपों और सुंदर रंगोलियों से सजाया गया था।



सभी के आकर्षण का केंद्र प्री प्राइमरी के रंग-बिरंगे पोशाक में आए बच्चे रहे। सभी कक्षाओं में विभिन्न प्रकार की दीपावली प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें कक्षा 1 में कैंडल मेकिंग, कक्षा 2 में स्वास्तिक मेकिंग, कक्षा 3 में दीया डेकोरेशन, कक्षा 4 लालटेन मेकिंग,कक्षा 5 शुभ लाभ मेकिंग,कक्षा 6 में बाल हैंगिंग, कक्षा 7 में दिया मेकिंग,कक्षा 8 में बंधन बार मेकिंग,कक्षा 9 एवं 10 में पूजा थाली डेकोरेशन,कक्षा 11 एवं 12 में रंगोली मेकिंग प्रतियोगिताएं कराई गई । जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया ।

छात्रों के द्वारा विद्यालय में बहुत ही मनमोहक रंगोलिया बनाई गई । बच्चों के द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं फुलझड़ियां चलाकर एक दूसरे को बधाई देकर दीपावली का उत्सव मनाया गया ।

प्रधानाचार्या डॉ.नंदिनी यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे पटाखों से दूर रहें और हरित दीपावली मनाकर पर्यावरण की रक्षा करें।

विद्यालय परिसर में पूरे दिन उल्लास, उमंग और प्रकाश का माहौल छाया रहा।

# नेतृतत्व क्षमता और बड़ी सोच ही राजनीति के क्षेत्र में मार्गदर्शन करती है: मनोज धामा

**समाज जागरण**

लोनी, 18 अक्टूबरः राजनीतिज्ञ विद्वानों और मेरे आजतक के अनुभव का मानना है कि इस क्षेत्र में लंबा सफर तय करने के लिए राजनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व की क्षमता का होना जरूरी है, ऐसे गुणों वाले व्यक्ति ही राजनीतिक पटल पर कामयाब होते हैं. वर्तमान में भी ऐसे गुण देश-प्रदेश के कई नेताओं में महसूस किए जा सकते हैं. यह बात राजनैतिक परिपेक्ष में हुई बातचीत के दौरान लोनी नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा ने कहीं हैं. गौरतलब हैं कि राजनीति के साथ-साथ एक समाजसेवी के रूप में भी अच्छी खासी पहचान रखने वाले मनोज धामा एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी है जिन्हे क्षेत्र में अपने स्वयं के सबसे बड़े वोट बैंक का मालिक माना जाता है।

बातचीत का कर्म आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर के बदलते राजनीतिक माहौल का ही नतीजा है जो उन्होंने विगत दिनों अपने सैकड़ो समर्थकों सहित भाजपा को छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल का दामन थाम लिया है. यह उनकी ईमानदार छवि, निष्ठावान कार्य प्रणाली एवं समर्पण भाव का ही नतीजा है जो शीर्ष पदाधिकारियो की नजर में वह एक सम्मानित स्थान रखते हैं. और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर ही आज उनकी धर्मपत्नी लोनी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष है.

इसी बीच मौका मिलते ही जब उनसे जन सेवा और राजनीति परिपेक्ष में सवाल किया तो उन्होंने कहा कि आर्थिक संपन्नता भले ही राजनीति का मार्ग प्रशस्त कर दे, लेकिन लंबी राजनीतिक पारी के लिए नेतृत्व क्षमता और बड़ी सोच ही व्यक्ति को आगे लेकर जाती है. आजकल इस सारे परिदृश्य में जो बात समाज के लिए सबसे अधिक हानिकारक सिद्ध होती है, वो ये है कि इन राजनीतिक निवेशकों के चक्कर में जनता विशुद्ध राजनीतिक गुणों से परिपूर्ण और कई अनुभवी नेताओं को खो देती है जिसका एहसास जनता को कुछ ही समय के बाद होने भी लगता है. समाज सेवा का गुण और समाज सेवा करने वाला व्यक्ति समाज और देश के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है. उन्होंने कहा मैं एक समाज सेवी को एक राजनीतिज्ञ से अधिक ऊंचे दर्जे का इंसान मानता हूं. इनका एक-दूसरे के साथ कोई मुकाबला नहीं है. हलाकि राजनीति को भी सेवा का एक साधन माना जाता है, इसके लिए मैं राजनीति के नाम पर जनता के साथ ठगी करने वाले लोगों से दूर रहकर एक-एक कदम फूंक-फूंक कर रखने का प्रयास करता हूं. एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व चाहे किसी के हाथ में हो वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और निर्णयों का निर्धारण हो, भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया जाना चाहिए कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है '

## बैठक हुई संपन्न ग्राम सेवानपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पेंशन खुली बैठक

**समाज जागरण**

सहावर ग्राम पिठनपुर विकास खंड सहावर जनपद कासगंज की खुली बैठक पूर्व में जारी एजेंडा एवं जिला प्रशासन के निदेर्शानुर कंपोजिट विद्यालय सेवनपुर पर प्रधान जमिल अहमद की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में संचारी रोग अभियान पर विस्तार से चर्चा की गई तथा बताया गया कि किस प्रकार गंदगी एवं अशुद्ध पेयजल से बीमारियां जैसे टाइफाइड मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया फैलती है जो कई बार प्राण घातक भी हो जाती है अतः संचारी अभियान में जनसहभागिता करते हुए इसे सफल बनाए ।

बैठक में मिशन शक्ति 5.0 पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा सरकार द्वारा महिलाओं को शसक्त आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी बनाने वाली योजनाओं पर प्रकाश डाला गया ।विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090 181 1098 108 1076 112 पर प्रकाश डाला गया तथा जरूरत पड़ने पर इनका लाभ लेने हेतु जनता को प्रेरित किया गया ।

बैठक में आगामी वित्त वर्ष की कार्य योजना बनाने हेतु जी पी डी पी पर विस्तार से चर्चा की गई तथा बताया गया कि आगामी वर्ष हेतु कार्य योजना को अंतिम रूप माह दिसंबर की बैठक की बैठक में दिया जाएगा ।कोई भी नागरिक स्वयं उपस्थित होकर अथवा ऑन लाइन प्रस्ताव भी दे सकता है ।

इसके अलावा इस बैठक में सचिव ग्राम पंचायत श्री आर डी यादव ने प्रधान मंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना विधवा पेंशन वृद्धा



पेंशन मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह किसान सम्मान निधि ।फैमिली आई डी विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना हेतु ऑन लाइन सुझाव देने हेतु भी जनता को प्रेरित किया गया ।तथा दीपोत्सव का त्योहार प्रेम भाईचारे और शांति से मनाने का आह्वान किया ।

बैठक में ग्राम प्रधान जमील अहमद सचिव आ डी यादव रोजगार सेवक शकील खान महिला मेठ रजिया सुल्तान आंगनवाड़ी शबाना बेगम प्रधान अध्यापक धर्मेंद्र शर्मा सहायक अध्यापक सलीम खान राणा बानो सहायक विकास अधिकारी की ओर से पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे । बैठक के अंत में प्रधान जमील अहमद ने सभी को धन्यवाद दिया तथा दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की

## खेत पर महिला को पीटा पुत्र को बनाया बंधक ग्राम प्रधान सहित चार लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**समाज जागरण**

सहावर क्षेत्र के गांव परतापुर में खेत पर महिला की पिटाई कर दी गई। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पुत्र को बंधक बना लिया। महिला का आरोप है आरोपियों ने 20 हजार रुपये की नकदी लेकर उसके पुत्र को छोड़ा। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। सहावर क्षेत्र के गांव परतापुर निवासी महिला राजवती का आरोप है कि उसका विवाद जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर गांव के ही ग्राम प्रधान संजय से चल रहा है।

महिला राजवती का आरोप है कि वह 11 अक्तूबर को अपने पुत्र डेविड के साथ अपने दूसरे खेत पर कार्य कर रही थी। तभी आरोपी ग्राम प्रधान संजय दो अन्य लोगों के साथ पहुंच गया और गाली गलौज करने लगे।

**विरोध करने पर उसके साथ पिटाई कर दी। जब उसके पुत्र ने** बचाने का प्रयास किया तो उसे आरोपियों ने बंधक बना लिया। महिला का आरोप है कि पुत्र को छोड़ने के एवज में महिला से 20500 रुपये लिए हैं। 15 अक्तूबर को फिर से उसे धमकी दी गई। जिस पर महिला ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ सहावर शाहिदा नसरीन ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में 11 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन जसराना तहसील में किया गया, इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ कानून व्यवस्था से जुडे लोग भी मौजूद रहें, जिलाधिकारी ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में आए हुए शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें, जहां पर जरूरत हो, वहां पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मामलें के निस्तारण का भी प्रयास किया जाए, अगर कोई शिकायत लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित है, तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी त्वरित पात्र लाभार्थी की जांच कराकर उसकी पात्रता के आधार पर उसको तुरंत लाभ दिलाया जाए, जिलाधिकारी के समक्ष इस दौरान जो भी समस्याऐं आयीं, जिलाधिकारी ने उनमें से कुछ का त्वरित निस्तारण किया और शेष का आगे चलकर निस्तारण करने का आश्वासन दिया, इस प्रकार जिलाधिकारी के समक्ष मौके पर 72 शिकायत आई और 11 का निस्तारण त्वरित किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कानून व्यवस्था, राजस्व और



लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित सबसे अधिक शिकायतें आईं। इनमें से एक प्रार्थिनी सरला देवी ने जो नगला केवल की निवासनी है ने शिकायत की की कुछ दबंग उनके बैनामाशुदा भूमि से जबरिया बेदखल कर रहें है, जिलाधिकारी से प्रार्थनी ने कहा कि वह मेहनत, मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण कर रही है, उसकी छोटी सी भूमि उसकें जीवन का आधार है, उसके साथ न्याय किया जाए, जिलाधिकारी ने इस पर नायब तहसीलदार और एस एच ओ की संयुक्त टीम बनाकर सम्पूर्ण मामले की छानबीन करने के निर्देश दिए जिससे, उसके साथ न्याय हो सके, इसी तरह से जिलाधिकारी के समक्ष कई शिकायतें आईं जिसको जिलाधिकारी ने गम्भीरतापूर्वक सुनकर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## ब्राह्मण महासभा ने 1000 दीपक जलाकर मनाया दीपोत्सव

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत द्वारा अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में जिला ब्राह्मण महासभा के कार्यालय भगवान परशुराम शिविर रामलीला ग्राउंड फिरोजाबाद पर धनतेरस के पावन पर्व पर 1000 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। उसके पश्चात भगवान का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा ने कहा कि इस पावन पर्व पर हम सभी को मिलजुल कर प्रभु की आराधना करनी चाहिए तथा उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष महिला पंडित मिथिलेश शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा गुड्डा (महानगर अध्यक्ष), पंडित लवली मिश्रा, पंडित लक्ष्मी उपाध्याय, पंडित नीमा उपाध्याय, पंडित दिनेश वशिष्ठ,



पंडित विकास दुबे, पंडित लक्ष्मण तिवारी, पंडित संजय पाराशर लंकेश, पंडित सुनील वशिष्ठ, पंडित राघवेंद्र शर्मा टैनी, पंडित संजय प्रताप सिंह शर्मा ,पंडित आशीष दीक्षित, पंडित तरुण उपाध्याय, पंडित अश्वनी शर्मा,पंडित कमलेश शर्मा, पंडित प्रदीप शर्मा, पंडित विकास लहरी, पंडित रीना शर्मा, पंडित प्रशांत वशिष्ठ कान्हा, पंडित मुक्ति शर्मा, पंडित महेश चंद शर्मा छिंगा, पंडित राकेश राजोरिया आदि लोग उपस्थित थे।

## एम डी जैन इंटर कॉलेज में मनाया गया दीपावली मेला

**समाज जागरण**

सिरसागंजः- नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में दीपावली मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राथमिक अनुभाग के नितिन जैन एवं माध्यमिक की मातृ शक्ति के मार्गदर्शन में बच्चों ने आकर्षक दीपकों को सजावट करके प्रदर्शित किया। नीरज कुमार जैन ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बच्चों के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

अश्वनी कुमार जैन ने सभी बच्चों के दीपकों में किए गए कार्य की सराहना करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सभी बच्चों के दीपकों का मूल्यांकन सत्यपाल सिंह, शैलेन्द्र कुमार जैन, श्रीमती सुकीर्ति चतुवेर्दी,साधना मोडवेल, प्रीती जैन, एवं सारिका कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया। जिसमे प्राथमिक विभाग के सृस्टि, अंकित, आर्यिका, आलिया, पल्लवी एवं माध्यमिक विभाग की छवि, तान्या जैन, शिवांगी, आराध्या, नव्या, रिहान, पलक को सर्वश्रेष्ठ दीपक बनाने के लिए पुरस्कार प्रदान करके




सम्मानित किया गया। इसी के साथ सभी 178 बच्चों को भी विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संजय कटारा, संजीव जैन, सुनील जैन, राजीव जैन, परेश जैन, अंजय जैन, प्रशांत जैन,दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, रामगोपाल, धीरज जैन, अमित जैन, निर्भय जैन, शिव कुमार सिंह, योगेश श्रीवास्तव, अमित कुमार जैन, विपुल जैन, विष्णुमणि, मनोज शाक्य, डॉ स्वाती जैन, रंजना जैन, ज्योति जैन, अंजली जैन, सरिता जैन, कीर्ति जैन आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

आप सभी देशवासियों को छोटी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# बहादुरगंज से एनडीए समर्थित लोजपा उम्मीदवार मो कलीमुद्दीन ने भरा नामांकन- कहा जनता के आशीर्वाद से विकास का नया अध्याय लिखेंगे

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिला के बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी मो कलीमुद्दीन ने निवार्ची पदाधिकारी अजय कुमार के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रत्याशी मो कलीमुद्दीन ने कहा कि बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 सालों से विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने वर्तमान विधायक पर विकास के मुद्दे पर विफल रहने का आरोप लगाया। कलीमुद्दीन ने कहा कि जनता बदलाव चाहती है क्योंकि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने अपने चुनावी एजेंडे में बुनियादी ढांचे के विकास, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को प्राथमिकता देने की बात कही।

उन्होंने कहा बहादुरगंज के सर्वांगीण विकास, युवाओं के रोजगार और क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा - यह चुनाव जाति या धर्म का नहीं, विकास और ईमानदारी की राजनीति का है। जनता के आशीर्वाद से हम बहादुरगंज को विकास के रास्ते पर अग्रसर करेंगे। नामांकन के साथ ही क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और चुनावी समीकरण नए सिरे से बनते दिख रहे हैं।

# भाजपा पार्टी से किशनगंज विधानसभा क्षेत्र से स्वीटी सिंह ने नामांकन पर्चा किया दाखिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




किशनगंज विधानसभा विधानसभा क्षेत्र 54 से बीजेपी पार्टी से प्रत्याशी स्वीटी सिंह ने शनिवार को अनुमंडल कार्यालय निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद जब बाहर निकली तो बीजेपी कार्यकताओं एवं समर्थकों ने फूल-मालाओं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे, समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया।

इस अवसर उन्होंने खगड़ा कालू चौक स्थित काली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में स्वीटी सिंह ने क्षेत्र के विकास को अपनी मुख्य प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य एनडीए सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना है। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों से एकजुट होकर उन्हें समर्थन देने की अपील की। स्वीटी सिंह ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, बिहार में एनडीए की सरकार होने के बावजूद किशनगंज में कोई एनडीए विधायक नहीं है, जिसके कारण विकास कार्य बाधित हैं। उन्होंने सड़कों की खराब हालत का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़कों की पहचान करना मुश्किल है।

उन्होंने वादा किया कि, यदि वह चुनी जाती हैं, तो सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर विशेष ध्यान देंगी। स्वीटी सिंह ने कहा कि वह जनता की आवाज बनकर उनकी समस्याओं को विधानसभा में उठाएंगी और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाएंगी।

उनके समर्थकों ने नारेबाजी के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। नामांकन के बाद स्वीटी सिंह ने मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करने की बात कही। किशनगंज विधानसभा में इस बार मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है।

# बहादुरगंज से आम आदमी पार्टी प्रत्याशी मासूम रजा ने नामांकन पर्चा किया दाखिल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



बहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मासूम रजा ने शनिवार को किशनगंज अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने के बाद जब बाहर निकले तो उनके समर्थकों ने फूलों की माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। समर्थकों में एक खास उत्साह देखा गया।

प्रत्याशी मासूम रजा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पारदर्शी राजनीति, जनसेवा और विकास के मुद्दे पर चुनाव मैदान में उतरे हैं, क्षेत्र की जनता परिवर्तन चाहती है, और वे आम लोगों की आवाज बनकर ईमानदार राजनीति की नई शुरूआत करेंगे। रजा ने भरोसा जताया कि बहादुरगंज की जनता इस बार विकास, शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर मतदान करेगी, न कि जात-पात और छलावे की राजनीति पर। उन्होंने कहा मेरी पहली प्राथमिकता बहादुरगंज का विकास ही होगा और बहादुरगंज में शिक्षा बेरोजगारी बदहाल पर है जिसे सर्वप्रथम मै पहले ठीक करूंगा।

# निजी अस्पताल में लापरवाही उजागर: स्वास्थ्य विभाग की जांच में गंभीर त्रुटियां, अस्पताल सील

**महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ पर प्रशासन सख्त, दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

। जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत नबी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, एलआरटीपी चौक पर स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। डॉ. नसीर आलम एवं डॉ. आलम द्वारा संचालित इस निजी अस्पताल में श्रीमती मेह्राज बेगम के ईलाज में गंभीर लापरवाही सामने आई, जिसके कारण मरीज के पति शमसाद आलम को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिकायत के बाद सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी के निर्देश पर गठित त्रिस्तरीय जांच टीम ने जांच कर अस्पताल की गतिविधियों को अवैध एवं लापरवाह पाया।

**जांच में खुलासा: बिना अनुमति के संचालित हो रहा था अस्पताल**

त्रिस्तरीय जांच दल की रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि नबी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बिना वैध अनुमति के संचालित हो रहा था। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि मरीज के उपचार में चिकित्सकीय प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया और चिकित्सकों द्वारा अत्यधिक लापरवाही बरती गई। जांच दल ने इस आधार पर कार्रवाई की अनुशंसा की।सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी निजी संस्थान बिना पंजीकरण या अनुमति के संचालित पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन की तत्परता से अस्पताल हुआ सील**

जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बहादुरगंज के साथ अंचलाधिकारी, बहादुरगंज एवं थाना प्रभारी बहादुरगंज की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया। कांड संख्याझ 407/2025 के तहत थाना बहादुरगंज में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि**

जिलाधिकारी विशाल राज ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और मरीजों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी निजी संस्थान द्वारा मानव जीवन से खिलवाड़ को सरकार सख्ती से देखेगी। जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि जिले के सभी निजी क्लीनिकों एवं नर्सिंग होम की जांच कर लाइसेंस की वैधता सुनिश्चित की जाए।

**प्रभावित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा**

प्रशासन ने श्रीमती मेह्राज बेगम और उनके पति श्री शमसाद आलम को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी ताकि भविष्य में किसी भी मरीज को निजी संस्थानों की लापरवाही का शिकार न होना पड़े।

**जिले में निजी अस्पतालों की जांच तेज**

सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने बताया कि इस घटना के बाद जिले के सभी निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम की जांच का आदेश जारी कर दिया गया है। सिविल सर्जन कार्यालय ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिना अनुमति या पंजीकरण वाले संस्थानों की पहचान कर त्वरित रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भेजें। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुनजिम ने कहा कि नबी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, बहादुरगंज में सामने आए इस लापरवाही प्रकरण ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी प्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। प्रशासन की सख्त कार्रवाई से संदेश साफ है– अब किसी भी मरीज के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# सीएम योगी के नेतृत्व में अयोध्या बनेगी विश्व की दीप नगरी

**-कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में 33 हजार वालंटियर्स रचेंगे इतिहास**

**-56 घाटों पर सजे 28 लाख दीए, घाट संख्या-10 पर 80 हजार दीयों से स्वास्तिक का आकार**

**-वालंटियर्स को दिए विशेष दिशा-निर्देश, सूती वस्त्रों में ही करेंगे दीयों का प्रज्वलन**

**-भोजन, परिवहन और समन्वय की चाक-चौबंद व्यवस्था**

अयोध्या, ।मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रामनगरी अयोध्या इस बार दीपों की ऐसी अलौकिक आभा में नहाएगी, जो पूरी दुनिया के लिए मिसाल बनेगी। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में दीपोत्सव-2025 को ऐतिहासिक स्वरूप देने की तैयारी पूरी हो चुकी है। इस आयोजन में 33 हजार वालंटियर्स की भूमिका अहम रहेगी, जो 26 लाख 11 हजार एक सौ एक दीयों को प्रज्वलित कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे।

**विश्वविद्यालय व प्रशासन की संयुक्त पहल से गूंजी रामनगरी**

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी घाटों पर दीये बिछाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने स्वयं घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उनका कहना है कि यह दीपोत्सव अलौकिक और अविस्मरणीय होगा। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या से समता और समरसता का संदेश पूरे विश्व में पहुंचेगा। 56 घाटों पर जगमगाएंगे दीये, 75 सदस्यीय टीम कर रही गणना सरयू तट के 56 घाटों पर विश्वविद्यालय की 2,000 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 28 लाख से अधिक दीए बिछाए जा चुके हैं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम द्वारा घाटवार दीयों की गणना की जा रही है। घाट संख्या-10 पर विश्वविद्यालय के वालंटियर्स ने 80 हजार दीयों से स्वास्तिक का विशाल प्रतीक बनाकर शुभता का संदेश दिया है। सुरक्षा और अनुशासन पर विशेष ध्यान, वालंटियर्स को दिए दिशा-निर्देश घाटों पर बिना पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) के प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी वालंटियर्स सूती परिधान में ही घाटों पर उपस्थित रहेंगे। दीयों में तेल भरने के लिए प्रत्येक वालंटियर को एक लीटर सरसों तेल की बोतल दी जाएगी। तेल डालने और बाती प्रज्वलित करने के लिए विशेष सावधानी बरती जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि हर घाट पर निर्धारित संख्या में कैंडल, माचिस और प्रज्वलन सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। भोजन, परिवहन व समन्वय की भी पुख्ता व्यवस्था दीपोत्सव स्थल पर सभी वालंटियर्स व पदाधिकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। यह प्रबंधन प्रो. हिमांशु शेखर सिंह के नेतृत्व में प्रो. प्रवीन राय, डॉ. रामजी सिंह और डॉ. अनुराग तिवारी की टीम द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय से घाटों तक 5 दर्जन बसों द्वारा वालंटियर्स को भेजा जा रहा है। यातायात समिति के संयोजक प्रो. अनूप कुमार ने बताया कि सभी टीमों को समय से राम की पैड़ी पहुंचाया जा रहा है ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके। विश्व रिकॉर्ड की ओर अयोध्या, जगमगाएगी सरयू तट की 56 घाटों की श्रृंखला दीपोत्सव के दिन, 19 अक्टूबर को अयोध्या सरयू तट का हर घाट राममय होगा। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने विश्वास जताया है कि इस बार का दीपोत्सव "अद्भुत, आलौकिक और अविस्मरणीयह्व बनेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या एक बार फिर विश्व पटल पर अपनी सांस्कृतिक पहचान का दीप जलाने जा रही है।

# अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड टूटा, इस वर्ष संख्या 23 करोड़ पार


**- दीपोत्सव ने बढ़ाई अयोध्या की भव्यता, बढ़ने लगी पर्यटकों की संख्या**

**- सीएम योगी के विजन के अनुरूप राम नगरी में बढ़ी सुविधाएं, हर बार से ज्यादा लोग पहुंचे**

**- 2025 में जून तक 23,81,64,744 भारतीय और 49,993 विदेशी श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे**

**- स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर खोल रहे देसी-विदेशी पर्यटक**

**- साल दर साल बढ़ता ही जा रहा धार्मिक पर्यटकों के आने का सिलसिला**





**समाज जागरण**

अयोध्या, : योगी सरकार इस साल अयोध्या में सरयू तट पर नौवां दीपोत्सव मनाने जा रही है। राम मंदिर के अलावा यहां पिछले 8 साल से हर वर्ष आयोजित हो रहे दीपोत्सव के कारण अयोध्या की भव्यता और बढ़ गई है। दीपोत्सव ने देश-विदेश में अयोध्या का आकर्षण बढ़ा दिया है। यही कारण है कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं ही विदेशियों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में बढ़ गई है। साल दर साल बढ़ती जा रही पर्यटकों की संख्या अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है। इस बीच यहां 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। इस प्रकार वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के दूसरे वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,95,63,159 लोगों ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 38,321 विदेशी मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली। इस साल 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 सैलानी अयोध्या पहुंचे। वहीं वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 31 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 1,57,43,390 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए। इसी क्रम में वर्ष 2022 में 2,39,09,014 भारतीय एवं 1465 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। कुल मिलाकर 2, 39, 10,479 पर्यटक अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। वर्ष 2023 में भारतीय 5,75,62,428 और 8468 विदेशी पर्यटक आए। इस तरह कुल 5,75,70,896 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए पहुंचे। इसके बाद 2024 में 16,43,93,474 भारतीय और 26048 विदेशी श्रद्धालु आए। इस तरह कुल 16,44,19,522 लोगों ने अयोध्या दर्शन किए। वहीं, 2025 में जनवरी से जून तक 23,81,64,744 भारतीय और 49,993 विदेशी समेत कुल 23,82,14,737 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए पहुंचे। नोट: यह जानकारी उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग लखनऊ द्वारा दी गई हैं।

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से बढ़े रोजगार के अवसर अयोध्या में देश ही नहीं विदेश से भी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से अयोध्या में रोजगार में भी तेजी से वृद्धि होने लगी है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। शानदार फोर लेन व सिक्स लेन सड़कों से अयोध्या जुड़ रही है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डा व रेलवे स्टेशन के अलावा तमाम अन्य सुविधाएं विकसित होने से अयोध्या पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

# अयोध्या में सरयू तट पर 2100 श्रद्धालुओं की भव्य महा आरती का हुआ अभ्यास

**- राम की पैड़ी पर लेजर, लाइट एंड साउंड और ड्रोन शो से सजेगी दीपोत्सव की शाम**

**- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के बाद 19 अक्टूबर को होगा मुख्य आयोजन**

**- तीन दिनों तक तकनीक और भक्ति का संगम बनेगी अयोध्या की राम की पैड़ी**

**- मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश दीपोत्सव में दिखे आधुनिकता और अध्यात्म का समन्वय**

अयोध्या, भव्य दीपोत्सव 2025 से पहले अयोध्या नगरी तैयारियों के अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में इस बार राम की पैड़ी और सरयू तट पर तकनीक और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि आज 18 अक्टूबर की शाम 6 बजे से सरयू आरती स्थल पर 2100 लोगों द्वारा महा आरती का अभ्यास किया गया। यह आयोजन दीपोत्सव की मुख्य संध्या के लिए एक झलक प्रस्तुत करेंगे। सरयू तट पर 2100 लोगों की भव्य महा आरती शाम 6 बजे से सरयू तट पर होने वाली यह महा आरती अयोध्या के सांस्कृतिक वैभव की झलक दिखाएगी। इसमें विभिन्न समाजों के लोग एक साथ दीप प्रज्वलित कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देंगे। इस दौरान आरती की गूंज पूरे तट को आध्यात्मिक वातावरण से भर देगी। राम की पैड़ी पर तकनीक और श्रद्धा का संगम इसके साथ ही राम की पैड़ी पर लेजर शो, प्रोजेक्शन लाइट एंड साउंड शो एवं ड्रोन शो का अभ्यास भी किया गया। यह शो इस बार दीपोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को तकनीकी रोशनी और ध्वनि के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे मुख्य आकर्षण जिलाधिकारी ने बताया कि 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के पश्चात, रात्रि लगभग 8:30 बजे से राम की पैड़ी पर इन तीनों कार्यक्रमों लेजर शो, लाइट एंड साउंड शो और ड्रोन शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर अयोध्या नगरी असंख्य दीयों की रौशनी में जगमगाएगी और सरयू तट से उठती भक्ति ध्वनि पूरे वातावरण को आलोकित करेगी।

20 अक्टूबर को भी होगा दिव्य आयोजन दीपोत्सव के उत्सव की निरंतरता बनाए रखने के लिए 20 अक्टूबर को शाम 7 बजे से भी राम की पैड़ी पर लेजर, लाइट एंड साउंड एवं ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को तीनों दिन अयोध्या के दिव्य स्वरूप का अनुभव प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दीपोत्सव के आयोजन में तकनीकी गुणवत्ता, सुरक्षा और सौंदर्य का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को इस दीपोत्सव के माध्यम से विश्व स्तर पर भक्ति, संस्कृति और आधुनिकता के अद्भुत मेल का प्रतीक बनाया जाए।

# पर्यावरण से भी 'शौर्य' गाथा कहेगी 'ब्रह्मोस'

**सीएम योगी के निर्देशन में ब्रह्मोस फैसिलिटी भटगांव के 30 एकड़ में विकसित की गई ग्रीन बेल्ट**

**ब्रह्मोस के एरिया में लगाए जा चुके 20 हजार पौधे**

**सीएम योगी के नेतृत्व में वन-पर्यावरण की इस पहल को रक्षा मंत्री ने भी सराहा**

**रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने रोपा रुद्राक्ष का एक-एक पौधा**





लखनऊ, : सिर्फ अपनी ही नहीं, बल्कि मित्र देशों के साथ खड़ा होकर उनकी रक्षा में सहयोगी भारत पर्यावरण से भी 'शौर्य' की नई गाथा लिखेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वन विभाग ने ब्रह्मोस फैसिलिटी भटगांव के 30 एकड़ में ग्रीन बेल्ट विकसित किया है। शनिवार को यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पौधरोपण किया। सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में वन-पर्यावरण की इस पहल की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सराहना की।

मुख्यमंत्री व रक्षा मंत्री ने रोपा रुद्राक्ष एक पेड़ मां के नाम- 2.0 के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक-एक रुद्राक्ष का पौधा भी रोपा। दोनों नेताओं ने 'शौर्य वन' का अवलोकन किया और यहां लगाए गए पौधरोपण की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने इसका स्वरूप और वृहद करने का निर्देश दिया।

ब्रह्मोस फैसिलिटी भटगांव के 30 एकड़ में विकसित की गई ग्रीन बेल्ट लखनऊ के प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के वन विभाग की तरफ से ब्रह्मोस फैसिलिटी भटगांव के 30 एकड़ में ग्रीन बेल्ट विकसित की गई है। ब्रह्मोस एरिया में शौर्य वन की स्थापना करते हुए 20 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। जमीन मिलने पर यहां और पौधरोपण भी किया जाएगा। 'शौर्य वन' भी लिखेगा सेना के साहस की कहानी श्री पांडेय ने बताया कि ब्रह्मोस फैसिलिटी भटगांव में शौर्य वन स्थापित किया गया है। इसे शौर्य नाम देने के पीछे का उद्देश्य ब्रह्मोस और ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारतीय सेना के शौर्य की कहानी को प्रदर्शित करना है। एक नजर *- ब्रह्मोस फैसिलिटी भटगांव: पौधरोपण -* कुल पौधरोपण: अब तक 20 हजार -* आम: लगभग 3-4 हजार पौधे -* नीम: लगभग 2 से 3 हजार पौधे -* आंवला: लगभग 2 से 3 हजार पौधे *मौलश्री, अमरूद, अर्जुन, शीशम - कुल लगभग 6-7 हजार पौधे इसके अलावा चारों तरफ से बांस के पौधे लगाकर इसे नया स्वरूप व सुरक्षित किया जा रहा है। यहां की लैंड स्केपिंग काफी आकर्षित है।

# आत्मनिर्भर भारत: रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश रक्षा गलियारे के अंतर्गत ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई

पाकिस्तान की हर इंच जमीन अब ब्रह्मोस की पहुंच में है: श्री राजनाथ सिंह "ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि जीत हमारी आदत बन गई है; हमें अपनी क्षमताओं को और बढ़ाना होगा" "हमें सभी प्रकार की स्वदेशी तकनीकें विकसित करनी होंगी ताकि हमारी आपूर्ति श्रृंखला भारत के अंदर ही बनी रहे"

रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करते हुए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने 18 अक्टूबर, 2025 को लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण सुविधा केंद्र में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे के एक प्रमुख घटक, इस अत्याधुनिक सुविधा का 11 मई, 2025 को रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया गया और पांच महीनों के अंदर, मिसाइलों की पहली खेप तैनाती के लिए तैयार हो गई।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह इस अवसर पर कहा कि ब्रह्मोस केवल एक मिसाइल नहीं, बल्कि राष्ट्र की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस मिसाइल में एक पारंपरिक वारहेड और एक उन्नत निर्देशित प्रणाली है और यह सुपरसोनिक गति से लंबी दूरी तक वार करने की क्षमता रखती है। गति, सटीकता और शक्ति का यह संयोजन ब्रह्मोस को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रणालियों में से एक बनाता है। यह हमारे सशस्त्र बलों की रीढ़ बन गई है। श्री राजनाथ सिंह ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस की भूमिका पर कहा कि इस मिसाइल ने यह साबित कर दिया है कि यह परीक्षण से कहीं आगे बढ़ चुकी है और राष्ट्रीय सुरक्षा का सबसे बड़ा व्यावहारिक प्रमाण बन गई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हर इंच जमीन अब ब्रह्मोस की पहुंच में है। ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि जीत हमारी आदत बन गई है और अब हमें अपनी क्षमताओं को और बढ़ाना होगा। यह ऑपरेशन तो बस एक ट्रेलर था। इसने पाकिस्तान को एहसास दिला दिया है कि आगे क्या हो सकता है।

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत उस मुकाम पर खड़ा है जहां वह अपनी सुरक्षा को मजबूत कर रहा है और दुनिया को दिखा रहा है कि वह रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय साझेदार है। ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों ने साबित कर दिया है कि मेड-इन-इंडिया अब एक नारा नहीं, बल्कि एक वैश्विक ब्रांड बन गया है। उन्होंने कहा कि चाहे फिलीपींस को ब्रह्मोस का निर्यात हो या भविष्य में अन्य देशों के साथ सहयोग, भारत अब सिर्फ.लेने वाले की नहीं, बल्कि देने वाले की भूमिका निभा रहा है। यही आत्मनिर्भर भारत की असली पहचान है, जिस विजन के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वर्ष 2014 में अपनी यात्रा शुरू की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने हमें एक ऐसे भारत का विजन दिया है जो पूरी तरह विकसित, आत्मनिर्भर हो और वर्ष 2047 तक दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हो। इस प्रयास में रक्षा क्षेत्र की भूमिका निर्णायक होगी।

श्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ब्रह्मोस टीम ने पिछले एक महीने में दो देशों के साथ लगभग 4,000 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में, कई देशों के विशेषज्ञ लखनऊ आएंगे, जिससे यह शहर ज्ञान का केंद्र और रक्षा प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनेगा। अगले वित्तीय वर्ष से ब्रह्मोस की लखनऊ इकाई का कारोबार लगभग 3,000 करोड़ रुपये होगा और जीएसटी संग्रह लगभग 500 करोड़ रुपये होगा।